* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

30 जनवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 100

WILD WAADI PARK
An Entertainment Hub
एशिया का
तीसरा सबसे बड़ा फ्लावर पार्क
अब रांची में

HAJAM ROAD, RANCHI (JH.)
Contact Now : 9304816880

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219,Jharkhand

Admission OPEN 2024-25
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
PHARMACY
D-PHARM
NURSING
ANM | GNM
POST | BASIC | B.SC.
BASIC | B.SC. | M.SC.
PARAMEDICAL
DRESSERS | DMLT | ECG
X-RAY | OPHTHALMIC
ASST. OT ASSISTANT
Separate Hostel For Boys & Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास और झारखंड भवन में इडी की दबिश

# सीएम ने इडी को 31 का दिया समय

- सत्तारूढ़ दलों के विधायकों को रांची में रहने का निर्देश
- हंगामे की आशंका को देख कर पुलिस चौकस
- मुख्य सचिव ने सभी विभागों के सचिव के साथ बैठक की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से एक बार फिर जमीन मामले में पूछताछ करना चाहती है। इडी ने पिछले दिनों इसके लिए हेमंत सोरेन को समन किया था। उन्हें 31 जनवरी तक जवाब के लिए समय निर्धारित करने को कहा गया था। इस बीच सोमवार को इडी ने हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास और झारखंड भवन में दबिश दी। इडी की टीम सुबह-सुबह दोनों जगह हेमंत से पूछताछ करने पहुंची, लेकिन वह वहां नहीं थे। इस बीच सीएमओ की तरफ से इडी को सोमवार को एक पत्र मिला है, जिसमें कहा गया है कि 31 जनवरी को इडी हेमंत सोरेन के आवास पर दोपहर एक बजे आकर पूछताछ कर सकती है। इस बीच राज्य में सियासी गहमागहमी बढ़ गयी। झामुमो और भाजपा के नेता एक-दूसरे पर शब्दों के वाण चला रहे। इधर झामुमो के कार्यकर्ता आक्रोशित हैं। उन्होंने सोमवार को राजभवन तक मार्च निकाल विरोध-प्रदर्शन किया। राज्य की स्थिति को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है।

### क्या है मामला

गौरतलब है कि इडी ने 20 जनवरी को सीएम हाउस में हेमंत सोरेन से करीब साढ़े सात घंटे पूछताछ की थी। तब एजेंसी ने उनसे सोर्स ऑफ इनकम और आयकर रिटर्न में दिये गये ब्योरे संबंधित सवाल किये थे। साथ ही जमीन से संबंधित सवाल किया था। इडी ने इसके बाद हेमंत को फिर समन करते हुए 31 जनवरी तक पूछताछ के लिए समय देने के लिए कहा था। हेमंत सोरेन ने इडी को पत्र लिखा था कि 31 जनवरी तक वह व्यस्त हैं, इसलिए बाद में समय देंगे। उसके बाद इडी ने पत्र भेज कर कहा कि वह 29-31 जनवरी को पूछताछ के लिए समय दें।

### सुबह 7.30 बजे पहुंचे इडी अधिकारी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार रात को विशेष विमान से दिल्ली गये थे। उनका सोमवार रांची वापस लौटने का कार्यक्रम था। इससे पहले सुबह करीब 7.30 बजे इडी अधिकारी हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास पर पहुंचे। वहां हेमंत सोरेन नहीं थे। इसके बाद इडी के अधिकारी झारखंड भवन और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के आवास पर गये। वहां भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नहीं मिले। सूत्रों के मुताबिक हेमंत सोरेन को ट्रेस करने के लिए उनके मूवमेंट के बारे में ड्राइवर से पूछताछ की गयी। सीएम के निजी ड्राइवर रवींद्र ने इडी की टीम से कहा कि हम कल और परसों दो दिन छुट्टी पर थे। इस बीच सोमवार दोपहर सीएमओ की तरफ से इडी को इ-मेल प्राप्त हुआ है। इसमें इडी को पूछताछ के लिए 31 जनवरी को मुख्यमंत्री आवास आने के लिए कहा गया है।

### बढ़ायी गयी सुरक्षा व्यवस्था

मुख्यमंत्री के दिल्ली आवास पर इडी अधिकारियों के पहुंचने की सूचना के साथ ही झारखंड में हलचल तेज हो गयी है। झामुमो के कार्यकर्ता रांची मं जुटने लगे हैं। रांची के मोरहाबादी मैदान में झामुमो के कार्यकर्ता जुटे। उन्होंने इडी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इडी और केंद्र सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। राज्य की स्थिति को देखते हुए सीएम हाउस, भाजपा कार्यालय, इडी कार्यालय समेत बड़े नेताओं के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। पुलिसकर्मियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गयी हैं। अतिरिक्त फोर्स को तैनात किया गया है।


दिल्ली में सीएम हेमंत सोरेन के आवास के बाहर मीडिया और पुलिसकर्मी।

### राजनीतिक इशारे पर परेशान करने का खेल चल रहा: सुप्रियो भट्टाचार्य



रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 31 जनवरी को इडी के सवालों का जवाब देने के लिए रहेंगे। साथ ही जो जरूरी जानकारी इडी चाहती है, उसे उपलब्ध कराने में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि इडी की टीम 20 जनवरी को सीएम हाउस आयी थी। मुख्यमंत्री से 17 से 18 सवाल किये थे। तथाकथित विसंगतियों की ओर इशारा करते वे जानकारी मांग रहे थे। हालांकि पूर्व में जो समन उन्हें जारी किया था, उसमें पीएमएलए की धारा 50 के तहत यह नहीं आता। बड़गाई जमीन के बारे में पूछा, इसका पता पूर्व में लगाया था, तो यह बात सामने आयी थी कि यह तो भुइंहरी प्रकृति की जमीन है, जिसकी खरीद बिक्री संभव नहीं। इस पूछताछ के बाद भी सीएम को 31 जनवरी तक कुछ बिंदुओं पर जानकारी के लिए इडी की ओर से कहा गया। इसमें दिक्कत नहीं है। जो भी जानकारी चाहिए, दी जायेगी। सुप्रियो के मुताबिक अभी सीएम निजी काम से दिल्ली गये हैं। वे वापस लौटेंगे और सारी जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के पास लोक प्रतिनिधियों से संबंधित सारी जानकारियां रहती हैं, पर इडी उसे आधार नहीं बना रही। सोहराय भवन, रांची के अलावा 2018-2022 की अवधि में हुए ट्रांजैक्शन का रिकॉर्ड भी मांगा गया था। यह भवन सीएम की धर्मपत्नी के नाम पर है। जब कहीं से कोई चीज नहीं बनी, तो राजनीतिक इशारे पर सीएम को परेशान करने का खेल चल रहा। उन्होंने कहा कि झारखंड के राज्यपाल को मर्यादा में रहना चाहिए।

### साजिश के तहत अफवाह फैलायी जा रही है : राजेश



रांची (आजाद सिपाही)। इडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा है कि अफवाह फैलायी जा रही है कि सीएम लापता हैं। मुख्यमंत्री ने पहले ही 31 जनवरी का समय ले लिया है। फिर इस तरह की खबर कैसे आ रही है। यह गलत है। यह खबर इसलिए फैलायी जा रही है कि राज्य में अफरा-तफरी का माहौल बने और राज्यपाल लॉ एंड ऑर्डर की समस्या बता कर राष्ट्रपति शासन लगा दें। यह एक साजिश है, जिसे हम सफल नहीं होने देंगे।

### महागठबंधन के विधायक जुटे

हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास पर इडी के पहुंचने की खबर के बीच महागठबंधन के विधायकों को रांची बुलाया गया। रात करीब 9 बजे सरकार के मंत्री, झामुमो और कांग्रेस के नेता सहित कई विधायक सीएम आवास पहुंचे। उनके बीच मौजूदा परिस्थिति को लेकर चर्चा हुई। सभी विधायकों को रांची और आसपास में रहने का निर्देश दिया गया है। रात सीएम आवास में पहुंचे विधायकों से जब पत्रकारों ने कारण जानना चाहा, तो उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि उन्हें सूचना देकर बुलाया गया है। किसने बुलाया है के जवाब में उन्होंने कहा कि बैठक से लौटते समय आप लोगों के सवालों का जवाब दिया जायेगा। उधर, मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने सोमवार को अचानक सभी विभागीय प्रमुखों की बैठक बुलायी।

(पेज-3 भी देखें)

### सीएम को आज नहीं, तो कल जवाब देना होगा: राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सीएम हेमंत सोरेन को इडी का समन और कार्रवाई के खिलाफ झामुमो के विरोध प्रदर्शन पर सोमवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। सीएम हेमंत सोरेन को इडी के समन का जवाब देना चाहिए। आज नहीं दे रहे हैं, तो कल देना होगा। सच्चे नागरिक के रूप में इसका पालन करना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। मैंने कई बार इसे व्यक्त किया है। कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इडी का अपना कर्तव्य है और मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि झामुमो को इस प्रकार की कार्रवाई में शामिल नहीं होना चाहिए। इससे राजनीतिक दलों के बीच अनावश्यक तनाव पैदा हो रहा है। इसकी आवश्यकता नहीं है। कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। हमें ऐसी स्थिति नहीं बनानी चाहिए कि हम कानून से ऊपर हो जायें।

### हवाई चप्पल में पैदल निकले हेमंत : बाबूलाल



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इडी के डर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पिछले अठारह घंटे से दिल्ली वाले आवास से भूमिगत हो गये हैं। मीडिया सूत्रों के मुताबिक देर रात हेमंत जी हवाई चप्पल पहने आवास से पैदल निकले। उनके साथ दिल्ली गया स्पेशल ब्रांच का सुरक्षाकर्मी अजय सिंह भी गायब है। इन दोनों का मोबाइल भी बंद है। उन्हें इडी और दिल्ली पुलिस ढूंढ़ रही है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के साथ इतनी बड़ी लापरवाही का कोई दूसरा उदाहरण नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इससे चिंताजनक और क्या हो सकता है कि संवैधानिक पद पर बैठा एक राज्य का मुख्यमंत्री प्रोटोकॉल तोड़ कर निकल जाये और राज्य को भगवान भरोसे छोड़ दे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में राज्य का नेतृत्वकर्ता कौन? यह संवैधानिक सवाल अहम है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन इसका संज्ञान लें और राज्य में विधिसम्मत कानून का राज कायम रखने के लिए समुचित कदम उठायें। उधर, भाजपा के प्रवक्ता प्रत्तुल शाहदेव ने कहा कि हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार का मामला है। वह जांच से क्यों भाग रहे हैं। महागठबंधन के नेता इसे बेवजह राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं।

### झारखंड की नाक कट गयी: निशिकांत



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैंने पहले ही कहा था कि झारखंड सरकार का महाधिवक्ता मेरे झारखंड की आन बान और शान वीर शिबू सोरेन जी के बेटे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को कहीं का नहीं छोड़ेगा। आज मेरी बात सही साबित होती दिख रही है। मीडिया की खबरों के अनुसार या तो हेमंत सोरेन जी भाग गये दिल्ली से या तो बीमार हो गये या तो अपहरण हो गया। झारखंड के राज्यपाल जी को उनके सुरक्षा अधिकारी को बर्खास्त करना चाहिए। झारखंड की नाक कट गयी।

## न्यूज रील्स

### 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव का एलान

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने एलान किया है कि राज्यसभा की 56 सीटों के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। 15 राज्यों की 56 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव होना है। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आयोग ने बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और राजस्थान शामिल हैं।

### ज्ञानवापी केस : हिंदू पक्ष की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नयी दिल्ली। वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के डायरेक्टर जनरल से अपील की गयी है कि वे परिसर में मिले शिवलिंग का सर्वे करें, ताकि उसकी वास्तविकता का पता लगाया जा सके।

### राहुल गांधी पहुंचे अररिया, स्वागत

अररिया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अररिया में जोरदार स्वागत किया गया। राहुल गांधी ने अररिया के प्रसिद्ध खड़गेश्वरी काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर के पुजारी और मां काली के साधक नानू दा से आशीर्वाद लिया। उनकी यात्रा दो दिन बिहार में रहेगी। इससे पहले किशनगंज में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर निशाना साधा, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बारे में कुछ भी नहीं बोला।

## लालू से इडी ने की 10 घंटे पूछताछ

- राजद कार्यकर्ता इडी कार्यालय के बाहर जुटे
- लालू की बेटी मीसा कर्यालय के बाहर दिन भर रहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** जमीन के बदले रेलवे में नौकरी घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने राजद सुप्रीमो लालू यादव से सोमवार को सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। लालू की मदद के लिए आयी उनकी बेटी सांसद मीसा भारती को इडी ने गेट के बाहर कर दिया। अंदर पूछताछ चलती रही और बाहर समर्थकों की भीड़ नारेबाजी करती रही।

लालू यादव सुबह 11 बजे इडी कार्यालय पहुंचे। उनसे रात करीबा नौ बजे तक पूछताछ हुई। सूत्रों के मताबिक इडी ने लालू पर सवालों की झड़ी लगा दी। उनसे पूछताछ के लिए पहले से 50 सवाल तैयार कर रखे गये थे। इन सवालों के साथ-साथ इनसे जुड़े कई और सवाल भी लालू से किये गये। लालू ने ज्यादातर सवालों के जवाब हां या न में ही दिया। उन्होंने चुप्पी और टाल-मटोल की नीति अपनायी। इडी उनके कई जवाबों से संतुष्ट नहीं हुई है। इडी उन्हें फिर पूछताछ के लिए बुला सकती है। उधर, लालू यादव से अंदर पूछताछ हो रही थी और बाहर उनकी बेटी राज्यसभा की सदस्य मीसा भारती भी इडी दफ्तर के बाहर लालू के लिए दवाई और खाना लेकर बैठी रहीं। बीच में उन्हें लालू को दवाई देने की अनुमति मिली थी। इडी कार्यालय के बाहर राजद के कई विधायक, विधान परिषद सदस्य भी मौजूद रहे। वहीं राजद के कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचे थे। शाम को मीसा भारती ने फिर इडी अधिकारियो से पिता से मिलाने का आग्रह किया। साथ ही नारेबाजी कर रहे समर्थकों को चुप कराया। उन्होंने कहा कि शांत रहिए, नहीं तो ये लोग और समय लगायेंगे।

## प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्रों को दिये टिप्स

# रोज लिखने की प्रैक्टिस करें: नरेंद्र मोदी

- राज्यों से दो-दो छात्र और एक शिक्षक प्रधानमंत्री से ऑनलाइन जुड़े

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स से लाइव बातचीत की। नयी दिल्ली के भारत मंडपम में परीक्षा पे चर्चा के 7वें संस्करण में तीन हजार स्टूडेंट्स शामिल हुए। ये सभी अगले कुछ महीनों में बोर्ड परीक्षा देंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 2-2 छात्र और एक शिक्षक भी ऑनलाइन शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने करीब 2 घंटे 10 मिनट तक छात्रों के सवालों के जवाब दिये। इस दौरान पीएम ने बोर्ड परीक्षा के स्ट्रेस से निपटने, परीक्षा हॉल में परफॉर्म करने और परीक्षा की तैयारी करने के टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि एग्जाम में बड़ा चैलेंज लिखना होता है, इसलिए लिखने की प्रैक्टिस करें। इन चीजों पर आप ध्यान केंद्रित करेंगे, तो एग्जाम हॉल में बैठने के बाद प्रेशर लगेगा ही नहीं। प्रधानमंत्री ने इस तरह की कई बातों के टिप्स दिये। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन में कॉम्पिटीशन होना जरूरी है। हमें खुद को किसी भी प्रकार के प्रेशर को झेलने लायक बनाना चाहिए। एक प्रेशर ही होता है, जो हमने अपने लिए तैयार किया होता है। हमें खुद को इतना स्ट्रेच नहीं करना चाहिए कि स्टेबिललिटी टूट जाये। उन्होंने कहा कि माता-पिता को ज्यादा समझाने से बचना चाहिए। कई बच्चे इसे सकारात्मक लेते हैं लेकिन इससे भी दबाव पड़ता है। सभी अभिभावकों से आग्रह है कि बच्चों के बीच कम्पेरिजन मत कीजिए। इससे बच्चों के अंदर द्वेष का भाव पैदा हो जाता है। उन्होंने कहा कि 100 नंबर का पेपर है। अगर आपका दोस्त 90 नंबर ले आया तो आपको उससे स्पर्धा नहीं करनी, अपने आपसे करनी है कि आपको कितने नंबर लाने हैं। अपने अंदर इर्ष्या का भाव न आने दें। मां-बाप हर बार अपने बच्चों को कोसते रहते हैं कि देखो तुम खेलते हो, वो पढ़ता है। मां-बाप इससे बचें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि शिक्षक संगीत के जरिये क्लास का माहौल खुशहाल कर सकते हैं।

(पेज-2 भी देखें)

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय
गुमला

आत्मसमर्पण नीति




26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर गुमला जिला के समस्त नागरिकों को गुमला पुलिस की ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई।
- सरकार द्वारा विनित किये गये उग्रवादियों पर घोषित ईनाम की राशि आत्मसमर्पण करने पर उन्हें ही दी जायेगी।
- समर्पण करने वाले व्यक्तियों को घर बनाने के लिए सिमित जमीन उपलब्ध करायी जायेगी।
- प्रत्यार्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरुचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखण्ड द्वारा विभिन्न संकायों में व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी।
- राज्य अन्तर्गत सरकारी चिकित्सा संस्थानों में उग्रवादी एवं उसके परिवार को निःशुल्क चिकित्सा की व्यवस्था की जायेगी।
- आत्मसमर्पित उग्रवादी को उसके अनुरोध पर खुला जेल-सह-पुनर्वास केन्द्र में स्थानान्तरण की नियन सम्मत कार्रवाई की जायेगी।
- आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के अच्छे आचरण के आधार पर उनके उपर चल रहे मुकदमों की पैरवी हेतु वकीलों पर उनके द्वारा किये जाने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति / व्यय का भुगतान किया जायेगा।
- ऑपरेशन नई दिशा के अंतर्गत देय सुविधाओं का लाभ उठाकर अपने एवं अपने परिवार का भविष्य उज्जवल करें।
- आत्मसमर्पण हेतु निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें-

(1.) 9431700378 (2.) 9431706182 (3.) 9471182118 (4.) 0431706202 इसके अतिरिक्त आत्मसमर्पण हेतु थाना प्रभारी / पुलिस कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है ।

सामाजिक जागरूकता

1. सड़क सुरक्षा के लिए प्रतिज्ञा लें। यातायात नियमों का पालन करें एवं स्वयं तथा परिवार को सुरक्षित रखें।
2. डायन कुप्रथा समाज के लिए अभिशाप है। ओझा-मती, डायन प्रथा अंधविश्वास है। इससे दूरी बनाये रखें ।
3. किसी भी प्रकार के अनजाने लिंक को टच ना करें। मैसेज भेजकर सोशल मीडिया पर / फेक वेबसाईड बनाकर / पॉलिसी रिन्यूल के नाम पर ऑनलाईन धोखाधड़ी / क्रेडिट कार्ड / साईबर पोनोग्राफी इत्यादि से ठगी। यदि आपके मोबाईल पर इस प्रकार की सूचना अथवा खाता बंद होने की सूचना, बिजली बिल भुगतान करने की सूचना से संबंधित कोई भी कॉल आता हो, और ओ०टी०पी० की मांग किया जाता हो, तो किसी भी स्थिति में ओ०टी०पी० शेयर ना करें, एवं इस प्रकार की सूचना का सत्यापन स्थानीय बैंक / बिजली ऑफिस / संबंधित कार्यालय से करें। किसी भी प्रकार के वित्तीय साईबर अपराध घटित होने की दिशा में इसकी सूचना तत्काल ई-सुरक्षा चक साइबर हेल्पलाईन-1930 पर दर्ज करायें।

निवेदक
पुलिस अधीक्षक
गुमला।

ज्ञापांक : 74 / सा०शा०
दिनांक 24.01.2024

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,800 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 30 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# राहुल गांधी भी हैं विपक्षी गठबंधन के बिखराव के जिम्मेवार

## ■ चुनावी राजनीति के प्रति इतना अगंभीर रवैया किसी को नहीं आ रहा रास

## ■ चुनाव के समय 'यात्रा' कर क्या साबित करना चाहते हैं कांग्रेस के युवराज

**पहले पश्चिम बंगाल, फिर पंजाब, उसके बाद बिहार और अब दिल्ली, यानी पहले तृणमूल कांग्रेस, फिर आम आदमी पार्टी और उसके बाद जदयू रिश्ता विपक्षी दलों के गठबंधन से टूट चुका है। पूरे ताम-झाम से बना इंडी गठबंधन का अस्तित्व अधर में लटक गया है। ममता बनर्जी, भगवंत मान, नीतीश कुमार और अब अरविंद केजरीवाल ने गठबंधन की इस स्थिति के लिए कांग्रेस को जिम्मेवार ठहराया है। यह बहुत हद तक सही भी है। कांग्रेस और खास कर इसके युवराज राहुल गांधी ने पिछले एक साल में राजनीति को जिस अंदाज में लिया है, उससे कांग्रेस के साथ-साथ विपक्षी एकता भी कमजोर हुई है। वास्तव में जो क्षेत्रीय पार्टियां विपक्षी गठबंधन से कन्नी काट रही हैं, उनकी असल दुश्मनी सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस से ही है। राहुल गांधी को न जाने किस बात का गुमान है कि वह किसी को कुछ समझते ही नहीं। राहुल गांधी को केवल अपनी छवि की चिंता है और कांग्रेस को अपने युवराज की। इसलिए जहां दूसरे राजनीतिक दल इस समय चुनावी तैयारियों में जुटे हुए हैं, तो दूसरी तरफ राहुल गांधी 'यात्रा' जैसे कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। राजनीति को इतने अनमने और अगंभीर तरीके से लेनेवाले नेता को न तो चुनाव की चिंता है और न ही अपनी पार्टी के भविष्य की। हालांकि यह सच है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' से राहुल गांधी की छवि में अच्छा-खासा सुधार हुआ था, जिसके कारण कर्नाटक और तेलंगाना में पार्टी ने सरकार बनायी। इसलिए शायद कांग्रेस को ऐसा लगने लगा कि राहुल फैक्टर इस बार भी काम कर जायेगा, तभी गठबंधन को टूटने से बचाने से ज्यादा उन्हें 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' निकालने की पड़ी है। क्या है राहुल गांधी की राजनीति का तरीका और कैसे इसका नुकसान पूरा विपक्ष उठा रहा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम और नीतीश कुमार के पाला बदल लेने से विपक्षी दलों के बीच जो अराजकता और बेचैनी बढ़ी है, उसके जिम्मेदार वास्तव में खुद विपक्षी दल ही हैं। बेशक नीतीश कुमार का पाला बदलना अनैतिक हो सकता है, पर कांग्रेस की अगुवाई वाले इंडी गठबंधन ने इसे होने दिया। जून, 2023 से, जब इंडी गठबंधन अस्तित्व में आया, कमेटी राज, कई शक्ति केंद्र, एक ही पार्टी को प्रमुखता और संवाद की कमी ने इस स्थिति का संकेत दे दिया था। यह सुनने में भले अजीब लगे, लेकिन कुछ अस्पष्ट कारणों से कांग्रेस ने अपने ही पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनने या गठबंधन का अध्यक्ष बनाने से इनकार कर दिया। इसने एक क्षेत्रीय क्षत्रप को संयोजक के पद से वंचित करने, गठबंधन सचिवालय की स्थापना करने या नेतृत्व के मुद्दे को निपटाने की संभावनाओं को खत्म कर दिया।

इस तरह से इस गड़बड़ी की जिम्मेदारी पूरी तरह से कांग्रेस और गांधी परिवार की है, खासकर राहुल गांधी की, जिन्होंने सीट समायोजन के लिए गठबंधन में आम सहमति बनाने की बजाय 'न्याय यात्रा' को चुना। गांधी परिवार को अफसोस हो रहा होगा कि कैसे उन्होंने नीतीश को इंडी गठबंधन का संयोजक बना कर शांत करने का सुनहरा मौका गंवा दिया। सभी लोग जब नीतीश को संयोजक बनाने पर सहमत हो गये थे, तब राहुल ने कथित तौर पर तर्क दिया कि चूंकि ममता बनर्जी नहीं थीं, इसलिए उनकी सहमति ली जानी चाहिए। अगले दो सप्ताह तक राहुल इसे या तो भूल गये या नजरअंदाज करने का फैसला लिया। ममता के साथ कोई बातचीत नहीं हुई। अंततः निराश नीतीश ने भाजपा के साथ मिलने का फैसला किया। भाजपा की रणनीति 2024 के चुनाव में अपनी संभावनाओं को मजबूत करने से ज्यादा विपक्षी गठबंधन को लोकसभा सीटों से वंचित करने से प्रेरित है।

अब मई, 2024 के बाद की पटकथा लिखने की कोशिश हो रही है, जिसमें क्षेत्रीय दल कांग्रेस को दोषी ठहराने की योजना बना रहे हैं। कांग्रेस के भीतर भी राहुल के वफादार नेता खड़गे को दोषी ठहराने में रुचि रखते हैं, जबकि कांग्रेस के भीतर आम तौर पर लोग राहुल के खिलाफ हैं। प्रियंका गांधी की अनुपस्थिति संकेत देती है कि 10 जनपथ के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। मई, 2024 के बाद कांग्रेस में औपचारिक विभाजन को खारिज नहीं किया जा सकता है।



नीतीश कुमार के इस पाला बदल से जहां विपक्षी गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है, वहीं आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत की संभावनाएं और मजबूत हुई हैं। हालांकि हिंदी पट्टी में भाजपा की स्थिति मजबूत है, पर पार्टी किसी तरह का जोखिम लेना नहीं चाहती थी। इसलिए नीतीश को अपने पाले में लाकर उसने कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन की जो थोड़ी भी संभावना थी, उसे ध्वस्त कर दिया है। इसके अलावा भाजपा लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक और राज्य में सत्ता में साझेदार बन गयी है और जदयू के लिए राहत की बात है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर उसके नेता नीतीश कुमार ही बने हुए हैं। यहां यह याद रखना जरूरी है कि जब-जब भाजपा और जदयू ने मिल कर चुनाव लड़ा है, उसके नतीजे अच्छे ही आये हैं। पिछली बार लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जदयू के साथ मिल कर बिहार की 40 में से 39 सीटों पर जीत हासिल की थी। राज्य में मुख्यमंत्री कौन बनेगा, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव था। भाजपा की रणनीति है कि विपक्षी गठबंधन की एकता को झटका देकर कैसे उसे लोकसभा सीटों से वंचित रखा जाये। पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में पहले ही इंडी गठबंधन में दरार पैदा हो गयी है, हालांकि तृणमूल कांग्रेस और आप अब भी गठबंधन में बनी हुई हैं।

विपक्षी एकता के बारे में कहना जितना आसान है, उतना करना नहीं। अतीत में कई ऐसे मौके आये हैं, जब विभिन्न दलों एवं विचारधाराओं के लोग 1977, 1989, 1996 और 2004 में एकजुट हुए। वर्ष 1977 में जब शक्तिशाली इंदिरा गांधी को पराजित किया गया था, तो विपक्षी जहाज को सहारा देने के लिए एक लंगर था। जयप्रकाश नारायण की पहल पर चार प्रमुख विपक्षी पार्टियां-कांग्रेस (ओ), जनसंघ, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी और भारतीय लोक दल 23 जनवरी, 1977 को एकजुट हुए और जनता पार्टी बनायी। इसी तरह 1989 में दक्षिणपंथी और वामपंथी दलों ने विश्वनाथ प्रताप सिंह के साथ राजीव गांधी को सरकार बनाने का मौका नहीं दिया, हालांकि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी थी। 2004 में भी जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा को कांग्रेस से कम सीटें मिलीं, तो वीपी सिंह और माकपा महासचिव हरकिशन सिंह सुरजीत ने क्षेत्रीय क्षत्रपों को पर्दे के पीछ से कांग्रेस के करीब लाने का काम किया। फिर यूपीए का गठन हुआ, जिसने 10 वर्षों तक राज किया। इस तरह से युग-निर्माण के हर मौके पर एकता के लिए मुश्किल से कुछ महीने काम किया गया। अब जबकि अप्रैल-मई में होने वाले चुनाव की उल्टी गिनती शुरू होने वाली है, विपक्ष ताश के पत्ते की तरह ढह रहा है।

एक और बात है, जो विपक्षी खेमे को बांधे हुए है। अधिकांश विपक्षी नेता यह भी जानते हैं कि राहुल 2024 में प्रधानमंत्री नहीं बनना चाहते हैं। वह तब तक दावेदार नहीं होंगे, जब तक कि कांग्रेस 2024 में अप्रत्याशित रूप से अच्छा प्रदर्शन नहीं करती। राहुल की योजना के अनुसार, जब तक कांग्रेस लोकसभा में आधे का आंकड़ा या 272 सीटें नहीं प्राप्त कर लेती, तब तक इस प्रतिष्ठित पद का दावा नहीं करेगी। जैसे हालात हैं, अगर कांग्रेस को एक सौ सीटें भी मिल जायें, तो वह खुद को भाग्यशाली समझेगी। इस प्रकार अनौपचारिक रूप से विपक्षी दलों को भरोसा है कि प्रधानमंत्री का पद किसी क्षेत्रीय नेता को मिलेगा, जो 30 से अधिक सीटें पाने और गैर-कांग्रेसी समूहों के बीच स्वीकार्यता हासिल करने की क्षमता रखता हो।

इसके अलावा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने विपक्ष की योजनाओं पर पानी फेर दिया है। मोदी को हराने के लिए विपक्ष ने किसी विश्वसनीय लड़ाई या बाहरी मौके की उम्मीद खो दी। क्षेत्रीय दलों को उम्मीद थी कि राहुल और सोनिया गांधी सक्रिय होंगे, सुधारात्मक उपाय करेंगे और अधिकार की भावना छोड़ेंगे। जब उन्हें ऐसा कुछ नहीं दिखा, तो उन्होंने अपनी रणनीति बनानी शुरू कर दी। बिहार में जो हुआ है, वह एक झलक मात्र है। यह आखिरी झटका नहीं है। इंडी गठबंधन में उद्धव ठाकरे और अखिलेश यादव से लेकर शरद पवार तक कई लोग समय की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अपनी-अपनी रणनीति बना रहे हैं।

ऐसे में यदि राहुल गांधी ने अब भी अपना अगंभीर रवैया नहीं बदला, तो फिर कम से 2024 के लिए कांग्रेस के पास कोई संभावना नहीं बचेगी। यह कांग्रेस और राहुल गांधी के लिए वाकई आत्ममंथन का समय है।

---

### सरकारी स्कूलों में छात्रों ने प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को सुना

## घर में एक कमरे को नो गैजेट जोन बनायें: पीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के 7वें संस्करण के दौरान नयी दिल्ली के भारत मंडपम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का राज्य के सरकारी स्कूलों में लाइव प्रसारण किया गया, जहां छात्रों ने प्रधानमंत्री को लाइव सुना। इसके लिए सभी स्कूलों में लाइव प्रसारण की विशेष व्यवस्था की गयी थी। बच्चों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनकर जीवन में सकारात्मकता और नवीन ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा ली।




### पढ़ाई को सोशल मीडिया के साथ कैसे मैनेज करें

रामगढ़ के श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में पढ़ाई कर रहे प्रियांशी श्रीवास्तव की मां पूजा श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री से पूछा कि वे अपनी बेटी की पढ़ाई को सोशल मीडिया मंच जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि के इस्तेमाल के साथ कैसे मैनेज कर सकती है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया और मोबाइल के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज की अति ठीक नहीं होती। किसी का भला नहीं करता। हर चीज के लिए एक मानदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए। इसका विवेक होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए। बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने मां के खाने का उदाहरण देते हुए कहा कि मां ने बहुत बढ़िया खाना बनाया है। वह पोषक तत्वों से भरपूर है। उसके कई लाभ हैं। आपको वह डिश पसंद भी है। वह खाने का सही वक्त भी है, मगर एक सीमा के बाद आपको अपना प्रिय भोजन भी खाना बंद करना पड़ेगा। क्योंकि अगर ऐसा नहीं किया तो उससे पेट दर्द, उल्टी जैसी समस्या हो जायेगी।

### पीएम परीक्षा पे चर्चा से मिलेगी बच्चों को तनाव से मुक्ति : सीपी राधाकृष्णन

**रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम से बच्चों को परीक्षा के दौरान होने वाले तनाव से मुक्त होने में काफी मदद मिलेगी। पीएम के संबोधन से शिक्षकों और अभिभावकों को भी संदेश मिला है कि परीक्षा के दौरान बच्चों से कैसा व्यवहार करना चाहिए। राज्यपाल सोमवार को राजभवन में बच्चों और शिक्षकों के साथ दूरदर्शन पर प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा 2024 कार्यक्रम का सीधा प्रसारण को देखने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जीवन में तनाव सभी को है। आप सोच-सोच कर तनावग्रस्त होंगे, तो इससे भी तनाव होगा। तनाव को दूर करने के लिए हमें अपनी दिनचर्या का प्रभावी ढंग से पालन करना होगा। हमारे पास दिन के 24 घंटे होते हैं। आठ घंटे की नींद के बाद 16 घंटे बचते हैं, जिसमें हम अच्छे ढंग से पढ़ सकते हैं। खेल सकते हैं। अन्य रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। हमें आज का काम आज ही करना चाहिए, कल पर नहीं छोड़ना चाहिए।**

## शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने पीएम को सुना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टूडेंट्स, टीचर्स और पैरेंट्स के साथ बोर्ड परीक्षा से होनेवाले तनाव, डर को कम करने के लिए सातवीं बार परीक्षा पर चर्चा की है। इसका लाइव टेलीकास्ट शारदा ग्लोबल के छात्रों ने देखा। पीएम मोदी से छात्रों ने पढ़ाई, स्वास्थ्य, लिखावट, तनाव आदि पर सवाल पूछे, जिसका समाधान प्रधानमंत्री ने बड़े ही सटीक उदाहरणों से स्पष्ट दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज नेशनल एजुकेशन पॉलिसी ने छात्रों के लिए बहुत सी सुविधाएं प्रदान की हैं। जिस छात्र को जो भी क्षेत्र अच्छा लगता है, वह यदि उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है, तो उसमें उसको जरूर सफलता प्राप्त होगी। परीक्षा के दिनों में अच्छी पढ़ाई, अच्छा आहार, अच्छी नींद अवश्य लें, कंफ्यूजन से बचें, कोई भी निर्णय लेने से पहले अपने बड़ों से विचार विमर्श करें।



---

## भाजपा के नये जिला अध्यक्ष और जिला प्रभारी घोषित

**रांची जिला महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, जिला प्रभारी मनोज सिंह और रांची ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो प्रभारी बिनोद सिंह को बनाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पार्टी के सभी सांगठनिक जिलों के जिला अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी घोषित किये। सोमवार को प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू के हस्ताक्षर से सूची जारी हुई। रांची जिला महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, जिला प्रभारी मनोज सिंह और रांची ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो प्रभारी बिनोद सिंह को बनाया गया। खूंटी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता प्रभारी सत्यनारायण सिंह, गुमला जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू, प्रभारी मनोज मिश्रा, सिमडेगा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, प्रभारी बबन गुप्ता, लोहरदगा जिला मनीर उरांव, प्रभारी सुनीता सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, प्रभारी कालीचरण सिंह, गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो, प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह, चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव भोक्ता, प्रभारी विनय जायसवाल, लातेहार जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद, प्रभारी अभय सिंह, सह प्रभारी अशोक उपाध्याय, रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, प्रभारी शशिभूषण भगत, कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी प्रभारी भैया अभिमन्यु,गिरिडीह जिला अध्यक्ष महादेव दूबे, प्रभारी रोहितलाल सिंह, धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय यादव, प्रभारी राजकुमार श्रीवास्तव, धनबाद ग्रामीण अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, प्रभारी शैलेंद्र सिंह, बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय, प्रभारी विनय लाल, जामताड़ा जिला अध्यक्ष सुमित शरण, प्रभारी निवास मंडल, दुमका जिला अध्यक्ष गौरव कान्त, प्रभारी संजीव जजवाड़े, पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमृत पांडेय, प्रभारी अमित सिंह, साहेबगंज जिला अध्यक्ष उज्जवल मंडल, प्रभारी अनुज आर्य, देवधर जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, प्रभारी सत्येंद्र सिंह, गोड्डा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, प्रभारी लुइस मरांडी,जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, प्रभारी जीतूचरण राम, पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष चंडी चरण साव, प्रभारी बड़कुवड़ गगराई, पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष संजू पांडेय, प्रभारी मनोज कुमार महतो, सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव, प्रभारी सुबोध कुमार सिंह गुड्डू को बनाया गया।

### दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन करेंगे मनरेगाकर्मी

**रांची।** देश भर के मनरेगा कर्मी लंबित मांगों को लेकर 2 फरवरी को नयी दिल्ली के जंतर मंतर के पास एक दिवसीय धरना देंगे। इस कार्यक्रम में झारखंड से हजारों की संख्या में मनरेगा कर्मी भी शामिल होंगे। झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष माहेश्वरी ने बताया कि 18 वर्ष मनरेगा के पूरे हो गये हैं। अब भी नियमितीकरण, समान काम-समान वेतन सहित कई लंबित मांगें पूरी नहीं हो सकी हैं। ऐसे में अखिल भारतीय मनरेगा कर्मचारी महासंघ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के तत्वावधान में मनरेगा कर्मी वेतनमान और सेवा स्थायीकरण सहित आठ सूत्री मांगों को केंद्र सरकार के समक्ष रखेंगे और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपेंगे।

### हाइकोर्ट ने हजारीबाग जिला प्रशासन को दिया निर्देश

## चार सप्ताह में प्रार्थी को दें एक लाख जुर्माना

**जिम्मेदार अधिकारी के वेतन से वसूलें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग के बिंदेश्वरी पथ स्थित शैलेंद्र कुमार गुप्ता की रैयती जमीन पर रांची नगर निगम द्वारा नाली बनाये जाने के आदेश को चुनौती देनेवाली याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट के आदेश के आलोक में हजारीबाग के उपायुक्त, एसडीओ, नगर आयुक्त हाइकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। हाइकोर्ट ने हजारीबाग जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि वह जुर्माना के रूप में प्रार्थी को चार सप्ताह में एक लाख रुपये की राशि का भुगतान करें। यह राशि उस अधिकारी के वेतन से वसूली जाये, जिसने प्रार्थी की जमीन को बिना अधिग्रहण किये उस पर नाली बना दी। कोर्ट ने प्रार्थी की जमीन को नाली बनाये जाने पर उस जमीन के अधिग्रहण के लिए 12 सप्ताह में करीब 13 लाख रुपये का मुआवजा राशि का भुगतान प्रार्थी को करने का निर्देश हजारीबाग जिला प्रशासन को दिया है।

दरअसल, हजारीबाग जिला प्रशासन के द्वारा शैलेंद्र कुमार गुप्ता की जमीन का अधिग्रहण नहीं किया गया और उनकी जमीन पर हजारीबाग नगर निगम द्वारा नाली बना दी गयी। प्रार्थी ने नाली बनाये जाने के हजारीबाग नगर आयुक्त के आदेश को चुनौती दी। इससे पूर्व की सुनवाई के दौरान हजारीबाग के उपायुक्त और एसडीओ ने हस्तक्षेप याचिका दायर कर उस दिन कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें उपस्थित होने पर छूट देने और अगली सुबह में उपस्थित रहने का आग्रह किया था। इस आइए को कोर्ट ने मंजूर करते हुए इन्हें 29 जनवरी को उपस्थित रहने का निर्देश दिया था। साथ ही उसी दिन नगर आयुक्त को भी सशरीर उपस्थित रहने को कहा था। प्रार्थी के हजारीबाग स्थित बिंदेश्वरी पथ पर नगर आयुक्त की ओर से नाली बनाने का विरोध करने पर प्रार्थी शैलेंद्र कुमार और उसके भाई सुशील कुमार गुप्ता के खिलाफ 17 अगस्त 2022 को हजारीबाग सदर में कांड संख्या 293-2022 दर्ज किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.5 °c | 9.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.33 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.30 बजे |

# पलामू में पंडित धीरेंद्र शास्त्री का लगेगा दिव्य दरबार

**हाइकोर्ट ने पलामू डीसी के आदेश को किया रद्द**

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बाबा बागेश्वर धाम सरकार का कार्यक्रम अब 10 से 15 फरवरी को होगा। इसकी अनुमति हाइकोर्ट ने दे दी है। बाबा बागेश्वर धाम सरकार के प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका को हाइकोर्ट ने स्वीकृत करते हुए पलामू उपायुक्त के द्वारा 10 जनवरी को कार्यक्रम रद्द करने के दिये गये आदेश को निरस्त कर दिया। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट ने कहा कि हनुमंत कथा आयोजन समिति बेसिक बुनियादी सुविधाएं और श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, एंबुलेंस, पार्किंग, टॉयलेट व्यवस्था आदि की व्यवस्था खुद करेगी। बेसिक बुनियादी सुविधाओं से संबंधित एक्शन प्लान को हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा पलामू उपायुक्त को दिया जायेगा। इसे पलामू उपायुक्त कंसीडर करेंगे। कोर्ट ने 10 जनवरी के पलामू उपायुक्त के उस आदेश को अवैध माना, जिसमें उन्होंने कानून व्यवस्था का हवाले देते हुए कार्यक्रम को रद्द कर दिया था। प्रार्थी ने उपायुक्त द्वारा कानून व्यवस्था की समस्या बता कर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को पुनः रद्द करने के 10 जनवरी के आदेश को चुनौती दी थी। पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि हनुमंत कथा आयोजन समिति ने 3 जनवरी को उपायुक्त को बाबा बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को लेकर डिटेल एक्शन प्लान दिया था। इसे पलामू उपायुक्त ने कानून व्यवस्था की समस्या बता कर रद्द कर दिया। प्रस्तावित कार्यक्रम 10 से 15 फरवरी को है। यह कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर होगा। इसके लिए ग्रामसभा से अनुमति भी मिल गयी है। कार्यक्रम स्थल ग्राम ओरनार, चैनपुर ब्लॉक पलामू में निर्धारित है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

- **मेष** — रोजी-रोजगार की स्थिति में सुधार, भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा।
- **वृष** — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी, संकल्पित काम पूरे होंगे, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी।
- **मिथुन** — परिश्रम-प्रयत्न से रूके हुए काम पूरे होंगे, आर्थिक स्थिति सुदृढ़, निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** — अनायास काम बनेंगे, आर्थिक स्थिति सुधरेगी, मान-सम्मान मिलेगा, नये लोगों से संपर्क।
- **सिंह** — आज का दिन काफी अच्छा तथा प्रगतिवर्धक रहेगा. विपरीत स्थितियों में सुधार।
- **कन्या** — व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगी. कामकाज अच्छा चलेगा धनागम के अवसर बढ़ेंगे।
- **तुला** — अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे. नौकरी में स्थानातंरण होने की संभावना।
- **वृश्चिक** — संतान, परिवार तथा स्वजन मित्रों से सम्पर्क ठीक रहेगा, रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में सफलता।
- **धनु** — आज का दिन आपके लिए प्रगतिकारक रहेगा, निराशा दूर होगी, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।
- **मकर** — थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख, यात्रा सुखद.धन लाभ के अवसर बनेंगे।
- **कुंभ** — अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा।
- **मीन** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा, दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

**राजनीति : इडी की कार्रवाई से झारखंड में सियासी हलचल तेज**

# झामुमो कार्यकर्ताओं में आक्रोश, किया प्रदर्शन







**रांची, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा और गढ़वा जिला के कार्यकर्ताओं ने राजभवन का घेराव किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर इडी की कार्रवाई से झारखंड में सियासी हलचल तेज हो गयी है। इसे लेकर राज्य में झामुमो कार्यकर्ताओं में आक्रोश है, लगातार दूसरे दिन भी जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। झामुमो कार्यकर्ताओं का मोरहाबादी मैदान में जुटना सुबह से ही शुरू हो गया था। दरअसल सोमवार को रांची समेत रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा और गढ़वा जिला के कार्यकर्ता जुटे, फिर राजभवन मार्च को निकल गये। मगर इस बार झामुमो कार्यकर्ता अपने पुराने निश्चित रूट में परिवर्तन करते हुए सिदो-कान्हू पार्क से प्रेमसंस मोटर होते हुए कांके रोड मुख्यमंत्री आवास के पास पहुंचे। यहां पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोका, लेकिन भीड़ नहीं रुकी। कार्यकर्ताओं की भीड़ धारा 144 का उल्लंघन कर सीएम हाउस कांके रोड से होते हुए आगे बढ़ते हुए राजभवन पहुंच गयी। कार्यकर्ता हाथ में पार्टी का झंडा लिए केंद्र सरकार और भाजपा विरोधी नारे लगा रहे थे। विरोध मार्च में शामिल रीना तिर्की ने कहा कि भाजपा और केंद्र सरकार के इशारे पर इडी एक आदिवासी मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। झामुमो नेता और कार्यकर्ता इसके खिलाफ प्रदर्शन करते रहेंगे। इस दौरान रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की तानाशाही सरकार के खिलाफ राज्य की जनता, पार्टी कार्यकर्ता और आदिवासी-मूलवासी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता पूरी तरह से अनुशासित और शांतिपूर्ण तरीके से केंद्र सरकार, भाजपा और इडी के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और यह कार्यक्रम जारी रहेगा। झामुमो के रांची जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता ने कहा कि जिस तरह से इडी की मदद से राज्य की एक लोकप्रिय और चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। इसके खिलाफ स्वाभाविक गुस्से का प्रकटीकरण रांची की सड़कों पर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो और राज्य की जनता झारखंड में भाजपा की किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी।

# सीएम हेमंत पार्टी के संपर्क में अफवाह न फैलायें : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन निजी काम से दिल्ली गये हैं। वे वापस लौटेंगे जरूर। पिछली बार की तरह इस बार भी सीएम ने इडी को 31 जनवरी को सीएम हाउस में एक बजे आने और जानकारी उपलब्ध कराने की बात कही है। इडी अधिकारियों को इस बारे में सूचित कर दिया गया है। सुप्रियो ने कहा कि मुख्यमंत्री झामुमो नेताओं से संपर्क में हैं। अफवाह न फैलायी जाये। सुप्रियो महासचिव सोमवार को रांची में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि सब जानते हैं कि सीएम का प्रोग्राम कुछ जरूरी असाइनमेंट को छोड़ 1 से 3 माह तक का पूर्व से तय रहता है। 9 फरवरी से वित्तीय वर्ष 2024-25 का विधानसभा का बजट सत्र तय है। अभी ऐसे में इडी के स्तर से पूछताछ के लिए इस तरह से किया जाना गैर वाजिब है। दूसरा संवैधानिक प्रक्रियाओं के निर्वहन में भी इससे सरकार को दिक्कत होती है। जानबूझ कर अभी हौवा क्रिएट किया जा रहा है। मीडिया के सवालों पर सुप्रियो ने कहा कि राज्यपाल किसी पार्टी के प्रवक्ता एमडी नहीं होते, उन्हें अपनी चौहद्दियों का पता रहना चाहिए। राजनीतिक दलों की भी अपनी चौहद्दी होती है। राज्य में पिछले दो-तीन दिनों से राजनीतिक परिस्थिति को जिस तरह से तेज किया जा रहा है, यह लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। मीडिया से भी उन्होंने कहा कि यहां चुना हुआ शासन है। सूत्रों के हवाले से मिली खबरों के आधार पर राज्य के माहौल को खराब ना होने दें। आधारहीन खबरें ना चलें।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# हेमंत को संवैधानिक संस्था का सम्मान करना चाहिए: दीपक प्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति अगर एक संवैधानिक संस्था के द्वारा निर्गत समन का सम्मान नहीं करेगा और चुपके से गायब हो जाये, तो इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या हो सकता है।

श्री प्रकाश ने कहा कि जब मुख्यमंत्री इडी के द्वारा पूछे गये सभी सवालों का जबाब दिये हैं, तो फिर दसवें समन से क्यों भाग रहे हैं। श्री प्रकाश ने झामुमो पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ यह पार्टी कहती है कि हमलोग संविधान का पालन करने वाले लोग हैं। वहीं दूसरी तरफ एक संवैधानिक संस्था इडी को डराने और धमकाने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतार रही है।

श्री प्रकाश ने हेमंत सोरेन को सलाह देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बिना विलंब किये इडी द्वारा जारी समन का सम्मान करें और उसके समक्ष उपस्थित हों।

उन्होंने कहा कि झामुमो मानसिक दिवालियापन का शिकार है। पूछताछ के लिए तैयार रहने की बात भी करते हैं और फिर पूछताछ को गैर वाजिब और असंवैधानिक भी ठहराते हैं। उन्होंने कहा कि घर पर पूछताछ के लिए भी बुलाते हैं और बाहर कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन भी कराते हैं।

# सीएम को सवालों से भागने की जरूरत क्या है: आदित्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि झामुमो अपराधी और न्यायाधीश दोनों की भाषा बोल रहा है। राज्य की जनता को यह जानने का पूरा अधिकार है कि आखिर मुख्यमंत्री भागे-भागे क्यों फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब झामुमो यह मानता है कि इडी ने मुख्यमंत्री से जो सवाल पूछे, उसका पूरी तरह मुख्यमंत्री ने सामना किया और जवाब भी दिया, तो फिर आगे के सवालों से भागने की क्या जरूरत है। उन्होंने कहा कि क्यों मार्च तक के समय की कमी बतायी जा रही थी। मुख्यमंत्री को तो राज्य के हालात और जनता की अपेक्षाओं को देखते हुए अविलंब इडी प्रकरण पर विराम लगाना चाहिए।

# बुजुर्ग, बीमार कलाकारों को हर माह मिलेंगे 4000 रुपये

**पेंशन के लिए जिला संस्कृति पदाधिकारी को दें आवेदन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार के स्तर से बुजुर्ग, बीमार कलाकारों को हर माह मासिक निवृत्ति योजना का लाभ दिया जाना है। इसके तहत उन्हें हर माह 4000 रुपये दिये जायेंगे। इस संबंध में सभी जिलों में पहल होने लगी है। जिला खेल पदाधिकारी सह जिला संस्कृति नोडल पदाधिकारी के माध्यम से ऐसे जरूरतमंद कलाकारों से आवेदन भी मंगाये जाने लगे हैं। इस संबंध में जारी सूचना के मुताबिक वैसे श्रेष्ठ कलाकार, जो अस्वस्थ हों, वृद्ध हों, उन्हें मासिक निवृत्ति प्रदान की जायेगी। ऐसे कलाकार, जिनकी आयु 60 वर्ष या इससे अधिक हो गयी हो, उन्हें लाभ दिया जाना है। सांस्कृतिक कार्य निदेशालय के मुताबिक ऐसे वरिष्ठ कलाकार, जो बीमारी के कारण अपनी कला का प्रदर्शन करने और इससे गुजर बसर कर पाने में अक्षम हों, उन्हें मदद मिलेगी। इस संबंध में जिला सिविल सर्जन के स्तर से जारी आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट जरूरी होगा। आवेदक कलाकार की मासिक आय 8000 रुपये से कम होनी चाहिए। झारखंड के लोक-जनजातीय संगीत, नृत्य, शास्त्रीय और उप शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय-उप शास्त्रीय संगीत, नाटक और विभिन्न शिल्प कलाओं में से किसी एक में पारंगत होना चाहिए।

**रांची मंडल के 39 अदद स्टेशनों में स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति**

**निविदा संदर्भ सं.: सी/आरएनसी/एसटीबीए/एन्गेजमेंट/01/2024, दिनांक 25.01.2024;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति। **कार्य का मूल्य:** लागू नहीं। **बयाना राशि:** नामकोम (एनकेएम) स्टेशन के लिए रु. 5,000/- तथा अन्य सभी स्टेशनों के लिए रु. 2,000/-। स्टेशनों की सूची वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** पर दिनांक **29.01.2024** से उपलब्ध होगी। **18% की दर से जीएसटी सहित निविदा प्रपत्र की कीमत:** रु. 1,180/-। **कार्य का प्रकार:** राँची मंडल के 39 स्टेशनों पर एसटीबीए की नियुक्ति हेतु निविदा। **स्थान:** राँची मंडल। **घोषणा की तारीख:** 29.01.2024; **निविदा डाले जाने की तारीख:** 28.02.2024 को सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक। **निविदा खुलने की तारीख:** 28.02.2024 को अपराह्न 03.30 बजे।

(PR-1070) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
रामजी प्रसाद गुप्ता
अंचल पदाधिकारी
प्रखंड - मंझिआंव



B.N.JALAN COLLEGE
SISAI (GUMLA)
A Constituent Unit of Ranchi University, Ranchi)
E.mail-bnjcollegesisai99@gmail.com
www.bnjalancollege.com | Mob. No-7091406301

निविदा

बैजनाथ जालान महाविद्यालय, सिसई में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर का पुस्तक खरीदारी करनी है। जिसके लिए झारखण्ड के पुस्तक विक्रेताओं से अपने प्रतिष्ठान के लेटर हेड पर छूट प्रतिशत सहित पैन कार्ड के साथ दिनांक 06/02/2024 तक महाविद्यालय कार्यालय में निविदा आमंत्रित है।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
मरूतिनंदन सोनी
युवा समाजसेवी सह
भावी नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी
नगर पंचायत मंझिआंव



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
सतीश कुमार भगत
प्रखंड विकास पदाधिकारी
प्रखंड - मंझिआंव




गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
विवेक कुमार पंडित
थाना प्रभारी
प्रखंड - मंझिआंव



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अमित कुमार मेहता
निदेशक : न्यूटन कंप्यूटर क्लासेज
पोस्ट ऑफिस के बगल में
मेन रोड, मंझिआंव





## राष्ट्रीय मोदी विकास संघ की मासिक बैठक संपन्न



**चालकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय मोदी बर्नवाल विकास संघ की मासिक बैठक चलकुशा में होली एंजेल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में हुई। महाराजा अहिबरन के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय मोदी बर्नवाल विकास संघ के प्रदेश अध्यक्ष संतोष रंजन एवं विशिष्ट अतिथि शंकर वर्णवाल सहित सभी अतिथियों को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसकी अध्यक्षता पुर्व मुखिया तथा प्रखंड अध्यक्ष कुमार मोदी, संचालन अनुप वर्णवाल के द्वारा किया गया। नंदकिशोर बर्नवाल को झारखंड मोदी बर्नवाल विकास संघ का प्रांतीय उपाध्यक्ष, शशि रंजन प्रसाद बर्नवाल को प्रांतीय मीडिया प्रभारी, दीपक कुमार बर्नवाल को युवा संगठन मंत्री, संतोष कुमार मोदी को सहसचिव का पद दिया गया। नेहा जयश्री बर्नवाल को महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा उन्हें संगठन के मजबूती पर बल देने को कहा गया। मौके पर उपाध्यक्ष नंदकिशोर वर्णवाल, प्रखंड सचिव अशोक वर्णवाल, कोषाध्यक्ष लखन मोदी, मिडिया प्रभारी शशिरंजन वर्णवाल, संतोष मोदी, दीपक मोदी, पिन्टू मोदी, इन्द्रदेव मोदी, विजय मोदी, बब्लू मोदी, खिरोधर मोदी, सकलदेव मोदी, त्रिवेणी मोदी, दंतु मोदी, श्यामसुंदर मोदी, सीताराम मोदी, पप्पू मोदी, भीम मोदी, गोविंद मोदी, कृष्ण मोदी, सुधीर मोदी, आलोक मोदी, मनोहर मोदी, कुंदन मोदी, बालेश्वर मोदी, मनोज मोदी ,अजय मोदी, सतीश बरनवाल, राजकिशोर मोदी,नेहा जयश्री वर्णवाल सहित माताएं बहनें उपस्थित थे।

## अर्चना ने जाम से निजात दिलाने का आग्रह किया



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ककरचोली पंचायत के पूर्व मुखिया सह कांग्रेस प्रदेश महिला मोर्चा सचिव अर्चना कुमारी ने कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह से मिलकर जयनगर थाना क्षेत्र में पिपचो चौक एवं जयनगर बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय स्टेट बैंक एवं पेठियाबागी बाजार में जाम से निजात दिलाने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि हरसंभव प्रयास कर जाम से मुक्त किया जायेगा।

## थाना में ही दी धमकी, कार्रवाई की लगायी गुहार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मरकच्चो थाना अंतर्गत ग्राम तेलोडीह के रामचंद्र राणा (पिता स्व श्यामलाल बडही) ने थाना में अनेकों पेड़ काट लेना, खेती उजाड़ देना तथा अपनी रजिस्ट्री जमीन पर जाने से मंगर साव पिता स्व उत्तिम साव वगैरह महिला सहित मिल कर घातक हथियार के साथ जान से मारने दौड़े के संबंध में आवेदन दिया था। थाना में दोनों पक्ष को बुलाया गया था जिसमे एस एस शर्मा एवम पंचायत मुखिया टीपन पासी, सांसद प्रतिनिधि सकलदेव सिंह और गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी कागजात का अवलोकन किया जा रहा था। इसी बीच बिरेंद्र साव पिता मांगर साव ने थाने में ही सभी के बीच कहा कि रामचंद्र राणा की हत्या कर दूंगा। एस एस शर्मा पकड़ने के लिए दौड़े तब तक थाना से भाग गया। रामचंद्र राणा को इस मामले पर आवेदन लिख कर मांगा गया। राणा ने थाना प्रभारी के नाम से लिख कर तुरंत आवेदन भी दिया, हांलाकि इस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित पक्ष भयभीत है, जान माल का खतरा बना हुआ है। अभियुक्त के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवायी की मांग की गयी है।

## अयोध्या प्रसाद मेहता को दी गयी श्रद्धांजलि


**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मेहता कुशवाहा विकास मंच द्वारा सोमवार को इचाक के बरियठ गांव निवासी पूर्व प्रमुख अयोध्या प्रसाद मेहता को श्रद्धांजलि दिया। अयोध्या प्रसाद मेहता मंच के संरक्षक थे। उनकी आत्मा के शांति के लिए शोक–सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मंच के अध्यक्ष जयनारायण मेहता, लखन मेहता, दामोदर मेहता, दिलीप कुमार, युगल किशोर मेहता, निर्मल मेहता, डॉ ओम प्रकाश मेहता, अजय कुमार मेहता, धनुष धारी मेहता, कामेश मेहता, दिनेश मेहता, अयोध्या मेहता, मोतीराम मिर्धा, सुनील प्रसाद, डॉ अभय कांत मेहता, महेश प्रसाद मेहता, सुरेश प्रसाद मेहता, बालेश्वर प्रसाद मेहता, धर्मनाथ प्रसाद मेहता, मुकेश कुमार, राजेश मेहता, डेगलाल मेहता, नागेश्वर प्रसाद मेहता, महेश प्रसाद मेहता, रामसेवक मेहता आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग के जंगलों में घूम रहा बाघ



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** वाइल्डलाइफ क्षेत्र हजारीबाग के नेशनल पार्क में बाघ के विचरण की खबरे कई दिनों से आ रही थी। सोमवार को वन विभाग के पदाधिकारी ने भी पुष्टि करते हुए कहा की एक बाघ नेशनल पार्क के जंगलों में घूम रहा है। वाइल्डलाइफ के डीएफओ अवनीश कुमार चौधरी ने बताया कि हजारीबाग नेशनल पार्क इलाके में एक व्यस्क बाघ वाइल्डलाइफ के सब बिट ऑफिसर के कैमरे में कैद हुआ है जो कि हजारीबाग के लिए काफी सुखद समाचार है। उन्होंने कहा की हजारीबाग को हजार बाघों का शहर कहा जाता था परंतु बहुत समय से यहां बाघ नहीं देखे गए थे। अब यहां बाघ देखे जा रहे हैं जो की काफी सुखद है तथा यह तभी संभव हो पाया है जब से इस क्षेत्र को इको सेंसेटिव जोन घोषित किया गया है। साथ ही डीएफओ अवनीश कुमार चौधरी ने आम लोगों से अपील भी की है कि आप अपने पशुओं को वाइल्ड लाइफ सेंचुरी स्थित नेशनल पार्क में चारा खाने के लिए ना भेजें क्योंकि बाघ कुछ जानवरों पर अटैक भी कर चुका है और उन्हें अपना शिकार बना चुका है। साथ ही उन्होंने यह भी अपील की है कि सुरक्षा के मद्देनजर शाम होने पर आप नेशनल पार्क जाने से परहेज करें।

## बड़कागांव युवा कांग्रेस की बैठक संपन्न



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** दिन सोमवार को बड़कागांव प्रखंड के लोकरा मोहडरवा में युवा कांग्रेस कमेटी की बैठक रखी गयी। बैठक की अध्यक्षता युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि इंटक सचिव सह विधायक सुश्री अंबा प्रसाद के भाई अंकित राज एवं युवा जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव व प्रभारी इकबाल मौजूद रहे। बैठक का संचालन किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद द्वारा किया गया। इस दौरान अंकित राज ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से युवाओं की भागीदारी व सहयोग से समाज का संपूर्ण विकास होगा। वहीं जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव ने पंचायत में युवा की भागीदारी सुनिश्चित करने की व पंचायत स्तर पर संगठन बनाने की बात कही।बैठक के दौरान युवा कांग्रेस कमेटी का विस्तार एवं सभी पंचायत में पंचायत अध्यक्ष बनाने तथा संगठन की मजबूती पर चर्चा किया गया।

### जिला स्तरीय कृषि मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन

# नयी तकनीकी से महिला किसानों को खेती करने की दी सलाह : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता





**कोडरमा।** प्रखंड परिसर स्थित मैदान में जिला कृषि विभाग की ओर से सोमवार को जिला स्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिप सदस्य लक्ष्मण यादव, कोडरमा, चंदवारा के प्रमुख, बीडीओ सुमन गुप्ता आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा कृषि व पशुपालन पर विशेष जोर दे रही है, जैसे मुख्यमंत्री पशुधन योजना, पीएम किसान, मुख्यमंत्री सूखाड़ राहत योजना, केसीसी जैसी योजनाए शामिल है। उन्होंने कहा कृषि एक सतत संसाधन है, जिससे हर साल कुछ न कुछ जरुर होता है। उपायुक्त ने किसानों से जल संरक्षण की दिशा में कार्य करने के लिए भी अपील की। वही बारिश के पानी को संरक्षण करने पर भी जोड़ दिया। उन्होंने कहा कोडरमा जिले के किसानों को मडुवा का उत्पादन से ज्यादा से ज्यादा करें उत्पादन के उपरांत बाजार समिति में मड़ूवा का प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जा रहा है, जंहा किसान अपनी मड़ूवा भेज सकते हैं जिसमें प्रति किसान कम से कम तीन से 4 हजार का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने महिला समूह को विशेष जिम्मेदारी देने की बात कही और नयी तकनीकी से महिला किसानों को खेती करने के लिए सलाह दी। उन्होंने कहां किसानों के विकास के लिए जिला प्रशासन हमेशा सहयोग करेगी। प्रदर्शनी कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह ने की, जबकि संचालन प्रखंड तकनीकी प्रबंधक संतोष कुमार सिंह ने किया। प्रदर्शनी मैं किसान बाबूलाल, सरस्वती देवी, हरि साहू, बबीता देवी, रीना देवी, सुरेंद्र यादव, कविता देवी, नौशाद आलम सहित दर्जनों किसान अपने अपने खेत में उपजाए गये फल व सब्जी लेकर प्रदर्शनी में शामिल हुए। इसमे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कई किसान मित्रों को पुरस्कृत किया गया। इसमें मसरूम, आलू, फुलकोबी, बंदाकोबी, कच्चा केला, शिमला मिर्च, फ्रेंचबीन, टमाटर, हल्दी, कद्दू, कोहड़ा जैसी सब्जियां शामिल थी। प्रदर्शनी कार्यक्रम के मौके पर वीडीओ सुमन गुप्ता, सीओ कमल किशोर सिंह, उप प्रमुख वासुदेव यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष कन्हाई यादव सहित कई गण्यमान्य लोग व सैकड़ो किसान मित्र मौजूद थे।

# रिटायर्ड रेंजर के फ्लैट से 45 लाख चोरी मामले का हुआ खुलासा, ड्राइवर ही निकला चोर

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** सदर थाना क्षेत्र के मारूती शोरूम के नजदीक स्थित रामेश्वरम प्लाजा के रहने वाले रिटायर्ड रेंजर छोटे लाल साह के फ्लैट से 45 लाख कैश की चोरी गत दिन पूर्व हुई थी। हाजरीबाग पुलिस ने चोरी को अंजाम देने वाले रिटायर्ड रेंजर के चालक एजाज अंसारी को गिरफ्तार कर पैसे को बरामद कर लिया है। हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह ने बताया की इस संबंध में लिखित आवेदन पर 23 जनवरी को सदर थाना में कांड सं-26/2024 दर्ज कर पुअनि अमित कुमार द्विवेदी को अनुसंधान का जिम्मा सौंपा गया था। इस मामले में सदर थाना प्रभारी ललित कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया। काफी तहकीकात के बाद भी पुलिस को जब कामयाबी हांथ नही लगी तब छोटे लाल साह के ड्राईवर एजाज अंसारी को गिरफ्तार कर पुछ ताछ शुरू की। एजाज अंसारी ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि छोटे लाल साह का बहुत विश्वासी चालक हूं तथा उनका गाडी चलाते हैं। साथ ही उनका हजारीबाग स्थित फ्लैट की देख-रेख करते है। 14 जनवरी को ये छोटे लाल साह को गाडी से लेकर हजारीबाग स्थित फ्लैट लेकर आये तथा साथ में फ्लैट के अंदर घुस गये। तभी छोटेलाल शाह को पैसे से भरा थैला आलमारी में रखते हुए देखा था। इसके बाद इनसे फ्लैट में ताला लगाकर रांची जाने के लिए बोले तो ये फ्लैट में ताला लगाकर चाबी को बैंग में रखकर दोनों गाड़ी से रांची चले गये। 21 जनवरी को हजारीबाग स्थित फ्लैट की चाबी लेकर बस से रात्रि में हजारीबाग आ गये और हजारीबाग स्थित फ्लैट से आलमारी में रखा रूपया निकालकर थैला में भरकर रांची चले गये। रांची पहुंचने के बाद थैला से पैसा निकालकर घर में बोरा में रखकर छिपा दिया तथा थैला जला दिया। छापामारी टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा एजाज अंसारी के बताये गये स्थान से 44 लाख 85 हजार रुपए को बरामद किया है।

### छापामारी दल

ललित कुमार थाना प्रभारी सदर थाना, एसआई गौतम कुमार, एसआई अमित कुमार द्विवेदी, एसआई अरुण कुमार, एएसआई मो अलाउद्दीन, आरक्षी मनीष चंदेल शामिल।

## कांग्रेस पार्टी की कमेटी गठित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मनातू में पंचायत स्तरीय कांग्रेस पार्टी का बैठक सोमवार को संपन्न हुआ। सर्वप्रथम सभी गनमान्य लोगों का फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। इस बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इंटक के प्रदेश सचिव अंकित राज उर्फ सुमित ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतो में कोर कमेटी का गठन कर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा। कई विकास योजनाओं का अनुशंसा पत्र ग्रामीणों की मौजूदगी में सौपा गया। उन्होंने कहा कि मनातू पंचायत के लोगों के लिए सबसे बड़ी मांग गदुर बिगवा नदी पर पुल निर्माण करने की मांग पर बहुत जल्द पुल का निर्माण कार्य चालू होगा। इस दौरान पंचायत के विकास योजनाओं का चयन किया गया चापाकल की सूची बनाई गयी। बैठक में उपस्थित लोगों का कोर कमेटी सदस्यों का चयन किया गया जिसमें अध्यक्ष संतोष शर्मा, विजय कुमार भोक्ता उपाध्यक्ष, राहुल कुमार कुशवाहा सचिव, लाल बिहारी गंझू, कोषाध्यक्ष रूपन भोक्ता संरक्षक चुने गये। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले में दिलीप कुमार, मनोज कुमार, दीपक कुमार, शंभू गंझू, रामकिशन राम, कार्तिक गंझू,बबीता देवी, लीलावती देवी, रणजीत नायक, कुलदीप गंझू, चंद्र गंझू,जगदीश गंझू, मनोज गंझू, प्रेम गंझू, रोहन गंझू,अजीत उरांव, भुवनेश्वर गंझू, अनिल गंझू,संतोष उरांव, सुरेश उरांव, विजय गंझू, प्रीतम भोक्ता, सोमर गंझू,नागेश्वर गंझू, महेंद्र गंझू गांव के ग्रामीण महिला पुरुष थे।

## ढिबरा पॉलिसी भाजपा के षडयंत्र का हो गयी शिकार : यूनियन




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** माइका वर्कर्स यूनियन ने आरोप लगाया है कि झारखंड सरकार की ढिबरा पॉलिसी भाजपा के षडयंत्र का शिकार हो गई है। लिथियम की खोज के बहाने ढिबरा के काम को केंद्र सरकार के अधीन परमाणु ऊर्जा विभाग ने एक साल से रोक रखा है जब कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 17 जनवरी, 2023 को ही नयी नियमावली के तहत विधिवत उद्घाटन कर चुके हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग की हठधर्मिता के कारण लाखों ढिबरा मजदूर भूख से तड़प रहे हैं। केंद्र में कोडरमा की जन प्रतिनिधि भाजपा की ही हैं पर उन्हें कोई चिंता नहीं है। यूनियन की कोडरमा जिला इकाई की संपन्न बैठक में प्रस्ताव पारित कर मांग की गयी कि केंद्र और राज्य सरकार अविलंब नियमावली के तहत ढिबरा का काम शुरू करवाए ताकि अभ्रक क्षेत्र की आर्थिक बदहाली दूर हो सके। सरस कुमार बबलू की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रस्ताव पारित कर केंद्रीय ट्रेड यूनियन सीटू के जिला सम्मेलन में बढ़ चढ़ कर शामिल होने का निर्णय लिया गया। संयोजक महेंद्र तुरी द्वारा संगठन की गतिविधियों पर प्रस्तुत रिपोर्ट को पारित किया गया। वासुदेव आचार्य के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में सीटू के जिला संयोजक रमेश प्रजापति, महेंद्र तुरी, टेकलाल दास, भिखारी तुरी, मोहम्मद गयासुद्दीन, सुभाष तुरी, सोनू बहादुर, भोला तुरी, सविता देवी और यशोदा देवी उपस्थित थे।

# दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होना चिंताजनक : डीएसएमएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** नवलशाही थाना अंतर्गत खरखार पासवान टोला में एक व दो जनवरी को दबंगों के द्वारा दलित परिवार के महिला पुरूषों के साथ मारपीट करने की घटना के करीब एक माह बीत जाने के बावजूद अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर दलित शोषण मुक्ति मंच ने चिंता जाहिर किया है। आंदोलन की रणनीति बनाने के लिए सोमवार को अंबेडकर पार्क कोडरमा में दलित शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले विभिन्न दलित संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त बैठक प्रेम प्रकाश पासवान की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। मालूम हो कि गिरफ्तारी की मांग को लेकर 16 जनवरी को दलित शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले एसपी के समक्ष विशाल धरना दिया गया था, जिसमें जांच कर अविलंब गिरफ्तारी का आश्वासन पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिहं ने दिया था। लेकिन अब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बैठक में दलित नेताओं ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि स्थानीय सांसद विधायक व जनप्रतिनिधियों के दबाव में और आरोपियों से मोटी रकम लेकर दोषियों को बचाने का काम कर रही है और संविधान व कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। लेकिन जब तक खरखार के दलितों को न्याय नहीं मिलेगा और दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होगी हमलोग शांत नहीं रहेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गिरफ्तारी की मांग को लेकर आगामी 9 फरवरी को एसपी कार्यालय के समक्ष रोषपूर्ण प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक में दलित शोषण मुक्ति मंच के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास, सचिव शम्भु पासवान, सीटू नेता संजय पासवान, पासवान जनकल्याण समिति के जिलाध्यक्ष बाला लखेन्द्र पासवान, राजकुमार पासवान, धोबी महासंघ के अध्यक्ष खगेंद्र राम, पासी समाज के अध्यक्ष रामबालक चौधरी, अशोक पासवान, संतोष पासवान, सोनू दास आदि मौजूद थे।

## बुढ़वा महादेव महाशिवरात्रि पूजा समिति का गठन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य भर में बड़कागांव प्रखंड के विख्यात महुदी पहाड़ स्थित बुढ़वा महादेव मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम के साथ महाशिवरात्रि पूजा मनाया जायेगा। जिसको लेकर बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर में रविवार को बैठक रखा गया। बैठक की अध्यक्षता बुढ़वा महादेव शांति सह विकास समिति के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता एवं संचालन प्रकाश कुमार ने किया। बैठक में सर्व समिति से महाशिवरात्रि पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी, सचिव शशि कुमार कोषाध्यक्ष सत्यजीत विद्या अलंकार, मुख्य संरक्षक बालेश्वर महतो, कीनू महतो बुद्धिनाथ, संरक्षक जयशंकर मेहता, दामोदर प्रसाद मेहता, सहेश कुमार,अरविंद कुमार, शिबू मेहता, नार्शिंग मेहता, प्रकाश कुमार ,रविंद्र कुमार, द्वारका महतो, भीम प्रकाश, रामधनी महतो, अवध किशोर कुमार, देवनाथ कुमार, रामचंद्र महतो, सुधांशु शेखर, संदीप कुशवाहा, जयहिंद महतो, उप संयोजक केदार प्रसाद दांगी, उपाध्यक्ष उदय मेहता, उपसचिव बंधु महतो, उपकोषाध्यक्ष डेविड कुमार, पुजारी विशेश्वर महतो, माधव महतो, इंद्रनाथ महतो, लालशाही महतो,तुलसी महतो, जय नंदन महतो, कन्हाई महतो, धर्मनाथ महतो, मिट्ठू महतो, मीडिया प्रभारी पिंटू कुशवाहा दिनकर, राजकिशोर सोनी, झांकी प्रभारी हुलास प्रसाद दांगी, संतोष कुमार, देवनाथ कुमार ,राजेश कुमार, उमेश कुमार मौर्य सहित दर्जनों लोगों को कार्यकारिणी सदस्य में रखा गया।

## पत्रकार आनंद राज के पिता का निधन, शोक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के सांढ़ निवासी पत्रकार सह पूर्व वार्ड सदस्य आनंद राज के पिता सुगन पासवान का आकस्मिक निधन हो गया। वे 80 साल की थे। वे अपने पीछे पत्नी गुलबी देवी समेत प्रथम पुत्र प्यारे राम पासवान, द्वितीय अशोक पासवान, तृतीय पुत्र पूर्व वार्ड सदस्य पत्रकार आनन्द राज, पुत्री रेखा कुमारी, पुत्र वधु वार्ड सदस्य अंजू कुमारी, जल सहिया सरिता पासवान, सुमा देवी, अमरदिप पासवान, अंकित कुमार, अनुराज जीत, विक्की, विक्रम, शिम्मी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये। इनका दाह संस्कार बड़की नदी स्थित छपेरवा श्मशान घाट में किया गया। इनका मुखाग्नि प्रथम पुत्र प्यारे राम पासवान ने दी। उनके आत्मा को शांति प्रदान के लिए दो मिनट मौन धारण किया।इनके शव यात्रा एवं शोक सभा में विधायक अम्बा प्रसाद के भाई अंकित राज, आजसू के सन्दीप कुशवाहा,पत्रकार दीपक सिन्हा, नरेश कुमार, सजंय सागर,रितेश ठाकुर,अमित कुमार, आशीष कुमार, पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी,बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी,बिनोद कुमार,गुलाब राम,बालेश्वर राम,मनोज पासवान, महेश पासवान, सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

## अतिथि सत्कार होटल में कॉग्रेस का वनभोज




**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** यहां के अथिति सत्कार होटल में प्रखण्ड कांग्रेस कमेटि द्वारा वनभोज का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को मजबूत बनाने को लेकर सक्रिय रहने पर जोर दिया। मौके पर उपस्थित कांग्रेस के वरीय नेता सुरेंद्र मिश्र, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार एवं प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने कहा कि गैर कांग्रेसी दलो का सिद्धांत बचा है, ना नीति। गैर कांग्रेसी दलों को जनहित से कोई सरोकार नहीं है। आत्महित में गैर कांग्रेसी दलों जिसमे खास कर भाजपा राज्य की चुनी हुई सरकार को अस्थिर कर कब्जा जमाने मे जुटी है। इसका ताजातरीन राज्य विहार है जहां सरकार में तोड़फोड़ कर अपने पाले में करने में भाजपा सफल हो गयी। भाजपा का यह प्रयोग झारखंड में सफल नही होने दिया जायेगा। मौके पर गणपति स्वर्णकार, रामजन्म राय, जगदीश वर्मन, शिव प्रसाद लहकार, कैलाश महतो, मिथिलेश कुमार शर्मा, सुनील कुमार, पूनम कुमारी, कमल राम, गुलाम जामी, मो इस्लाम, नरेश सिंह, मो जलील हुसैन, मंसूर अंसारी, इफरोज, परमेश्वर पंडित, मजबूल अंसारी, हफीज अंसारी, असलम अंसारी, हसमुद्दीन अंसारी, मो खलील अंसारी, गुलाब महतो, रोहित राम, फकरुद्दीन अंसारी, मो इस्लाम, निजामुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

## एएनएम के स्थानांतरण को लेकर चिकित्सा पदाधिकारी को आवेदन

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सतडीहा पंचायत के मुखिया सविता देवी, पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर को लिखित आवेदन पत्र देकर सतडीहा उप स्वास्थ्य केंद्र में पद स्थापित एएनएम नीलु कुमारी को स्थानांतरण करने की मांग की है। बता दें कि 24 जनवरी को उत्पाद विभाग के द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र सतडीहा में छापामारी कर काफी मात्रा में शराब एवं बिहार के रहने वाले मृत्युंजय सिंह को गिरफ्तार किया था। एएनएम एवं शराब माफिया के मिली भगत से हमारे पंचायत को बदनाम किया जा रहा है। इसलिए उक्त एएनएम को स्थानांतरित किया जाए। उक्त आवेदन में उप मुखिया आशा देवी, वार्ड सदस्य मनोज रविदास, सहदेव पासवान, सहदेव रविदास, पुष्पा कुमारी, विनीता कुमारी, रामजी यादव, सरोज पंडित, संतोष कुमार यादव, पिंटू यादव, अनिल यादव, सुरेश यादव, उमेश यादव, गुड़िया देवी, संगीता कुमारी, सरिता देवी सहित कई लोगों ने हस्ताक्षर किया है।

## अवैध खनन रोकने के लिए छापेमारी करने का निर्देश



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की आहूत बैठक में ढिबरा एवं ब्लू स्टोन के अवैध खनन एवं परिचालन पर सख्ती से रोक लगाने हेतु खनन टास्क फोर्स, सभी अंचल अधिकारी, सभी वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं सभी थाना, ओपी प्रभारी को कड़ी करवाई करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि अवैध उत्खनन को रोकने के लिए साप्ताहिक सेकंड जांच अभियान चलाएं और खनन टास्क फोर्स को जिले के विभिन्न स्थलों पर औचक कार्रवाई करें। जिला के विभिन्न स्थलों से अवैध ढिबरा लदे वाहन जप्त कर नियमानुसार कार्रवाई कर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। खनन टास्क फोर्स, सभी अंचल अधिकारी, सभी वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं सभी थाना, ओपी प्रभारी द्वारा की गयी कारवाई से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर जिला वन प्रमण्डल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, खनन टास्क फोर्स के सदस्य एवं अन्य उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मतकमा चौक में वीर सिदो कान्हू की प्रतिमा स्थापित की जायेगी : अंबा प्रसाद



पतरातू (आजाद सिपाही)। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान के लिए सोमवार को पतरातू पीटीपीएस 5 नंबर रोड स्थित में जनता दरबार लगाया गया। जिसमें विधायक द्वारा विभिन्न गांव से आये ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया गया। इस दौरान विधायक ने विधायक मद से मतकमा चौक में वीर सिद्धू कान्हू की प्रतिमा लगाने हेतु विधायक मद से अनुशंसा की। इसकी जानकारी ग्रामीणों को भी दी गयी। सिद्धू कान्हू की प्रतिमा लगाने की बातें सुनकर ग्रामीणों ने विधायक को बधाई दी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, मो हसीब, अंजन प्रसाद, मुखिया विजय मुंडा, झरी समेत सैकड़ो ग्रामीण शामिल हुए।

### आलोक फैक्ट्री प्रबंधन ने विद्यालय को सौंपी आवश्यक सामग्री




कुजू। बुढाखाप करमा स्थित आलोक स्टील इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधन ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुगिया को सीएसआर के तहत कई आवश्यक सामग्री प्रदान किया। इस दौरान कंपनी द्वारा विद्यालय को एक टेबल, तीन कुर्सी पुस्तकों के रख-रखाव के लिए बुकलेस दिया गया। मौके पर प्रबंधन ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा कंपनी से उक्त सामग्री उपलब्ध कराने का मांग की गयी थी। वहीं, सुरक्षा के दृष्टिकोण से विद्यालय के चहारदीवारी और मुख्य द्वार के उंचाई को 4 से 5 फीट तक बढ़ाने के साथ सौंदर्यकरण कराया गया। सभी मांगो को पूरा करने के लिए प्राचार्य ने कंपनी का आभार प्रकट किया। मौके पर प्राचार्य संजय कुमार राय, राधारानी कुमारी, अमित कुमार शर्मा, धर्मनाथ महतो के अलावे कंपनी के प्लांट के हेड सोमेन पांडेय, कामर्शियल हेड पवन कुमार अग्रवाल, सीएसआर हेड आरपी शर्मा, एचआर विकास, पर्यावरण हेड मनोज मौजूद रहे।

### पत्रकार की माता का निधन, शोक



मांडू (आजाद सिपाही)। पत्रकार प्रतिनिधि संजय कुमार मंडल की माता सरस्वती देवी (66 वर्ष) का निधन सोमवार की सुबह हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थी। सोमवार की सुबह वे अंतिम सांस ली। इसके बाद शोक संवेदना प्रकट करने को लेकर नेता और पत्रकार उनके आवास पहुंचे। साथ ही शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाया। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार रंगमटिया स्थित शमशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि छोटे पुत्र विजय कुमार मंडल ने दिया। शोक व्यक्त करने वालों में मुखिया बैजनाथ राम, मुखिया प्रतिनिधि छोटेलाल भुईयां, मुखिया अनिता देवी, धनेश्वर साव, नवरत्न कुमार, उप मुखिया सीता देवी, संतोष राम, महेंद्र प्रसाद, रणधीर, सत्येंद्र, निरंजन प्रसाद, सुरेश चंद्र साहू, महेश प्रसाद मंडल, बीरु कुमार आदि शामिल थे।

### बाइक से गिर कर युवक की मौत

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू थाना क्षेत्र पालू पंचायत अंतर्गत महुआ टांड के समीप सोमवार की करीब 11:00 बजे अनियंत्रित बाइक से पवन मुंडा उम्र करीब 22 वर्ष पिता उमेश मुंडा महुआ टांड़ निवासी गिर गया। सड़क पर गिरने से गंभीर चोट लगने से घायल हो गया। अनान फानन मे उसे ग्रामीणों के सहयोग से सीएचसी पतरातू लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# हाइवा मालिक संघ की बेमियादी हड़ताल जारी, वार्ता विफल

आजाद सिपाही संवाददाता



टंडवा। बीते शनिवार से वाहन मालिक संघ का बेमियादी हड़ताल जारी है। तीसरे दिन तक जारी हड़ताल को तुड़वाने का प्रयास सोमवार को ट्रांसपोर्ट कंपनी प्रगति और ऋत्विक कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। धरना स्थल पर टंडवा पिपरवार रोड में वाहन मालिक के साथ घंटो वार्ता होने के बाद वाहन मालिक हड़ताल नहीं तोड़ने की बात कही। वार्ता में सिमरिया विधान सभा क्षेत्रीय जेएमएम नेता मनोज चंद्रा अपने कार्यकर्ताओं के साथ वाहन मालिकों से हड़ताल का समर्थन करने के लिये मौजूद थे। वहीं ट्रांसपोर्ट कंपनियों के प्रतिनिधि मनोज सिंहा, मिस्टर रिजवान से जेएमएम नेता चंद्रा ने वाहन मालिकों की भाड़ा वृद्धि और करोड़ों रुपया की बकाया भाड़ा की समस्या पर कहा कि भले औद्यौगिक नगर से टंडवा केरेडारी का नाम जुड़ चूका है, पर नीति सिद्धांत और ट्रांसपोर्ट से जुडी दिल्ली और हैदराबाद हेड ऑफिस से तय होती है। यह मामला बहुत संवेदनशील और दुखद है, कि सैकड़ों वाहन मालिक की दो-दो महीने का किस्ती फेल है। उनपर ट्रांसपोर्ट नाना प्रकार की कोयला ढोने के बाद डीजल और शॉर्टेज के नाम पर वाहन मालिको से ट्रांपोर्टर द्वारा भाड़ा काट कर भुगतान किया जाता है। उन्होंने भाड़े की वृद्धि की मांग को जायज बताया। वहीं ऋत्विक ट्रांसपोर्ट कंपनी और प्रगति कंपनी के प्रतिनिधियों ने 10 दिनों के अंदर का समय लेकर भाड़ा वृद्धि और अन्य समस्या पर प्रबंधन के बीच बैठक कर बढ़ाने की आश्वासन का आग्रह वाहन मालिको के साथ कर रहे थे। वहीं वाहन मालिक के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने वार्ता के दौरान कहा कि ऋत्विक कंपनी और प्रगति कंपनी के आश्वासन यदि मान लेते है। तब भी समस्या पर बात नही होगी बल्कि नयी-नयी टेक्निक अपनाकर हाइवा मालिक को बेवकूफ बनाया जाता रहेगा। उन्होने बताया कि सबसे बड़ी बात यह है, विगत दिनों टैकोन कंपनी और पीएनएम ट्रांसपोर्ट कंपनी नें झूठे आश्वाशन दे देकर करोड़ो का बकाया भाड़ा रखा गया है। उसे अविलंब बकाया भाड़ा चट्टी बरियातू ऋत्विक कंपनी प्रबंधन द्वारा करा दिया जाये और नई कोयला की ढुलाई पर चट्टीबारियातु से नॉर्थ कर्णपुरा एनटीपीसी 200 प्रति टन, बचरा साइडिंग 320 रुपया प्रति टन, कटकमसांडी 650 रुपया प्रति टन भाड़ा की घोषणा कर बढ़ाया जाये, बाहरी गाड़ी से ढुलाई नही किया जाये, भाड़ा का भुगतान 1 से 15 तारीख 22 तारीख 16 से 30 तारीख तक किया जाये का यही मांग है। जो बात है धरना स्थल पर होगीं। जब तक मांगे पूरी नही हो जाती हमलोग हड़ताल जारी रखेंगे बताया। इस मौके पर जेएमएम नेता सह जिला पसंस अध्यक्ष विकास कुमार पांडेय, जागेश्वर दास, चंद्रदेव साहू, वाहन मालिक संघ सचिव सरोज नायक, कोषाध्यक्ष निर्मल, सुरेश, गणेश समेत सैकड़ों वाहन मालिक शामिल थे।

## 1 फरवरी को रामगढ़ में यंग इंडिया का मार्च होगा ऐतिहासिक : शिल्पी घोषाल

**जुमला नहीं जवाब दो, 10 साल का जवाब दो के साथ आइसा ने किया प्रेस कांफ्रेंस**

आजाद सिपाही संवाददाता




रामगढ़। आइसा द्वारा रामगढ़ पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। आइसा नेताओं ने कहा कि यंग इंडिया के 10 सवाल पर राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान के साथ झारखण्ड के सभी जिलों में हस्ताक्षर अभियान चला रही है। देश भर में मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आइसा विरोध कर रही है। मोदी सरकार 2020 में नई शिक्षा नीति लाकर फीस वृद्धि और सार्वजनिक शिक्षा को आम छात्रों के पहुंच से बाहर कर दिया है। इन्हीं सवालों पर आगामी 1 फरवरी को रामगढ़ में यंग इंडिया मार्च करते हुए सैकड़ों छात्र रामगढ़ ब्लाक में धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रधानमंत्री को पत्र प्रेषित किया जायेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आइसा के जिला प्रभारी शिल्पी घोषाल, जिला अध्यक्ष सावित्री कुमारी और सावन कुमार शामिल थे।

### बेहतर प्लानिंग से मिलेगा हाइ स्कोर: विवेक प्रधान

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सीबीएसई 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू होने में अब कुछ दिन ही शेष है। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने विद्यार्थियों को सुझाव देते हुए बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए प्लान जरूरी है। यह तय करें कि किस सब्जेक्ट और टॉपिक को पहले पढ़ना है और किसे बाद में। टॉपिक को छोटे-छोटे हिस्सों मे पढ़ें, ताकि सभी महत्वपूर्ण टॉपिक कवर हो जाए। यह ध्यान रखें कि किसी भी टॉपिक को इग्नोर नहीं करना है।

## सेविका सहायिका का महासम्मेलन 11 को

आजाद सिपाही संवाददाता



मांडू । झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की बैठक मांडू चट्टी स्थित पंचायत सचिवालय में सेविका रेखा देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष वीणा सिन्हा, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा, पलामू जिला संयोजक महेंद्र प्रजापति उपस्थित थे। बैठक में 11 फरवरी 2024 को रांची में आहूत सेविका सहायिका का महासम्मेलन की तैयारी और संगठन के मजबूती पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के द्वारा झारखंड आंगनबाड़ी वर्कर यूनियन के लिए रामगढ़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में रेखा देवी मांडू को मनोनीत किया गया। मौके पर उपस्थित सभी सेविका सहायिका द्वारा मनोनीत अध्यक्ष और अतिथियों का स्वागत किया। वहीं महासम्मेलन में रांची में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में रंजू मिश्रा, कुसुम देवी, जयंती देवी, ममता प्रसाद, टेरेसा मुर्मू, कनिज अजमेरी, वनिता देवी, मीना देवी, मुन्नी सहित सैकड़ों सेविका सहायिका उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### एनडीए में बिहार सीएम के शामिल होने पर जदयू ने मनाया जश्न



कुजू (आजाद सिपाही)। रामगढ़ जिला जदयू नेता और कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू के नेतृत्व में बिहार में जनता दल युनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिश कुमार के 9वीं बार मुख्यमंत्री बनने और एनडीए में शामिल होने पर जमकर आतिशबाजी किया। मौके पर जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि नीतीश कुमार के इस फैसले से झारखंड में पार्टी और मजबूत होने के साथ हम सभी नेताओ व कार्यकर्ताओ में नए उर्जा का संचार हुआ है। मौके पर जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भूषण उराव, प्रखंड उपाध्यक्ष रौशनलाल महतो, राम अवतार महतो, पवन करमाली, पवन महतो, रामाकांत पटेल, उमेश प्रसाद, नागो मालाकार, फुलमतिया, अकबर, शक्ति समेत कई लोग मौजूद रहे।

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी की हो निष्पक्ष सीबीआइ जांच : गौतम



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। 8 साल के परीक्षा लेने के बाद भी 8 घंटा में भी लंबे समय के उपरांत 28 जनवरी को जेएसएससी सीजीएल द्वारा आयोजित परीक्षा में हुए पेपर लीक के मामले को लेकर सरकार से उचित कार्रवाई उठाने का आह्वान करते है, इस पेपर लीक से शिक्षा क्षेत्र पर नकारात्मक हलचल उत्पन्न हुई है, इस नकरात्मक हलचल का समाधान उचित ढंग से होना अत्यंत आवश्यक है। उक्त बातें सोमवार को अभाविप के झारखंड प्रदेश के प्रदेश सह मंत्री गौतम महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। अतः अभाविप वर्तमान राज्य सरकार से यह मांग करती है कि उक्त गड़बड़ी के मामले की निष्पक्ष सीबीआई जांच करा कर मामले में संलिप्त दोषियों के ऊपर सरकार द्वारा ही लाये गये नकल विधेयक के तहत कार्यवाही सुनिश्चित हो और केवल तृतीय पाली नहीं बल्कि 28 जनवरी 2023 को हुए सभी पालियों की परीक्षा को रद्द कर कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा का आयोजन करना सुनिश्चित किया जाये।

### भाजयुमो ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

चतरा (आजाद सिपाही)। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केसरी के नेतृत्व में चतरा जिले के सभी मंडलों में जेएसएससी परीक्षा की हुई पेपर लीक के विरोध भ्रष्ट युवा विरोधी सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका गया। इसी निमित चतरा नगर के केसरी चौक पर भी पुतला फूंका गया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष ने कहा हेमंत सोरेन युवा विरोधी और छात्र विरोधी सरकार है। हेमंत सोरेन गद्दी में बैठने के साथ ही युवा विरोधी और छात्र विरोधी कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनावी वादों में कहा था, हम 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे और बेरोजगारी भत्ता देंगे। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह, जिला मंत्री शिवबालक सिंह, सांसद प्रतिनिधि राकेश झा, निर्भय ठाकुर, भाजपा नेता शिवकुमार चौबे, अशोक, बसंत यादव सहित अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वीप कोर कमिटी का गठन

चतरा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में स्वीप कोर कमिटि, सभी ई.एल.सी. मास्टर ट्रेनर, सभी कोषांग के नोडल पदाधिकारियों/सहायतार्थ पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में सर्वप्रथम निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में स्वीप गतिविधि को तेज करने और शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नियमानुसार स्वीप कोर कमिटि का गठन किया गया। वहीं स्वीप आइकॉन के साथ बैठक में शीतल सिन्हा और शालिनी दुबे से वोटर वृद्धि को लेकर अपना विचार रखने के लिए कहा गया।


































# बदलेगी सियासत

बिहार की राजनीति में घटनाचक्र एक बार फिर तेजी से घूमा है। पिछले कई दिनों से मीडिया में सूत्रों के हवाले से चल रही खबरें और परदे के पीछे चल रही गतिविधियां रविवार को तब अंजाम तक पहुंचीं, जब महागठबंधन के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस्तीफा दिया और कुछ घंटों के अंदर एनडीए के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली। नीतीश कुमार ने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। समकालीन राजनीति में उन्हें सबसे अपरिहार्य नेता इस अर्थ में कहा जा सकता है कि वे बार-बार सहयोगी दल अदलते-बदलते रहे हैं और फिर भी मुख्यमंत्री के तौर पर स्वीकार्य बने रहे हैं। अतीत में वह दो बार एनडीए को छोड़ चुके हैं, इसके बावजूद फिर इस बार बीजेपी और एनडीए ने समर्थन देकर उनकी सरकार बनवा दी। निश्चित रूप से इसके पीछे बिहार की मौजूदा राजनीतिक स्थितियों की भूमिका है। वहां तीन बड़ी पार्टियों के बीच वोट बैंकों का समीकरण कुछ ऐसा है कि कोई भी एक पार्टी अपने दम पर सरकार नहीं बना पा रही। भाजपा और राजद धुर विरोधी भूमिका में हैं, इसलिए एक-दूसरे से हाथ नहीं मिला सकतीं। ऐसे में खञ्ज्र जिससे भी हाथ मिला ले, उसे सरकार में भागीदारी का मौका मिल जाता है। इसी स्थिति का फायदा उठाते हुए जदयू कभी भाजपा तो कभी राजद से हाथ मिला सरकार बनाती रही है। दिलचस्प है कि जदयू को विशिष्ट स्थिति प्रदान करने वाले इस समीकरण को बदलने के प्रयास भी अंदर ही अंदर चलते रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनावों में जब नीतीश कुमार एनडीए में थे, तब इस अलायंस के ही एक दल एलजेपी ने उनके खिलाफ प्रत्याशी खड़े कर-के उनकी सीटों की संख्या कम करने में अहम भूमिका निभायी थी। माना जाता है कि एलजेपी के चिराग पासवान को परदे के पीछे से भाजपा का समर्थन हासिल था। ऐसे में यह देखने वाली बात होगी कि इस बार एनडीए के अंदर इन सभी दलों में कैसा सामंजस्य रहता है। नीतीश कुमार के ताजा मूव ने प्रदेश में सरकार का स्वरूप तो बदला ही है, राष्ट्रीय राजनीति में भी उथल पुथल के आसार पैदा कर दिये हैं। विपक्षी दलों में एकजुटता लाने के जो प्रयास पिछले कई महीनों से चल रहे थे, उनके सूत्रधार नीतीश कुमार ही थे। अब अचानक उनका एनडीए में जाना आइएनडीआइए के लिए ऐसा झटका है, जिससे उबरना उसके लिए आसान नहीं होगा। विश्वसनीयता का सवाल तो अपनी जगह है ही, तमाम घटक दलों में इस विपक्षी गठबंधन को बनाए रखने की इच्छा भी पहले जितनी बनी रहती है या नहीं यह देखने वाली बात होगी।

**माना जाता है कि एलजेपी के चिराग पासवान को परदे के पीछे से भाजपा का समर्थन हासिल था। ऐसे में यह देखने वाली बात होगी कि इस बार एनडीए के अंदर इन सभी दलों में कैसा सामंजस्य रहता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**निःसंदेह, परीक्षा की तैयारी महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण अध्ययन और स्वस्थ जीवन के बीच एक अच्छा संतुलन बना कर रखना है। आज, परीक्षा में 'प्रदर्शन' छात्रों के संपूर्ण दिलो दिमाग पर इस कदर छाया हुआ है कि उन्हें शिक्षा से जुड़े परिणामों के अलावा कुछ भी दिखायी नहीं देता है। इस तरह के अक्खड़ विचार हमारे छात्रों को बर्बाद कर देते हैं और उनकी रचनात्मकता एवं प्रतिभा का गला घोंट देते हैं। हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं कि प्रत्येक बच्चा विशिष्ट रूप से संपन्न है और सभी शैक्षणिक दृष्टि से उत्कृष्ट नहीं हो सकते।**

# परीक्षा का तनाव कम करना: छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संतुलन



धर्मेंद्र प्रधान



छात्रों को अक्सर कड़े प्रतिस्पर्धी माहौल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के बीच नाजुक संतुलन कायम करने की विकट चुनौती का सामना करना पड़ता है। परीक्षा अवधि के दौरान यह संतुलन विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है, जब छात्रों को शिक्षा संबंधी परेशानियों और अपने कार्य से जुड़ी चिंता का सामना करना पड़ता है, जिसका उनके मानसिक और संपूर्ण स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। निःसंदेह, परीक्षा की तैयारी महत्वपूर्ण है, लेकिन इससे भी अधिक महत्वपूर्ण अध्ययन और स्वस्थ जीवन के बीच एक अच्छा संतुलन बना कर रखना है। आज, परीक्षा में 'प्रदर्शन' छात्रों के संपूर्ण दिलो दिमाग पर इस कदर छाया हुआ है कि उन्हें शिक्षा से जुड़े परिणामों के अलावा कुछ भी दिखायी नहीं देता है। इस तरह के अक्खड़ विचार हमारे छात्रों को बर्बाद कर देते हैं और उनकी रचनात्मकता एवं प्रतिभा का गला घोंट देते हैं। हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं कि प्रत्येक बच्चा विशिष्ट रूप से संपन्न है और सभी शैक्षणिक दृष्टि से उत्कृष्ट नहीं हो सकते। परीक्षा परिणाम के आधार पर हम किसी बच्चे की प्रतिभा का अनुमान नहीं लगा सकते। परीक्षा परिणाम किसी छात्र के जीवन में सफलता का एकमात्र पैमाना नहीं होना चाहिए। हम सभी- माता-पिता, शिक्षक, मित्र और परिवार- को मिल कर और एकजुटता से काम करना चाहिए, ताकि बच्चे को उसकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान किया जा सके। परीक्षा में प्रदर्शन न केवल स्वाभाविक प्रतिभा पर निर्भर करता है, बल्कि स्वस्थ शरीर और तेज दिमाग जैसी कई चीजों पर भी निर्भर करता है, जो शारीरिक मजबूती को बढ़ाता है और मस्तिष्क तेजी से ध्यान केंद्रित करता है।

**छात्र शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए परिवार, शिक्षकों और समाज की अपेक्षाओं का बोझ उठाते हैं।**

छात्र शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए परिवार, शिक्षकों और समाज की अपेक्षाओं का बोझ उठाते हैं। इससे एक अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जो उन्हें मानसिक रूप से कमजोर और शारीरिक रूप से थका देती है। कभी-कभी, थकान के कारण उनकी ऊर्जा खत्म हो जाती है और इसका असर उनके स्वास्थ्य और खुशहाली पर पड़ता है। अत्यधिक तनाव मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं जैसे चिंता, डिप्रेशन और नींद संबंधी विकारों का जोखिम बढ़ाने वाला कारक माना गया है। इसलिए मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यावश्यक है। इन चुनौतियों पर काबू पाने के लिए छात्र हमेशा सकारात्मक सोच रखें, एकाग्रता का स्तर बढ़ायें और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए व्यायाम, ध्यान और गहरी सांस लेने की आदत बनायें, एक सुव्यवस्थित अध्ययन दिनचर्या स्थापित करें, कार्यों को प्रबंधनीय भागों में विभाजित करें और हासिल करने के यथार्थवादी शैक्षणिक लक्ष्य बनायें। परामर्श सेवाओं तक पहुंच और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में खुली जानकारी प्रदान करने से फिक्र या अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से जूझ रहे लोगों के लिए एक सहायक वातावरण भी बनता है।

**परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को कैसे बनाये रखा जा सकता है, इसके लिए निम्नलिखित व्यापक तरीकों पर ध्यान देना शिक्षाप्रद होगा :**

**छोटे ब्रेक और शारीरिक कार्य:** शारीरिक स्वास्थ्य हमारी समग्र फिटनेस और स्फूर्ति को बनाये रखने के मूलभूत तत्वों में से एक है। नियमित व्यायाम न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है बल्कि तनाव को दूर करने के रूप में भी काम करता है। यह ज्ञान संबंधी कार्यों और जानकारी को याद रखने की क्षमता को बढ़ाता है, दोनों ही परीक्षा में प्रदर्शन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हैं। परीक्षा की तैयारी करते समय, छात्र हमेशा अपने स्वास्थ्य से अधिक प्राथमिकता अपनी पढ़ाई को देते हैं। हमें उन्हें स्ट्रेचिंग, वॉकिंग, जॉगिंग या योग जैसे कुछ शारीरिक कार्यों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, जो तनाव को काफी हद तक कम कर सकते हैं, जिससे छात्रों को अपने दिमाग को रिचार्ज करने में मदद मिलेगी।

**संतुलित आहार और पोषण:** कठिन अध्ययन की मांग से निपटने और स्वस्थ रहने में पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भोजन ईंधन का काम करता है, जो हमारे शरीर और दिमाग दोनों को पोषण देता है। हम जो भोजन खाते हैं, उसकी गुणवत्ता हमारे संपूर्ण व मानसिक स्वास्थ्य का सार्थकता से निर्धारण करती है। एक सामान्य गलती जो छात्र इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान अक्सर करते हैं, वह है खराब खाना या घर पर बने पौष्टिक भोजन के स्थान पर जंक फास्ट फूड, चॉकलेट, एनर्जी ड्रिंक और चिप्स जैसे अस्वास्थ्यकर भोजन लेना। कभी-कभी वे चिंता और तनाव के कारण या परीक्षा की तैयारी के लिए अपना समय बचाने के लिए परीक्षा के दौरान भोजन भी छोड़ देते हैं। विटामिन, खनिज और फाइबर से भरपूर संतुलित आहार खाने से मस्तिष्क के अधिकतम कामकाज के लिए आवश्यक ऊर्जा मिलता है। पर्याप्त पानी की मात्रा को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसकी कमी ज्ञान संबंधी क्षमताओं और एकाग्रता को काफी हद तक खराब कर सकती है।

**अच्छे स्वास्थ्य के लिए पर्याप्त नींद:** परीक्षा के समय गुणवत्तापूर्ण नींद भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। नींद और जानकारी संबंधी कार्य, स्मरण शक्ति और भावनात्मक लचीलेपन के बीच सीधा संबंध है। छात्रों को रोजाना एक ही समय पर बिस्तर पर जाकर और जागकर नींद का लगातार एक ही पैटर्न बना कर रखना चाहिए। जो छात्र रात में उचित मात्रा में नींद लेते हैं, वे हमेशा बेहतर याद रखने और बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम होते हैं। अच्छी नींद भी अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक न्यूनतम शर्त है।

**सहायक और उत्साहवर्धक वातावरण:** हमें एक अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए जहां छात्र अपनी चिंताओं पर चर्चा कर सकें और अपने माता-पिता और शिक्षकों से सहयोग ले सकें। तनाव, चिंता या अन्य मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए परामर्श सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना सर्वोच्च संस्थागत प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए। हमें परीक्षा के दबाव के बारे में खुले संवाद को प्रोत्साहित करना चाहिए और मनोवैज्ञानिक रूप से उलझे बिना इससे प्रभावी ढंग से निपटना चाहिए।

**व्यायाम और ध्यान (मेडिटेशन) का अभ्यास:** परीक्षा के तनाव को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए ध्यान एक महत्वपूर्ण दिनचर्या हो सकती है। छात्रों को ध्यान, गहरी सांस लेना या योग जैसी तकनीकों का अभ्यास करना चाहिए जो मन को शांत करने, एकाग्रता में सुधार लाने और चिंता को कम करने में मदद कर सकते हैं। ये अभ्यास तनाव कम करने और मानसिक कल्याण को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

**समय प्रबंधन:** छात्रों को अंतिम समय सीमा के दौरान पढ़ाई का समय प्रबंधित करने की रणनीति अपनानी चाहिए। हम सभी जानते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम पर अत्यधिक निर्भरता के कारण छात्रों का स्क्रीन टाइम कैसे बढ़ गया है। हम समझते हैं कि वर्तमान समय में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम एक आवश्यकता बन गया है। लेकिन, हमारे छात्रों को संतुलन बनाने की जरूरत है। शायद परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ गुणवत्तापूर्ण समय खाली रखने के लिए डिजिटल डिटॉक्स आवश्यक होगा।

**निष्कर्षतः** परीक्षा के दौरान छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना उनकी संपूर्ण सफलता का अभिन्न अंग है। छात्रों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने से उनके शिक्षा संबंधी प्रदर्शन में सुधार आता है। यह उन्हें परीक्षा हॉल के बाहर आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करता है। हम छात्रों से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने, प्रभावी समय प्रबंधन रणनीति के अलावा शारीरिक व्यायाम और ध्यान, डिजिटल डिटॉक्स, मानसिक कल्याण, गुणवत्तापूर्ण नींद और स्वस्थ आहार का पालन करने का आह्वान करते हैं। परीक्षा के तनाव की प्रभावी निगरानी से, हमारे युवा छात्र अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करेंगे। विकासित भारत@2047 के लक्ष्यों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध आत्मविश्वासी और दूरदर्शी युवा के रूप में उभरेंगे।

**(लेखक : भारत सरकार में शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# टाटा मोटर्स यूनियन से मिले अस्थायी कर्मी
# तीन साल में सबका होगा स्थायीकरण : आर के सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स के अस्थाई कर्मचारियो ने यूनियन के अध्यक्ष, महामंत्री व सलाहकार समिति से मुलाकात की। सोमवार को मुलाकत के दौरान अस्थाई कर्मियों ने बारी-बारी से अपनी बातों को यूनियन के समक्ष रखा। सभी ने महामंत्री से आग्रह करते हुए जल्द स्थाईकरण के लिए लिस्ट प्रकाशित करने की मांग की। उन्होंने कहा लगभग सभी अस्थाई कर्मचारी फैसले से खुश हैं। दो-चार लोग बयान बाजी कर दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे। उन्होंने कहा 2700 कर्मचारी के भविष्य की सवाल है। जल्द लिस्ट प्रकाशित किया जाए। मौके पर सलाहकार ने कहा 900 अस्थाईकर्मी का स्थाईकरण किया गया। लेकिन टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन पूरे 2700 कर्मचारी का स्थाईकरण कराने के साथ वार्ड एम्पलाई सिस्टम को जिंदा रखा है। महामंत्री आर के सिंह ने कहा किसी की हिम्मत नही समझौता पर रोक लगा या लिस्ट रुकवा दे। बैठक के बाद प्रबंधन से वार्ता कर जल्द 900 कर्मचारी का लिस्ट निकाला जाएगा। उसके कुछ दिनों के उपरांत शेष 1800 का भी लिस्ट निकाली जाएगी। विश्वास और भरोसे पर हमसब खरा उतरे मेरा यही प्रयास है। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में सभी का स्वागत है।उन्होंने कहा कोई एक दो महीने में होगा, तो कोई एक दो साल में होगा लेकिन 3 साल में सब लोग स्थाई हो जाएंगे। अध्यक्ष ने कहा सभी अपनी एकता का परिचय दे। सभी का स्वागत है। सही जानकारी ले और सकारात्मक कार्य करें। इसी आशा और विश्वास के साथ सबके सुखद भविष्य की आशा करते हुए बहुत-बहुत बधाई।मौके पर सुरेश सिंह, राजन कुमार, राकेश कुमार,अमलेश,सुरेश मुखी,दिलीप मुखी,बीके पांडे, इमरान खान,कीर्तन,मुन्ना सिंह, रविंद्र कुमार सिंह,रीता शर्मा, सुनीता सिंह,भारती कुमारी, श्रावणी मित्रा,आलोक कुमार सिंह,उपेंद्र कुमार सिंह,बादशाह खान,तपन प्रशांत,माधवी मेहता, विजय लक्ष्मी सहित सैकड़ो अस्थाई कर्मचारी शामिल रहे।

# भाजमो ने मारपीट के मामले में एसएसपी से की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कदमा में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पदाधिकारी के साथ मारपीट करने की मामले को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल एसएसपी से मुलाकात की। सोमवार को प्रतिनिधि मंडल ने एक मांग पत्र सोप कर कार्रवाई के लिए मांग की। मौके पर जिला महामंत्री मनोज सिंह उज्जैन ने बताया बीते दिनों कदमा केडी फ्लेट के पास जनता की मांग पर सार्वजनिक सड़क को घेरने की मामले में भाजमो के द्वारा डीसी के नाम एक मांग पत्र सौपा गया था। उसके बाद भाजमो के केंद्रीय पदाधिकारी घर से आने के दौरान स्वास्थ्य मंत्री के गुर्गों द्वारा मारपीट की गई। इस मामले में एसएसपी को एक मांग पत्र सौप कर न्याय के लिए मांग किया गया। मौके पर भाजमो के सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री के खिलाफ इडी की कार्रवाई से नाराज झामुमो ने किया विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास में ईडी की कार्रवाई की सूचना मिलते ही झामुमो नेता और कार्यकर्ताओं में आक्रोश ब्याप्त है। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में झामुमो नेता व कार्यकताओं में आक्रोश ब्याप्त है। राज्य में झामुमो नेता व कार्यकर्ता लगातार केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी कर रहे हैं।सोमवार को आक्रोशित झामुमो कार्यकर्ताओ ने सड़क पर उतर कर जमकर विरोध किया। मौके पर नाराज कार्यकताओं ने लौहनगरी जमशेदपुए के डिमना चौक के पास एनएच-33 को जाम कर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने झंडा बैनर के साथ सड़क पर बैठ के केंद्रसरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उस दौरान एनएच-33 के दोनों तरफ सैकड़ों भारी वाहनों की कतार लगी रही। हालांकि दोपहिया, तिनपहिया वाहनों का किसी तरह आना जाना रहा। लगभग चार बजे तक झामुमो के नेता शेख बदरुद्दीन,प्रमोद लाल, निराला,मनोज यादव, महावीर मुर्मू, सुनील महतो,बाबर खान, अजय रजक,पिंटू दत्ता सहित सैकड़ो नेता व कार्यकताओं ने चौराहे पर बैठ के जमकर नारेवाजी करते हुए विरोध जताया। इस दौरान रुक-रुककर केन्द्र और इडी विरोधी नारेबाजी होती रही। उधर जाम की सूचना मिलने पर पुलिस बल की तैनाती की गई। समझाने पर झामुमो कार्यकर्ता सड़क से हटे।मौके पर झामुमो नेता बाबर खान ने कहा सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से झारखंड वासियों का जनाक्रोश दिखाई दे रहा है। संवैधानिक संस्था इडी का दुरुपयोग केंद्र सरकार द्वारा किया जा रहा है।झारखंड के लोकप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री को बदनाम करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। सम्मन पर सम्मन और जवाब पर जवाब लिया जा रहा है। इडी को केंद्र सरकार का निर्देश है युवा आदिवासी मुख्यमंत्री को किसी तरह से गिरफ्तार किया जाए। इसी के तहत दिल्ली में खेल हुआ है।जिसके खिलाफ जनाक्रोश भड़का है। जनाक्रोश में पार्टी समर्थकों के साथ आम जनता भी सड़क पर उतरी है। बाबर खान ने कहा एक मुख्यमंत्री से आप कितनी बार जवाब लीजिएगा। एक ही बार उनके आवास या कार्यालय में बुलाकर जवाब तलब कर लिया जाता तो उचित रहता। लेकिन बार-बार झारखंड सरकार के विकास को प्रभावित करने के लिए इडी के द्वारा परेशान किया जा रहा। वही नेताओ ने एक सुर में कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में झारखंड की जनता के विकास का लिए चिंता है। उन्होंने, जिस तरह से विकास के कार्य को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के जनता तक पहचाने का कार्य किया है वह जानता खुद समझ भी रही और जान भी रही है। मुख्यमंत्री आगे भी झारखंड की जनता के लिए यह कार्य करते रहेंगे।

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक मामले की हो सीबीआइ जांच : गणेश महाली

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष सह विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी गणेश महाली ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक होने के मामले में सरकार से सीबीआई जांच की मांग की। सोमवार को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा सीजीएल परीक्षा के पूर्व पेपर लिक होने मैं शामिल लोगों को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कारवाई हो ताकि झारखंडी युवाओं के भविष्य के साथ दोबारा कोई खिलवाड़ ना कर सके। उन्होंने कहा बर्तमान सरकार पूर्व में कही थी कोई भी यदि पेपर लिक करेंगे तो उम्रकेद की सजा के साथ जुमार्ना लगेगी। अब देखना है इस मामले में सरकार क्या एक्शन लेती। उन्होंने कहा झारखंड में सरकारी वैकेंसी निकालना राहुल गांधी के बातों की तरह हो रहा है। एक तरफ आलू डालो दूसरा तरफ सोना निकालो। उसी तरह एक तरफ परीक्षा की तिथि निकलो और दूसरी तरफ कैंसिल करो। चुनाव के पूर्व हेमंत सोरेन ने प्रत्येक वर्ष 5 लाख युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। वादे के मुताबिक युवाओं को ना नौकरी मिली ना ही बेरोजगारी भत्ता।

## पिता को पुत्रियों ने कंधा दिया

हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां गांव के मुख्य बस्ती निवासी रघुनाथ साह 105 वर्ष पिता स्व. झींगुर साह की सोमवार की अहले सुबह मृत्यु हो गयी। रघुनाथ साह का कोई पुत्र नहीं था, उनकी केवल दो पुत्री थीं। उस वक्त सभी की आंखे नम हो गयी, जब बूढ़े बाप को दोनों पुत्रियों ने कंधा दिया। मुखाग्नि उनके भाई वैद्यनाथ साह ने दिया, दाह संस्कार सोन नदी के श्रीनगर घाट पर किया गया।

## बस से ऑटो टकराया 4 वर्षीय बच्चे की मौत

गढ़वा (आजाद सिपाही)। मेराल थाना क्षेत्र के राजहरा गांव निवासी अमरुद्दीन अंसारी का पुत्र आफताभ अंसारी 4 वर्ष की मौत टेंपो दुर्घटना में हो गयी। बताया गया कि टेंपो पर सवार उन लोगों को हल्की-फुल्की चोट लगी है। परिजनों ने बिना अंत्य परीक्षण कराये ही शव को लेकर अपने घर चले गये।

# खेलकूद एक सशक्त नागरिक के रूप में विकसित करता है: कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। बाबू दिनेश सिंह विवि के परिसर में महाविद्यालय स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 172 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट नृपेंद्र कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्यनारायण उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा अवधूत राम के चित्र पर पुष्प अर्पित, माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के उपरांत विवि परिसर स्थित विभिन्न महाविद्यालय में वनांचल कॉलेज आफ साइंस, वनांचल स्कूल एंड कॉलेज आफ नर्सिंग, देवकी महावीर



होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल, वनांचल डेंटल कॉलेज और हॉस्पिटल, फामेर्सी कॉलेज, पारामेडिकल वनांचल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च हॉस्पिटल तथा दिनेश कॉलेज आफ एजुकेशन के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग झांकी और परेड का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नृपेंद्र कुमार सिंह ने अपने कहा कि प्रकृति की गोद में स्थित इस विवि में विद्यार्थियों में खेल कूद के प्रति अनुराग अवश्य होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि सत्यनारायण उपाध्याय ने कहा कि विद्यार्थियों को खेलकूद से शारीरिक और मानसिक फुर्ती मिलती है, विवि के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने विद्यार्थियों को खेलकूद के माध्यम से आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी, विवि के कुलपति प्रोफेसर (डॉ०) एमके सिंह ने कहा कि नियमित खेलकुद व्यायाम युवा पीढ़ी को एक सशक्त नागरिक के रूप में विकसित करता है। विवि के कुल सचिव डॉ ललन कुमार ने कहा कि खेलकूद व्यक्ति को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाता है। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्य, प्राध्यापक, पदाधिकारी तथा अन्य कर्मचारियों में डॉ उमाशंकर मिश्र, डॉ पीडी तिवारी, डॉ बांसवाराज कलाली, डॉ मनीष दुबे, दिव्या तिरु, नीतिश पाठक, अरविंद तिवारी, आनंद, पंकज, सुभाष (सीईओ) आदि उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप और नारायणा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल गुरुग्राम के संयुक्त तत्वाधान में ज्ञान निकेतन स्कूल में नि:शुल्क हृदय रोग शिविर का




आयोजन किया गया। गढ़वा के साथ-साथ निकटवर्ती डाल्टनगंज, रामानुजगंज और विश्रामपुर के लगभग 20 मरीजों की नि:शुल्क जांच की गयी। पांच मरीजों में विभिन्न हृदय रोगों की पहचान की गयी। दो मरीजों को ओपन हार्ट सर्जरी की सलाह दी गयी। वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी ने बताया कि क्षेत्र के रोगियों में जागरूकता का अत्यधिक अभाव है। कई रोगी रोग की जानकारी होने के बाद भी महीनों वर्षों तक उसका समुचित उपचार नहीं करवाते हैं और घरेलू नुस्खों को अपनाते हुए समय व्यर्थ व्यतीत करते हैं। डॉ केशरी ने कहा कि 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर कुछ अन्य संस्थाओं की मदद से आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु वह और अस्पताल प्रशासन प्रतिबद्ध है। अन्य रोगियों के लिए भी न्यूनतम संभव शुल्क पर ओपन हार्ट सर्जरी की सुविधा उपलब्ध रहेगी और अन्य रोगियों को भी समुचित आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। मौके परअध्यक्ष कमलेश गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केशरी, मनोज केशरी रूपा गंजी, दीपक केशरी, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष एमपी केशरी, पूर्व स्पेशल कमेटी के सदस्य विजय केशरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# भाजयुमो ने हेमंत सरकार का पुतला फुंका

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जेएसएससी परीक्षा के दौरान पेपर लीक मामले में रंका मोड़ पर हेमंत सरकार का शवयात्रा निकालकर पुतला फुंका। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार रोजगार के नाम पर धांधली करा रही है, युवाओं के अधिकारों को छिना जा रहा है, पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच होनी चाहिए। झामुमो सरकार में अवैध कारोबार खुब चल रहा है, युवाओं के साथ भारी धोखा किया जा रहा है, हेमंत सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होंने



कहा कि झामुमो सरकार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आयी, लेकिन युवाओं के साथ भारी धोखा किया। बेरोजगारी भत्ता पांच लाख युवाओं को रोजगार देने वाले लोग सिर्फ अपनी झोली भरने में लगे हुए हैं। झारखंड का युवा भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है, कहा कि पेपर लीक मामले को गंभीरता से लेते हुए सीबीआई जांच करायी जाये। झारखंड का युवा अब बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री गौरी बिंद बृजेंद्र पाठक भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अरुण तिवारी जिला महामंत्री विकास तिवारी मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय नवीन जायसवाल गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी अरविंद, जीतेंद्र, देवब्रत, कृष्णा सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सगमा में भव्य कलश यात्रा के साथ श्री शिव शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



सगमा। प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय सगमा के प्रांगन में यज्ञाचार्य श्री राधे बोलो राधे जी महाराज संगम तट नैनी प्रयागराज के नेतृत्व में सोमवार को मंडप प्रवेश पंचांग पूजन कर भव्य कलश यात्रा के साथ श्री शिव शक्ति महायज्ञ का शुभांरभ हुआ। यज्ञ मंडप से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाल शारदा गांव के उभका नंदी से वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया गया, सभी देवी-देवताओं की जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय सा हो गया। यह यज्ञ में अगल-बगल दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में महिला पुरुष और कन्यायें कलश यात्रा में शामिल हुई। नव दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ में 9 दिनों तक यज्ञ स्थल पर लगे झुला रेल गाड़ी का आनंद उठायेंगे, जबकि प्रतिदिन रात्रि में सनातन धर्म ग्रंथो से संबंधित जगत कल्याण को लेकर प्रवचन का आयोजन किया गया है, श्री शिव शक्ति महायज्ञ 29 जनवरी से 6 फरवरी तक चलता रहेगा वह 7 फरवरी को महा प्रसाद के साथ पूणार्हुति होगी। यज्ञ स्थल पर प्रत्येक दिन सुबह 8:00 बजे से 1:00 बजे तक पूजा हवन दोपहर 2:00 बजे से 6:00 बजे तक काशी नगरी से आयी प्रियंका पांडे के द्वारा श्री राम कथा का आयोजन तथा रात्रि 8:00 बजे से 1:00 बजे तक रासलीला का कार्यक्रम दिखाया जायेगा। कलशयात्रा में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव सोगरा बेगम जिप सदस्य अंजू यादव प्रमुख अजय साह पूर्व ज़िप सदस्य नन्द गोपाल यादव वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र चौबे, रजनीश मंगलम सगमा मुखिया तेज लाल राम पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा गुप्तेश्वर पांडे रामाधार दुबे मनोज दुबे, नरायन दास यादव बसंत पाल आदि लोगों का नाम शामिल है।

## भाजयुमो ने सीजीएल पेपर लीक होने के खिलाफ पुतला दहन किया



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। सोमवार को भाजयुमो मंडल श्री वंशीधर नगर के तत्वावधान में जेएसएससी द्वारा आयोजित सीजीएल के परीक्षा में पेपर लीक होने के कारण झारखंड प्रदेश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन बस स्टैंड श्री बंशीधर नगर में किया गया। पुतला दहन के समय भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन गद्दी छोड़ो, छात्र विरोधी सरकार होश में आओ, प्रतियोगि परिक्षाओं में सुधार करो, भु माफिया शर्म करो जैसे नारे लगाये। पुतला दहन के दरम्यान मंडल अध्यक्ष ग्रामीण विकास पांडेय और युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पासवान ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो युवाशक्ति बर्दाश्त नहीं करेगी। कार्यक्रम में युवामोर्चा के महामंत्री विपेश तिवारी, आई सेल प्रभारी बिपिन चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, अशोक सेठ, सोशल मीडिया प्रभारी विवेकानंद पांडेय भाजयुमो कार्यकर्ता सामिल थे।

## पिरामल फाउंडेशन ने किया ग्राम सभा का आयोजन

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत सचिवालय भवन में पंचायत के मुखिया प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) पर कार्य करने हेतु एक



फोरम का गठन करने के लिए पिरामल फाउंडेशन के द्वारा सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत सचिव, वार्ड सदस्य, पूर्व निर्वाचित जन प्रतिनिधि, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, स्वयं सहायता समूह , युवा और गांव के उल्लेखनीय व्यक्ति समेत 18 सदस्य फोरम से जोड़े गये। बैठक में जीरो ड्रॉप आउट पंचायत मिशन के तहत सभी पंचायतों में नियमित रूप से स्कूल, आंगनवाड़ी जाने वाले 6 से 14 वर्ष के बच्चों का शतप्रतिशत नामांकन करा कर जीरो ड्रॉप आउट तथा बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का संकल्प और शपथ ग्रहण कराया गया। इस बैठक में मुखिया प्रतिमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, पंचायत सचिव संजय कुमार, पिरामल फाउंडेशन के फेलो दुर्गेश तिवारी और जहिर अंसारी, लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान के फील्ड फैसिलिटेटर अमरेंद्र कुमार, वार्ड सदस्य, सेविका सहित गांव के 35 की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## लायंस क्लब के जोन सम्मेलन का आयोजन संपन्न




गढ़वा (आजाद सिपाही)। चिनिया रोड स्थित सीजन 33 में जोन एके जोन चेयर पर्सन लायन उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में जोन बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सामाजिक सेवा क्षेत्र में नयी पहल के लिए एक सकारात्मक माहौल बनाया गया। जिसमें सदस्यों ने अपने सामाजिक सेवा कार्यों की बातचीत करते हुए नयी दिशायें निर्धारित की और योजनाएं बनायी। इस बैठक में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा विशाल, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी, लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ऑसम, लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर लिओ क्लब ऑफ ज्ञान गंगा के सदस्य उपस्थित थे। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में द्वितीय उप जिला पाल पीएमजेएफ लायन संजय कुमार भी उपस्थित थे। रीजन 4 के रीजन चेयरपर्सन लायन समीर खन्ना की भी उपस्थित थी। बैठक में लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के अध्यक्ष विजय कुमार सोनी सचिव चंदन कुमार, अनूप ठाकुर, लायन दिवाकर रविंदर जायसवाल, अमित केसरी, रतन केसरी आदि उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा।

सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा, दूरभाष– 7209721521,

ई–मेल– simdegafisheriesdfo@gmail.com

रंगीन मछली पालन के लिए सामग्री (KIT) हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2023–24 (पुनर्निविदा)

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता – जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा।
2. निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक– 05.02.2024 को 01.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक– 05.02.2024 को 2.00 बजे अपराह्न में।

नोट :– निविदा की शर्तो हेतु कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

रंगीन मछली पालन हेतु आपूर्त्ति की जाने वाली सामग्रियों (KIT) का विस्तृत विवरण : –

| S.No. | Item | Description | Maximum Required Quantity | Unit |
|---|---|---|---|---|
| Group A | | | | |
| 1 | FRP Circular Tank | 3 ft. dia, 1'8" ft. Height Wall thickness 2 mm. & Bottom Thickness 3 mm. | 06 | Nos |
| Group B | | | | |
| 2 | Bio Sponge Filter | Air Output 38 litre/min. | 12 | Nos |
| 3 | Air Pump | Double Nozzle | 12 | Nos |
| 4 | Hand Net | For Ornamental Fishes | 18 | Nos |
| 5 | Methylene Blue | 100ml/ 50 ml. | 30 | Nos |
| 6 | Malachite Green F | 100ml/ 50 ml. | 30 | Nos |
| 7 | Thermostat | High Quality | 12 | Nos |
| 8 | Air Stone | High Quality | 12 | Nos |
| 9 | Air Pipe | High Quality | 06 | Nos |
| 10 | Jointer /Connector/Regulator | High Quality | 30 | Set |
| 11 | Food | High Quality, 100gm /1000gm.pack | 30 | Kg |
| 12 | Symphoning pipe | High Quality | 12 | Nos |
| Group C | | | | |
| 13 | Different Type of Ornamental Fish (Gold Fish, Red Cap, Butterfly Guppy, Redfin Guppy, Marina Carp, Sword Tail, Platy Gourami, Balloon molly, Widow tetra, Milky Carp etc. | Size 1.5"-2", 2.5"-3" & Brooder | 400 pc. of Each Species | Nos |

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा।

PR 317173 Simdega(23-24)D

झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग

न्यायालय, प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध में संलिप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त पदार्थों के विरूद्व प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के न्यायालय में अधिहरण वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई है, विवरणी निम्नवत् है :

| क्र0 सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अधिहरण वाद संख्या | वाहन का प्रकार | जप्त वाहन का निबंधन संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्ति तिथि | जप्ति पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | **बिन्देश्वर यादव** (वाहन स्वामी), पिता – बाबूलाल यादव, साकिन – बंगाई, पो0+थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 03/16 | एस0 मॉडल ट्रक | BPM-8362 | ढीबरा | 18.02.16 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 2 | **इस्लाम मियाँ,** पिता – हफीज खान, ग्राम – गझण्डी, थाना – तिलैया, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 19/16 | शक्तिमान ट्रक | DIS-220 | ढीबरा | 21.08.16 | श्री राजकुमार सिंह, प्रभारी वनपाल |
| 3 | **संतोष यादव** (वाहन स्वामी), पिता – स्व0 लाटो यादव, साकिन – सिमरिया, पो0 – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 24/16 | टाटा 407 | BR-27B-2072 | ढीबरा | 23-10-16 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 4 | **उमेश यादव,** पिता – सुकर यादव, साकिन – पारहो, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 14/17 | (1) टाटा 407 ट्रक (2) शक्तिमान ट्रक | BR-14G-7722 BR-20G-6825 | ढीबरा | 25.04.17 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 5 | **रामेश्वर साव,** पिता – स्व0 बंधु साव, साकिन – बेहराडीह, पो0 – सरमाटांड़ थाना – जयनगर, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 26/17 | पिकअप भैन | JH-12F-7883 | लकड़ी (चिरान पटरा) | 07.10.17 | श्री बिन्देश्वरी उपाध्याय, प्रभारी वनपाल |
| 6 | **नईम खान,** पिता – शरिफ खान, साकिन – पाण्डेडीह बाजार, थाना – धनवार, जिला – गिरिडीह। | 09/17 | बेलेरो पिकअप भैन | JH-11L-0591 | लकड़ी (पटरा) | 26.01.17 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 7 | **सूरज कुमार शर्मा** (वाहन स्वामी), पिता – रामदेव शर्मा, ग्राम + पो0 + थाना – ढाब, जिला – कोडरमा। | 06/17 & 07/17 | (1)पिकअप भैन (2) टाटा 407 ट्रक | (1) JH-12C-6482 (2) BR-17G-9243 | ढीबरा | 08.02.17 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 8 | **गणेश प्रसाद सिंह,** पिता – चड़कू सिंह उर्फ चरकू सिंह, साकिन –बंगाखलार, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 67/18 | जे0सी0बी0 | ईंजन नं0 H00177625 चेचिस नं0 HAR3DXSS03600046 | ढीबरा | 16.12.18 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 9 | **फिरोज अंसारी,** पिता – रजाक अंसारी, ग्राम – ढोढ़ाकोला, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 27/19 | टाटा 709 मिनी ट्रक | बिना नम्बर का | ढीबरा | 02.12.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 10 | **अज्ञात** | 44/20 | टाटा 407 | JH-02F-0800 | ढीबरा | 11.10.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 11 | **रवि मेहता,** पिता – हरीलाल मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 05/20 | जे0सी0बी0 मशीन | बिना नम्बर का | ढीबरा | 19.01.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 12 | **शंभु राणा,** पिता – स्व0 भैरो राणा, ग्राम – बिरजामू, पो0 – बगड़ो, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 03/20 (mics) | – | – | लकड़ी | 01.10.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 13 | **दीपक यादव, पिता – महेश यादव, साकिन – तेतरीयाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 08/20 | टैम्पू | बिना नम्बर का | ढीबरा | 11.02.20 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 14 | **आजाद मेहता, पिता – वृजनन्दन मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02** | 10/21 | जे0सी0बी0 मशीन | Serial No. JH00046673 | ढीबरा | 09.03.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 15 | **गोविन्द मेहता, पिता – स्व0 लालजीत मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना –डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 11/21 | कमाण्डर जीप | बिना नं0 का | ढीबरा | 20.03.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 16 | **राजेश साव, पिता – भगवान साव, साकिन – महथाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 02/21 | मारूती भैन | WB-38D-7457 | ढीबरा | 22.12.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 17 | **मिथलेश कुमार मेहता, पिता – स्व0 वजीर मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01** | 03/21 | टाटा 709 | WB-11A-9648 | ढीबरा | 04.01.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 18 | **संजय कुमार मेहता, पिता – स्व0 कार्तिक मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03** | 01/21 | (1) शक्तिमान ट्रक (2) मोटर साईकिल होण्डा साईन | (1) बिना नं0 का (2) JH-12K-9157 | ढीबरा | 14.12.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 19 | **इश्वरी मेहता उर्फ इसर मिस्त्री, पिता – स्व0 बहादुर मेहता, ग्राम – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 29/21 | महिन्द्र 475DI | बिना नं0 का | ढीबरा | 03.08.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 20 | **सूरज शर्मा, पिता – रामदेव शर्मा, साकिन + थाना – ढाब, जिला – कोडरमा।** | 27/21 | पिकअप भैन | JH-12C-8265 | ढीबरा | 27.07.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 21 | **मनोज साव, पिता – लक्ष्मण साव, साकिन – गोरियाडीह, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा।** | 17/21 | सवारी गाड़ी | JH-12B-0846 | लकड़ी | 03.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 22 | **बसंत मेहता, पिता – लक्ष्मण मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 20/21 | 10 चक्का ट्रक | BR-27G-0829 | सफेद पत्थर | 27.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 23 | **विवेक मेहता उर्फ लल्लू मेहता, पिता – लखन मेहता, साकिन – विधीन पीण्डा, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 39/21 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 11.10.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 24 | **दिवाकर सिंह, पिता – बद्री सिंह, साकिन – दिबौर, पो0 – मेघातरी, थाना + जिला – कोडरमा एवं अन्य 01** | 31/18 | पिकअप भैन | JH-10G-1574 | ढीबरा | 24.07.17 | राजेश एफ0 लकड़ा, स0ख0पदा0, कोडरमा |
| 25 | **बिन्देश्वरी मेहता, पिता – रामेश्वर मेहता, साकिन – तेतरीयाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 31/22 | कमाण्डर जीप | बिना नं0 का | ढीबरा | 17.12.21 | नागेशनाथ कुजुर, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 26 | **बिमल यादव, पिता – धनेश्वर यादव, साकिन – बरदारधाम, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा।** | 17/22 | सोनालीका ट्रैक्टर DL734 | बिना नं0 का | ढीबरा | 03.06.20 | भोलाराम, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 27 | **किशोर यादव, पिता – तुलसी यादव, साकिन – लहरियाडीह, थाना – तिलैया, जिला – कोडरमा एवं अन्य 08** | 30/22 | तीन 407 | बिना नं0 का | ढीबरा | 27.09.21 | हरिचन्द्र लागूरी, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 28 | **भीमलाल कुमार मेहता, पिता – छोटन मेहता, साकिन – तेतरियाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 04** | 47/22 | कमाण्डर जीप | MP-54D-0246 | ढीबरा | 07.06.22 | महेन्द्र मिश्रा, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 29 | **सोनु चन्द्रवंशी, पिता – अर्जुन राम, साकिन + थाना – बरही, जिला – हजारीबाग एवं अन्य 04** | 66/18 | 407 ट्रक | बिना नं0 का | लकड़ी | 05.06.18 | उपेन्द्र कुमार यादव, स0अ0नि0, चंदवारा |
| 30 | **मो0 शमशाद, पिता – मो0 मकबुल, साकिन – मायापुर, थाना – टाटी झरीया, जिला – हजारीबाग एवं अन्य 06** | 49/22 | ट्रक | JH-02BF-4358 | पत्थर | 28.07.20 | सोनी प्रताप, पु0अ0नि0, तिलैया |
| 31 | **राहुल जसवाल, पिता – नरेश जसवाल, साकिन – सहपुर, थाना – कटकमसंडी, जिला – हजारीबाग एवं अन्य 02** | 28/21 | 6 चक्का 609 | बिना नं0 का | ढीबरा | 17.02.21 | लव कुमार, पु0अ0नि0, डोमचाँच |
| 32 | **दीपु मेहता, पिता – स्व0 सीयाराम मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 29/22 | दस चक्का ट्रक | JH-02C-2529 | ढीबरा | 19.11.21 | हरिशचंद्र लगूरी, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 33 | **राजु यादव, पिता – चुरामन यादव, साकिन – सपही, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा।** | 48/22 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 27.12.21 | पंचम तिग्गा, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 34 | **पप्पु कुमार राम, पिता – शिवशंकर राम, साकिन – पुरनानगर, थाना + जिला – कोडरमा।** | 42/21 | ट्रक | JH-12B-6543 | ढीबरा | 11.07.21 | रंजीत कुमार झा, स0अ0नि0, डोमचाँच |
| 35 | **कृष्णा मेहता, पिता – ज्ञानचंद मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01** | 19/18 & 20/18 | ट्रक | JH-12C-3347 | ढीबरा | 07.01.18 | रवि किशोर प्रसाद, स0अ0नि0, जयनगर |

उक्त अधिहरण वाद से संबंधित सभी अभियुक्तों एवं उक्त वाद में अर्न्तग्रस्त जप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त पदार्थों पर अपना दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मामले में अगली सुनवायी हेतु तिथि 01.02.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की जाती है।

अतः उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपना बचाव / दावा प्रस्तुत करें। साथ ही, निर्धारित तिथि 01.02.2024 के पूर्व कारण पृच्छा भी समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यदि निर्धारित तिथि को सुनवायी के दौरान दावा रखने वाले संबंधित व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय सुनवायी करते हुए अधिहरण वाद को निष्पादित कर दिया जायेगा।

वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम

प्राधिकृत पदाधिकारी –सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल

PR 317246 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D

## तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लोहरदगा गुमला मुख्य पथ एन एच 143 ए पर अलग अलग स्थान पर सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गये। घायलों को स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस से लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया कि अहले सुबह सबसे पहले बक्सीडीपा जंगल के पास इमली पेड़ के नजदीक अज्ञात पिकप वाहन की चपेट में आने से सेन्हा ग्राम निवासी स्व. कुर्बान अंसारी के पुत्र अयूब अंसारी उम्र 60 वर्ष अपने मोटर साइकिल से लोहरदगा जा रहा था। तभी पिकप वाहन ने धक्का मार दिया जिसे घायल व्यक्ति को स्थानीय ग्रामीणो और परिजनों ने सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी घटना लोहरदगा के तरफ से 16 चक्का अशोक लीलेन चेचिस वाहन आ रहा था की सेन्हा गौसिया मस्जिद के समीप खड़ी लाइन ट्रक में सीधा टक्कर मार दिया। जिसमें चालक को अंदरूनी चोटें आयी है। स्थानिय ग्रामीणों ने चालक को वाहन से निकाल कर 108 एंबुलेंस के सहयोग से लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा। अशोक लीलेन चेचिस वाहन के चालक का पहचान अरविंद कुमार जिला बरैली उतर प्रदेश के रूप में किया गया। जबकि तीसरी घटना अरु जगन ढोढा पूल के पास घाघरा की तरफ से आ रहें बॉक्साइट लदा ट्रक पलट गया जिसमें वहन क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस घटना की जायजा लेते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गयी है।

## परीक्षा को रद्द किये जाने से छात्रों में उबाल



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** रविवार को झारखंड में आयोजित सीजीएल की परीक्षा का तीसरा पेपर लिखे होने की सूचना के बाद तीसरी पेपर की परीक्षा को रद्द किए जाने से पूरे राज्य में छात्रों में उबाल है जहां इस मामले को लेकर सोमवार की शाम भाजपा मंडल कमेटी के द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन प्रखंड मुख्यालय में किया और पूरी परीक्षा को रद्द करने और मामले की सीबीआइ जांच की मांग करते हुए जल्द से जल्द परीक्षा कराने की मांग की गयी। पुतला दहन करने के पूर्व भाजपा नेता और कार्यकताओं में पुतला को लेकर नगर भ्रमण करते हुए राज्य की हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बस स्टैंड के बाबा साहब भीमराव अंबेडकर चौक पहुंचकर हेमंत सोरेन का पुतला दहन कर दिया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सिंघानिया , युवा मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य दीपक तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, महामंत्री पारस जायसवाल, हेमंत कश्यप, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष दिलीप पासवान, सतीश यादव, दीपक सिंह, उपेंद्र प्रसाद ओपी, अजय प्रसाद, पवन प्रजापति समेत काफी संख्या में कई लोग मौजूद थे।

## कचमची गांव के पाहन पुजार का हुआ बदलाव

भंडरा/ लोहरदगा (**आजाद सिपाही**)। झारखंड के हर आदिवासी बहुल गांव में हर तीन साल में पाहन, पुजार बदल जाते हैं और यह परंपरा दशकों से गांव में इसी तरह मनाया जाता है। इस परंपरा को ना कभी बदली गई, ना कभी इसे बदलने को लेकर किसी ने विचार किया है। इसी परंपरा के तहत सोमवार को प्रखंड के भीठा पंचायत अंतर्गत कचमची गांव में पहान पुजार का बदलाव पूरी विधि विधान पूर्वक की गयी। इस साल गांव के ही फाते उरांव पाहन एवम सोमरा उरांव को पुजार के रूप में चयन किया। पूर्व में पाहन जतरू पाहन, पुजार एमानुवेल तिग्गा थे। पाहन पुजार चयन कार्यक्रम के अनुष्ठान में किसी प्रकार की गलती ना हो इस पर विशेष ध्यान रखा जाता है। गांव के पाहन फाते उरांव ने बताया कि यह परंपरा पूर्वजों से चली आ रही हैं। इस मौके पर बंधु उरांव,नंदा उरांव, बासु उरांव, बासुदेव उरांव, बुद्धेश्वर उरांव, सीताराम उरांव, जतरू उरांव, फूलचंद उरांव, कुलदीप उरांव आदि कई लोग मौजूद थे।

# हमारी सरकार को केंद्र सरकार इडी के सहारे गिराना चाहती है: बैजनाथ राम

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार विधानसभा के विधायक बैद्यनाथ राम ने झारखंड सरकार के परेशान करने को लेकर केंद्र सरकार और ईडी पर हमला बोला है, और कहा है कि हमारी सरकार को केंद्र सरकार गिराना चाहती है।

झारखंड के मुख्यमंत्री माननीय हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड निरंतर सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने का काम कर रही है। लगातार झारखंड में सभी विभागों में बहालियां हो रही है। कई विभाग के कई सालों से नियुक्तियां रुकी हुई थी। उसमें नियुक्ति करने का काम किया है। अभी-अभी 2017 से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का परीक्षा रुका हुआ था। उसको भी झारखंड की सरकार हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड की युवाओं के लिए निरंतर कार्य कर रही है।




झारखंड को आगे बढ़ता हुआ देख केंद्र सरकार घबरा गयी है, और झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ऊपर लगातार ईडी के सहारे परेशान करने का काम किया जा रहा है। इसका जवाब आने वाले लोकसभा और विधानसभा में झारखंड की जनता जवाब देगी। वहीं इस अवसर पर लातेहार के जेएमएम जिला अध्यक्ष ने भी कहा कि माननीय हेमंत सोरेन को ईडी के सहारे फंसाना चाहती है, सरकार गिराना चाहती है। परंतु केंद्र की सरकार का मंशा पूरा नहीं होगा।

इसी को लेकर आज हम लोगों ने लगातार जिला से लेकर राज तक आंदोलन में जुटे हैं और आगे भी हमारा केंद्रीय नेतृत्व का जैसा निर्देश होगा। हम सभी झारखंडवासी और हम सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता गण आंदोलन करते रहेंगे। इस अवसर पर अरुण कुमार दुबे, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, वारिस अंसारी, रंजीत उरांव, विशाल कुमार, अंकित पांडे, जीरा देवी समेत हजारों कार्यकताओं ने आंदोलन में भाग लिया।

## नये पंजीकृत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता: डीसी




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कोर कमिटि के पदाधिकारियों, इलेक्शन लिटरेसी क्लब के सभी मास्टर ट्रेनर और डिस्ट्रिक्ट आईकॉन के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोकसभा निर्वाचन, 2024 के निमित्त मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता तथा स्वीप कार्ययोजना के क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गयी। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि प्लस टू विद्यालयों और महाविद्यालय स्तर पर नये पंजीकृत मदताताओं को मतदान करने की प्रेरित किये जाने की आवश्यकता है। इसमें संबंधित विद्यालय/ महाविद्यालय के एंबेसडर और प्रबंधन के सहयोग की नितांत आवश्यकता है। कार्यक्रमों की गतिविधियां फोटो/ वीडियो के साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जरूर पोस्ट किया जाये। दिव्यांग मतदाताओं के लिए गतिविधियां आयोजित की जाये। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित सदस्यों के साथ बैठक कर अन्य गतिविधियां भी आयोजित करने के लिए सुझाव प्राप्त करने व उन्हें स्वीप कैलेण्डर में शामिल किये जाने का निर्देश वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग को दिया गया। स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी द्वारा स्वीप के अंतर्गत पहली बार मतदान में शामिल हो रहे 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र के मतदाताओं, 80 वर्ष की उम्र से अधिक, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करनेवाले मतदाताओ, दिव्यांग मतदाताओं, ट्रांसजेंडर मतदाताओं को मतदाता जागरूकता के लिए फोकस किये जाने की जानकारी दी गयी।












































































आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 30 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला ।** घाघरा नेतरहाट रोड आनंद नगर के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार दोपहर की है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद दोनों को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार लोहरदगा नावाडीह ग्राम निवासी आशीष उरांव व रोहित उरांव बिशनपुर की ओर से घाघरा जा रहे थे। इसी दौरान फोर्स लाने जा रहे पुलिस ट्रक ने गलत साइड में जाकर बाइक को टक्कर मार दिया। घटना के बाद ट्रक घटना स्थल से फरार हो गया। साथ में जा रहे अन्य दो ट्रकों को आक्रोशित ग्रामीणों ने रोक लिया। पुलिस वाहन से दुर्घटना के कारण लोगों में आक्रोश देखा गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और दोनों ट्रकों को गंतव्य के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार फोर्स लाने के लिए तीन ट्रक आदर की ओर जा रहा था। पहले लाइन की ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दिया। घटना में दोनों युवकों के सिर चेहरा व शरीर के अन्य हिस्से में गंभीर चोट लगी। दोनों के हेलो का सदर अस्पताल में इलाज किया गया लेकिन दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने दोनों को रिम्स रांची रेफर कर दिया। रोहित उरांव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सदर अस्पताल के आईसीयू में रखा गया जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। वहीं आशीष उरांव का इलाज चल रहा है। लेकिन उसकी स्थिति भी नाजुक बनी हुई है।

# देश की सुरक्षा प्रणाली को खोखला करने की योजना है अग्निवीर : एचएन यादव

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिसई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित टाना भगत भवन में सोमवार को कांग्रेसियों ने संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी पुर्व सैनिक विभाग के चेयरमैन सुबेदार एच एन यादव (से.नि) उपस्थित हुये।

एचएन यादव ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि भारतीय वीरों व वीरता की परंपरा को अपमानित व कलंकित करने के मकसद से मोदी सरकार अग्निपथ योजना चला रही है। उन्होंने सरहद के रखवालों करने वाले योद्धाओं को भी नही बक्सा और अग्निपथ योजना के माध्यम से दो फाड़ करने का काम किया है। उन्होंने अग्नि वीर को देश की सुरक्षा प्रणाली को दीमक की तरह अंदर ही अंदर खोखला करने की योजना करार देते हुए इसे जल्द से जल्द बन्द करने, सैनिकों के शहादत व सेवा को सम्मान देते हुए उनके परिवारों की देखभाल करने की मांग किया है। वहीं उन्होंने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी भूत पूर्व सैनिक विभाग के गुमला जिला चेयरमैन के रूप में पुर्व सैनिक करमचंद लोहरा को मनोनीत करते हुए उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में देश के लिए शहादत देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

मौके पर पुर्व सैनिक कैप्टन लोहरा उरांव, डीएन भगत, सीताराम उरांव, करमचंद लोहरा, यादराम साहु, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आजाद अंसारी, निलेश उरांव, मनीष तिर्की, तौकीर अंसारी, इमरोज अंसारी, सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# अंतिम पायदान तक सरकारी लाभ पहुंचाना पहली प्राथमिकता : बीडीओ



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में यादव बैठा ने प्रभार लिया। इस क्रम में पूर्व बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने कार्यालय कक्ष में गुलदस्ता देकर नये बीडीओ को स्वागत के साथ प्रभार दिया। प्रभार ग्रहण करने के बाद प्रखंड स्थित अनुमंडल पुस्तकालय भवन में नये बीडीओ ने बैठक कर लोगों से परिचय प्राप्त किया। इस क्रम में समाजसेवी, ब्लॉक कर्मी, जनप्रतिनिधियों के द्वारा गुलदस्ता भेंट कर उन का स्वागत किया तथा अपना परिचय दिया`नये पदस्थापित बीडीओ यादव बैठा ने कहा कि अंतिम पायदान तक सरकारी लाभ पहुंचाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी और विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ताकि कोई भी ग्रामीण विकास का योजना के लाभ से वंचित न हो `सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए मैं हमेशा तात्पर रहूंगा। वही मौके पर निवर्तमान बीडीओ डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि चैनपुर में मेरा साढ़े पांच साल का कार्यकाल रहा है, मैं हमेशा यही कोशिश किया हूं की सरकार की योजना पूरी तरह धरातल पर उतरे। उनका लाभ ग्रामीणों को मिले और चैनपुर प्रखंड हर क्षेत्र में अवल रहे। मौके पर मुख्य रूप से चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, जिला परिषद मेरी लकड़ा, प्रमुख ओलिभा कांता कुजूर, उप प्रमुख प्रमोद खलखो, बीपीओ कान्ति कुमारी, मुखिया शोभा देवी, मधुरा एक्का, अमिता केरकेट्टा, सुशील दीपक मिंज, बोनीफास कुजूर, के साथ अंचल कर्मी, प्रखंड कर्मी के साथ जेएसएलपीएस की दीदी उपस्थित थे।

# गुमला के मजदूर की शिमला में हुई संदिग्ध स्थिति में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जिला के सदर थाना क्षेत्र के असनी नवाटोली गांव के मजदूर अरबिंद उरांव की मौत हिमाचल प्रदेश में हो गई। हिमाचल प्रदेश के शिमला में युवक का शव अपने रुम में संदिग्ध हालात में में मिला। परिजनों ने शव मंगवाने के लिए आज मजदूर संघ सीएफटीयूआई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान से मदद की गुहार लगायी है। मृतक की आयु लगभग 32साल है उसके पिता का नाम तेंबा उरांव बताया जा रहा है। घटना के बाद मृतक की मां रीता देबी मजदूर संघ सीएफटीयुआई के कार्यालय पहुंची। उसने अपने मजदूर बेटे का शव शकुशल अपने गांव लाने की गुहार लगायी है।वहीं परिजनों के अनुसार मजदूर अरबिंद उरांव रात को अपने पत्नी वा बच्चों के साथ सही सलामत सो गया था। लेकिन जब सुबह काम पर जाने के लिए पत्नी उसे जगाने गयी तो पति को मृत पायी। इसकी जानकारी उसने तुरंत अपने ससुराल वालों को दी।तथा कंपनी टेजन प्राइवेट लिमिटेड शिमला के मनिजर को दी।इधर कंपनी के मालिक को परिजनों द्वारा लगातार फोन कर मृतक मजदूर का शव अपने गांव भेजवाने के लिए बात कर रहे हैं लेकिन कंपनी का मालिक फोन नहीं उठा रहा है। इधर कंपनी के मैनेजर को मृत मजदूर का शव भेजने में सहयोग मांगा गया तो मैनेजर ने हिमाचल प्रदेश में ही दाह संस्कार करने की बात कही। जब इस पूरे मामले की जानकारी मां रीता देबी ने मजदूर संघ सीएफ टीयुआई प्रदेश सचिव जुम्मन खान को लिखित आवेदन में बताया तो प्रदेश सचिव जुम्मन खान ने भी पुरे मामले को गंभीरता से लेते हुए कंपनी के मालिक को फोन कर बात चीत किया कंपनी टेजन प्राइवेट लिमिटेड शिमला के मालिक ने सहयोग करने की बात कही है।

# नाबालिग को भगा ले जाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने अपने नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में गुमला थाना में तुलसीपुर बलरामपुर उत्तर प्रदेश निवासी अरमान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि 13 जनवरी 2024 को दोपहर 12:30 बजे मेरी बेटी पटेल चौक अपनी दीदी को कपड़ा पहुंचाने की बात कह कर घर से निकली थी। जो अभी तक वापस नहीं आई है। अपनी बेटी की खोजबीन करने के क्रम में पता चला कि उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से उत्तर प्रदेश निवासी अरमान के साथ हो गई थी। वहीं दोनों के बीच मोबाइल के माध्यम से बात भी होने लगा था। मुझे संदेह है कि मेरी बेटी को अरमान के द्वारा बहला फुसला कर शादी के नियत से ले गया है। उन्होंने आरोपी के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# बाल विवाह के दुष्परिणाम पर नाटक मंचन आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड उसुर्लाइन उच्च विद्यालय, संत पोल कॉलेज, संत जोसेफ उच्च विद्यालय, विद्या मंदिर बसिया एवं बसिया बाजार में में समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के सहयोग एवं मार्गदर्शन से बाल विवाह के दुष्परिणाम विषय पर नाटक मंचन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नाटक मंचन के माध्यम से बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों पर लोगो को जागरूक किया गया। जिसमें यह संदेश दिया गया कि यदि किसी किशोरी का कम उम्र में विवाह हो जाता है तो उसकी शिक्षा रुक जाती है और उसका भविष्य एवं कैरियर उसकी क्षमता के अनुरूप नही बन पाता है। जिस कारण से पूरा जीवन समस्याओं और परेशानियों से भर जाता है।

आयोजित नुक्कड़ नाटकों को आम जनता एवं छात्र छात्राओं, एवं शिक्षकों के द्वारा सराहा गया। मौके पर उपस्थित संत जोसेफ इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल सुशील टोप्पो ने कहा की आज जो हमारे और अन्य विद्यालयों में सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज के द्वारा के द्वारा बाल विवाह उन्मूलन हेतु जो जागरूकता कार्यक्रम दिखलाया गया यह एक बहुत ही सराहनीय पहल है। अगर इस तरह के कार्यक्रम होते रहे तो तो निश्चित ही हम बाल विवाह मुक्त समाज की परिकल्पना कर सकते है।

इस आयोजन के अंत में सभी छात्र छात्रों ने बाल विवाह मुक्त समाज बनाने का सामूहिक संकल्प लिया । इस आयोजन में शिक्षक, सेंटर फॉर कैटलाईजिंग चेंज की टीम और लगभग 2500 छात्र छात्राएं शामिल थे।

# सिविक एक्शन प्रोग्राम में सीआरपीएफ ने बांटी सामग्री



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनारी एवं जोरी पिकेट परिसर में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत सीआरपीएफ 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार द्वितीय कमान अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा सहायक कमांडेंट सुधीर कुमार बबलू कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया किया जहां मुख्य तिथि के रूप बीडीओ छंदा भट्टाचार्य सीओ धनंजय पाठक विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत आदि लोगों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम में ग्राम वासियों के बीच सोलर लाइट, मच्छरदानी, स्कूल बैग, कंबल, ड्रम, बर्तन एवं जरूरत के विभिन्न सामग्री एवं युवाओं के बीच क्रिकेट किट का वितरण अतिथियों के द्वारा किया गया। साथ ही डॉ रंजीत कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा मेडिकल कैंप लगाया गया था जहां बीमारी से संबंधित समस्या को लेकर पहुंचे ग्राम वासियों के बीच निशुल्क जांच एवं दवाइयां का वितरण किया गया। कमांडेंट राहुल कहा की सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से न सिर्फ हम जरूरमंद ग्रामीणों को बुनियादी जरूरत की चीज उपलब्ध कराते हैं बल्कि प्रेरणादाई विषयों पर लघु फिल्मों का प्रसार कर क्षेत्र की जनता व विशेष कर युवा पीढ़ी और छात्रों को देशभक्ति के लिए भी प्रेरित करते है। सीओ धनंजय पाठक ने कहा कि सिविक एक्शन प्रोग्राम से क्षेत्र की जनता व सुरक्षा बलों के बीच आपसी विश्वास कायम होता है। बीडीओ ने कहा कार्यक्रम से ग्रामीण तथा युवाओं के जीवन की प्रतिभा का विकास होता है। खेल किट मिलने से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति भावनाएं भी जागृत होती है। आयोजित कार्यक्रम को लेकर उपस्थित ग्रामीण काफी खुश दिखे और सीआरपीएफ की प्रशंसा की और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजन करने की बात कही। इस मौके पर सीआरपीएफ 58 बटालियन के कई जवान मौजूद थे।

# भोगता समाज की दशा और दिशा तय करेगा सामाजिक सम्मेलन सह आभार रैली : मंगल

**प्रमंडल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन सह आभार महारैली का 22 फरवरी को होगा अयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** प्रमंडल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन सह आभार महारैली का अयोजन 22 फरवरी को होगा। इसे लेकर सिमडेगा के बरहामुड़ में सोमवार को खरवार भोगता समाज विकास संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मंगल सिंह भोगता ने की। इस प्रस्तावित प्रमंडल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन सह आभार महारैली के सफल आयोजन पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री भोगता ने कहा कि दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में प्रमंडल एवं प्रदेश के बाहर से भी भोगता समाज के सदस्यों को आमंत्रित किया जाएगा। प्रमंडल के सभी जिला से सामाजिक भागीदारी के जिला कमेटी को जिम्मेवारी दी गयी। मंगल सिंह भोगता ने कहा कि यह आभार महारैली में शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा जो भोगता समाज का राजनीतिक दशा और दिशा तय करेगा। मुख्य अतिथि के आमंत्रण पर विचार विमर्श किया गया और केंद्रीय महासचिव जगन्नाथ भोगता को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से संपर्क करने का अनुरोध किया गया। बैठक में सीताराम भोगता, दिनेश प्रधान, संदीप प्रधान, फूलमनी देवी, ललिता देवी, रतनी देवी, बैशाखी देवी, बासमती देवी, सनमइत देवी, वीणा देवी, नीरो देवी, बालमती देवी, भरत प्रधान, हीरालाल प्रधान, सुदर्शन भोगता, शिवशंकर भोगता, भानुप्रताप प्रधान आदि शामिल थे।

# बच्चों से दुश्मनी नहीं निभायें, आपकी उदारता उनकी जान खतरे में डाल सकती है : प्रभास

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर ।** प्रखंड में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति गुमला के द्वारा प्रचार वाहन के माध्यम से प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क अनुशासन सुरक्षित जीवन के तहत अभियान चलाकर वाहन चालकों को जागरूक किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी कुंदन कुमार सड़क सुरक्षा मैनेजर प्रभास कुमार आदि लोगों ने थाना गेट के समीप बिना हेलमेट एवं ट्रिपल लोडेड वाहन चालकों को रोककर उन्हें माला एवं गुलाब फूल देकर हाथ जोड़ते हुए उनका अभिवादन करते हुए कहा कि अपने बच्चों से दुश्मनी ना निभाएं आपकी जरा सी उदारता उनकी जान खतरे में डाल सकती है। उन्होंने कहा अपने लिए ना सही लेकिन परिजन बच्चों और माता-पिता के लिए हेलमेट का प्रयोग करें हेलमेट दो पहिया वाहनों का सुरक्षा कवच है। इस दौरान बिना हेलमेट एवं ट्रिपल लोडेड चल रहे वाहन चालकों को काफी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। प्रभास कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूरा जिला में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस निमित्त आज बिशुनपुर प्रखंड के वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है । थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने कहा सड़क दुर्घटना में लोगों की जान जा रही है लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं इसका मुख्य कारण है यातायात नियमों का अनुपालन नहीं करना उन्होंने कहा कि आज तो पुलिस प्रशासन के द्वारा ऐसे लोगों को फूल माला पहनकर सम्मानित किया गया है और चेतावनी दी गई है। इस मौके पर मंटू रवानी रामानंद महाराज अशोक कुमार वीरू देव कुमार सिंह सहित अन्य लोग अभियान में शामिल थे।

# जर्जर बाइपास सड़क बनी जानलेवा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला बाइपास रोड में अनियंत्रित स्कूटी सवार सुबोध कुमार 27 वर्ष सिलम के पास सड़क से नीचे खेत पर गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। घायल सुबोध रेड़वा स्थित नायरा पेट्रोल पंप में बतौर मैनेजर काम करता है और मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार वह किसी काम से रायडीह गया था और बायपास रोड से सिसई लौट रहा था। बताते चले कि बाइपास रोड पूरा होने से पहले ही जर्जर हो गया है। जर्जर सड़क के कारण ही स्कूटी अनियंत्रित हो गई और सड़क से नीचे खेत पर गिर गया। स्थानीय लोगों के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल सुबोध का सहयोगी मनीष कुमार बेहतर इलाज के लिए रांची ले गया।

# नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में आगामी परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुचर्चित परीक्षा पे चर्चा 2024 का आयोजन किया गया। कक्षा -10 व 12 के छात्रों को इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया ताकि आने वाले वार्षिक माध्यमिक व वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में छात्र तनावमुक्त होकर परीक्षा दे सकें।

# डीलिस्टिंग की मांग के विरोध में इसाई आदिवासी समाज ने निकाला जुलूस, किया विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर में डीलिस्टिंग की मांग के विरोध में आदिवासी एकता मंच की बैनर तले इसाई आदिवासी समाज एकजुट होकर मुख्यालय में सोमवार को जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र के कई गांवो से हजारों की संख्या में जुटे ईसाई आदिवासियों ने प्रखंड कार्यालय के पास से जुलूस निकालकर डीलिस्टिंग के विरोध में हाथों में तख्ती लेकर जमकर नारेबाजी की। यह जुलूस थाना रोड मेंन रोड बस स्टैंड अल्बर्ट एक्का चौक होते हुये बरवे मैदान पहुंची। जहां यह सभा में तब्दील हो गयी जहां ईसाई समुदाय का नेतृत्व कर रहे मुख्य वक्ता ग्लेक्शन डूंग, विश्वनाथ उरांव, रोम खाखा ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने जनजातीय सुरक्षा मंच और इसके नेताओं पर धर्म के नाम पर आदिवासियों को लड़ाने का आरोप लगाते हुए सीधा हमला किया। साथ ही कहा कि संविधान में आरक्षण की व्यवस्था जातिगत आधार पर की गयी है।

वही सुशील दीपक मिंज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आरएसएस और भाजपा एक सूची समझी साजिश के तहत आदिवासी समाज को लड़ाने का काम कर रही है। जिसे समझने की आवश्यकता है हमें एकजुट होकर उनके मंसूबे को नाकाम करने की आवश्यकता है।

अल्बर्ट तिग्गा ने कहा कि आदिवासी समाज को आपस में लड़ाने की साजिश है। लेकिन समाज अब जाग उठा है धर्म की राजनीति नहीं चलेगी। वही सभा को मेरी लकड़ा, बोनिफास कुजूर सहित कई लोगों ने संबोधित किया। इस सभा में मुख्य रूप से मारियानुस तिग्गा, बेर्नार्ड टोप्पो आलोक टोप्पो, अमिता केरकेट्टा, संता टोप्पो सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# हैंडबॉल प्रतियोगिता का राज्य स्तरीय आयोजन गुमला में होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी स्पोर्ट अकादमी के प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों से मिले। उनकी हौसला अफजाई की। उपायुक्त को यह जानकारी दी गयी कि स्पोर्ट्स अकादमी के प्रतिभावान खिलाड़ियों के द्वारा जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 2023 के अंतिम तथा वर्ष 2024 के प्रारंभिक दौर में बेहतरीन प्रदर्शन किया गया है। फिल्हाल गिरिडीह के पारस नाथ में साइकिलिंग की प्रतियोगिता का अयोजन किया गया था। जिसमें स्पोर्ट अकादमी के कई खिलाडियों ने इतना बेहतर प्रदर्शन किया कि राज्य के खेल प्रेमी हतप्रभ हैं। स्कूल फेडरेशन द्वारा हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम व बिहार में आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिला व राज्य की मान मयार्दाओं को खेल मानचित्र में कायम कर दिया है। उपयुक्त करण सत्यार्थी से स्पोर्ट्स अकादमी के प्रभारी प्रशिक्षक सैयद जुनून व हफीजुर रहमान ने खिलाड़ियों का परिचय कराया। उपायुक्त से इन होनहार खिलाड़ियों ने काफी गर्मजोशी से मुलाकात की। खिलाडियों ने उपायुक्त को बुके फूल माला से के साथ स्वागत किया। सपोर्ट्स अकादमी के पूर्व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सब प्रशिक्षक सैयद जुनून हाफिजुर रहमान ने बताया कि हैंडबॉल में इस जिले का बेहतर प्रदर्शन देखने के बाद झारखंड हैंडबॉल एसोसिएशन ने स्टेट हैंडबॉल सीनियर बालक बालिका के आयोजन की जिम्मेदारी गुमला जिले को दी है। यह बात सुनकर उपायुक्त काफी खुश हुए और उन्होंने इसके सफल आयोजन की कामना की। खिलाड़ियों में सतीश कुमार साहू, नीरज महतो, अनीश साहू, दीपक साहू, विजय विक्रम राज, विजय कुमार, अकेबुल अंसारी, तौफीक अंसारी, आरिफ, मोहिउद्दीन, ज्योति कुमारी, अनामिका कुमारी, अनुष्का कुशवाहा, जीवांशु राव, राहुल उरांव सहित कई खिलाड़ी उपस्थित थे।

## श्री मां दुर्गा नवचंडी यज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पथरा पंचायत के चनकार कस्तूरी टोला नोनियाडीह में देवी प्राण प्रतिष्ठा व श्री मां दुर्गा नवचंडी यज्ञ को लेकर जलयात्रा निकाली गई। जिसकी शुरूआत देवी मंदिर परिसर से की गयी। परंपरागत ढंग से निकले जलयात्रा में शामिल लोग नोनियाडीह, चनकार कस्तूरी, पोलडीह जगदीशपुर, पोलडीह आदि गांवों का भ्रमण करते हुए गजनधाम स्थित कररबार नदी पहुंचे। जहां आचार्य कृपा नाथ पाठक, रजनीश पाठक, रामेश्वर पाठक आदि ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की प्रक्रिया पूरी की। युवा कमेटी नोनिया बीघा के लोग सक्रिय रहें। मौके पर मुखिया नरेश पासवान, कथा वाचक कृष्ण शास्त्री जी महाराज, लवकुश पासवान, शशिकांत कुमार, गोलू कुमार, अंगद पासवान, धीरज पासवान, मनीज पासवान आदि शामिल थे।

### हुसैनाबाद के चार विद्यालय को उच्च विद्यालय में किया गया उत्क्रमित

# शिक्षा से वंचित नहीं होंगे बच्चे : कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के चार विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित होने से सुदूरवर्ती क्षेत्र के गरीब विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा घर के आसपास ही मिल जाएगी। उक्त बातें हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में 140 मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने के प्रस्ताव की स्वीकृति झारखंड कैबिनेट से मिली है। पलामू जिले के 9 मध्य विद्यालयों का उत्क्रमण किया गया है। जिसमें चार विद्यालय हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के शामिल है। जिन विद्यालयों को उत्क्रमित किया गया है, उसमें मध्य विद्यालय डेहरी, मध्य विद्यालय पथरा, मध्य विद्यालय दंगवार व मध्य विद्यालय बिहरा शामिल है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी सभी क्षेत्र के विद्यालयों को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित कराया जा चुका है। इस महीने चार और विद्यालयों के उत्क्रमित होने से संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र को लाभ मिल सकेगा। विधायक ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य सड़क के मामले में हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र राज्य के अन्य विधानसभा क्षेत्रों से काफी बेहतर है। इस दिशा में लगातार कार्य कराया जा रहा है। आने वाले दिनों में शिक्षा स्वास्थ्य व सड़क के मामले में हुसैनाबाद और विकसित होगा। सभी प्रखंडों में बालिका आवासीय विद्यालय, जपला के झरहा में कालेज के निर्मित भवन में पठन पाठन शुरू कराने में वह जुटे हैं। जल्द ही सकारात्मक परिणाम आने की उम्मीद है।



## सेवानिवृत्त एसआइ को दी गयी विदाई



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना में कार्यरत पुलिस अवर निरीक्षक रामेश्वर तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को थाना परिसर में समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने उनकी कर्तव्यशीलता की प्रशंसा की। उन्होंने उनके सुखद भविष्य की कामना की। बाद में उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एसआई अनुप कुमार, शिवशंकर उरांव, धुमा किस्कू आदि थे।

## जीत गयी लोगों की आस्था: अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने बाघेश्वर धाम सरकार की पलामू में कथा करवाने की अनुमति अंततः दे दी है। इस पर सोमवार को खुशी जाहिर करते हुए नगर निगम की प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने कहा कि हाईकोर्ट ने लाखों सनातनियों की आस्था को ध्यान में रखते हुए परम पूज्य श्री धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा सरकार को को पलामू में आने की अनुमति सरकार के दलील को निरस्त करते हुए प्रदान कर दी है। कमेटी के सदस्य एवं याचिका प्रार्थी संस्था के सचिव दीनानाथ जी, मंटू शरद शरण,अतुल अखौरी,बागेश्वर धाम के सेवादार नितेश सिंह, कमलेश सिंह एवं अविनाश वर्मा ने खुशी जाहिर की है।

## जनसंख्या के हिसाब से ओबीसी को हर क्षेत्र में मिले समुचित भागीदारी : ब्रह्मदेव



**कहा- झारखंड में भी कराई जाए जाति आधारित जनगणना**

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच का जागरूकता अभियान रथ यात्रा विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर प्रांगण से सोमवार को शुरू हुआ। मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने रथ यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान ओबीसी वर्ग के लोगों को 11 फरवरी को मेदनीनगर स्थित शिवाजी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। इस क्रम में लालगढ़, विश्रामपुर, पचघारा, नावाडीह, बघमनवा, उरसुला, झगरुआ, डिहरीया, पांडेपुर, गोदरमा, डंडिला कला, रेहला, बीमोड़ व बरवाडीह में नुक्कड़ सभा भी की गयी। जिसमें मंच के संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि आबादी के अनुसार ओबीसी समाज को हर क्षेत्र में समुचित भागीदारी मिलनी चाहिये। जनसंख्या के हिसाब से सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में 52 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिये। उन्होंने झारखंड में भी जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की। कहा कि ओबीसी का सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रिपोर्ट जारी किया जाए। इसके लिए पिछड़ा आयोग का पूर्ण गठन करते हुए उसे सशक्त और सक्रिय किया जाए। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग वित्त निगम की स्थापना कर बेरोजगार युवकों, छात्रों को ब्याज मुक्त स्वरोजगार व शिक्षा के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाए। वहीं, राज नारायण पटेल ने कहा कि ओबीसी समाज को राजनैतिक हिस्सेदारी लेने के लिए जागरूक होना होगा। युगल किशोर पाल ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के ऊपर जो अन्याय हुआ है उसका त्वरित न्याय दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना की जाए। संजय कुमार साहू ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों को 10 हजार रुपये मासिक बेरोजगारी भत्ता दी जाए। मौके पर अजय वर्मा, पेंटर जिलानी, शंकर विश्वकर्मा, अशोक पाल, अख्तर अंसारी, वीरेंद्र कुमार यादव, गोरखनाथ चौधरी, अमर प्रसाद, हरिहर पाल, संतोष चौधरी, देव कुमार ठाकुर, दीपक कुमार चंद्रवंशी, गिरिजा नारायण चंद्रवंशी, महेंद्र बहेलिया, विजय ठाकुर आदि मौजूद थे।

## पलामू किला मेला परिसर में लगेगा सप्ताहिक बाजार



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू किला फुलवरिया जतरा टांड़ प्रांगण में रविवार को सप्ताहिक हाट-बाजार लगाया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह और राजधानी प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से फीता जोड़कर किया। इस कार्यक्रम का आयोजन पलामू किला जतरा समिती के तत्वावधान में किया गया, जिसकी अध्यक्षता आशुतोष सिंह चेरो ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मनिका जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह चेरो, सतबरवा जिला परिषद सदस्य सुधा देवी, प्रदेश भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो, सेवानिवृत्त शिक्षक रामलखन सिंह चेरो, सूरजमल सिंह, कुमरेश सिंह चेरो, नयन सिंह चेरो, गणेश्वर सिंह चेरो, विश्वनाथ सिंह, जनेश्वर सिंह चेरो एवं आशुतोष सिंह चेरो ने कहा कि फुलवरिया स्थित किला मेला परिसर में सप्ताहिक बाजार लगने से आसपास के दर्जनों गांव के लोगों को लाभ मिलेगा। बाजार में किसी भी चीज की दुकान लगाकर अपना घर का खर्चा चला सकेंगे और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। वहीं कार्यक्रम समापन की घोषणा गुड्डू सिंह चेरो ने किया। मौके पर अध्यक्ष उमेश सिंह चेरो, सचिव चन्दन सिंह चेरो, कोषाध्यक्ष मनोज सिंह चेरो, प्रदीप सिंह चेरो आदि उपस्थित थे।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अमरेश कुमार राम
प्रधानाध्यापक मध्य विद्यालय
कोशीबार ग्राम पंचायत मझिगावां
प्रखंड खरौंधी , जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
बिंदा देवी
मुखिया ग्राम पंचायत मझिगावां
प्रखंड खरौंधी , जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
विश्वामित्र यादव
समाजसेवी ग्राम पंचायत मझिगावां
प्रखंड खरौंधी , जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
संतोष यादव
राजद प्रदेश उपाध्यक्ष
भुरकुंडा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
कार्यपालक विद्युत अभियंता
खूंटी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
लवली गुप्ता
भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता सह
पांकी पूर्वी पूर्व जिला परिसद सदस्य
पांकी पलामू

SACRED HEART SCHOOL
JHUMRI TELAIYA
Estd. - 1997
SACRED HEART SCHOOL
Affiliated to CBSE, New Delhi upto +2 * English Medium * Co-Educational
JHUMRI TELAIYA , KODERMA 8709944667
principal@sacredheartkoderma.org sacredheartkoderma.org

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जन सेवा ही मेरा कर्म
Happy Republic Day
डॉ एस अनवर
ग्राम कुंदरु कला,
जिला रामगढ़ झारखंड,

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
पंकज सिंदुरिया
थाना प्रभारी खरौंधी
जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
पंकज कुमार राम
प्रज्ञा केंद्र संचालक पंचायत भवन
ग्राम पंचायत मझिगावां
प्रखंड खरौंधी , जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
कृष्णा राम
पंचायत समिति सदस्य
ग्राम पंचायत मझिगावां, प्रखंड खरौंधी
जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
GRIZZLY
COLLEGE OF PHARMACY
D. PHARMA COLLEGE
www.grizzlypharmacy.org
7070098731
Urwan, Dist. - Koderma - 825409 (Jharkhand)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मंदीप सिंह
संचालक
श्री दीप पेट्रोलियम चपरीकला
पांडेयबारा चौपारण
भारत पेट्रोलियम

JAGANNATH JAIN COLLEGE
Estd: 1960
(A Constituent Unit Of Vinoba Bhave University)
Naac Accredited 'b'
Jhumritelaiya-825409, Dist. Koderma (Jharkhand)
Ph: (06534)222540 (0) 224871 (R)
Website: www.jjcollege.edu.in, Email-principal@jjcollege.edu.in
Happy Republic Day
26 जनवरी 2024, गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी, छात्र छात्राओं एवं समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ ।
महाविद्यालय वर्ष 1960 से आज तक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अग्रसर है।
इंटर, स्नातक, स्नातकोत्तर, बी. एड., बी. सी. ए., के साथ साथ इग्नू एवं नालंदा खुला विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं के लिए पठन - पाठन की सुविधा भी उपलब्ध है।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M
(ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

JAS-ANZ IAF
FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

**जागरूकता : स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान क्रियान्वयन को लेकर बैठक**

## छूने से नहीं फैलता कुष्ठ रोग: डॉ चंद्रभानू प्रतापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी वरुण रंजन के निर्देश पर स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर पुराने समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। जिसमें सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन ने स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान की रुपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथी तक स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान के तहत लोगों को कुष्ट रोग के लक्षण एवं ईलाज के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस वर्ष कुष्ट जागरूकता अभियान का थीम कलंक को समाप्त करना गरिमा को अपनाना रखा गया है। उन्होंने बताया कि कुष्ट रोग छूने से नहीं फैलता है।



अधिकारियों के साथ बैठक करते सिविल सर्जन डॉ चंद्नभानू प्रतापन।

एमडीटी दवा के सेवन से इसका ईलाज संभव है। उन्होंने बताया कि त्वचा में बदरंग दाग जिसमें पूर्णतः सुन्नपन या हल्का सुन्नपन्न होना, चेहरा चमकदार या तेलिया दिखाई देना, त्वचा में गठान दिखाई देना, कान के किनारे मोटापन, गठान या चेहरे में गठान, आंख का फलक बंद करने में कठिनाई होना या आंख से पानी आना, भौं का झड़ जाना, नाक का दब जाना, कोहनी या घुटना में दर्द या झुनझूनी कुष्ट रोग के लक्षण हो सकते है। इसके अलावा ठंडा या गर्म महसूस नहीं होना, हथेली में सून्नपन, किसी चीज को उठाने या पकड़ने में कठिनाई होना, कमीज का बटन लगाने में कठिनाई होना, हाथ की उंगलियों या पैर के अंगूठे में झुनझूनी, हाथ-पांव में झुनझूनी, हाथ-पांव में दर्दरहित घाव होना या जलने का एहसास ना होना, उगलियों का मुड़ जाना, चलते समय चप्पल का अपने आप निकल जाना या पंजा को ऊपर नहीं उठा पाना/कलाई का झूल जाना भी इसके लक्षण हो सकते है। उन्होंने कहा कि इनमें से कोई एक या अधिक लक्षण हो तो उसे छुपाये नहीं, बल्कि अविलंब नजदीकी अस्पताल में जांच के लिए जायें। स्पर्श कुष्ट जागरूकता अभियान के तहत पंचायत स्तर पर ग्राम सभा में मुखिया द्वारा, आंगनबाड़ी में आंगनबाड़ी सेविका और विद्यालय स्तर पर शिक्षकों द्वारा कुष्ट रोग से संबंधित संदेश पढ़ कर कुष्ट रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही कुष्ट निवारण के लिए अपना योगदान देने की प्रतिज्ञा दिलायी जाएगी। इसके अलावा पोस्टर बैनर, समाचार पत्र, सोशल मीडिया आदि के जरिए भी लोगों को कुष्ट रोग के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन, डब्लूएचओ रांची से डॉ मनोज कुमार, डब्लूएचओ के एसएमओ डॉक्टर अमित कुमार, डीआरसीएचओ डॉक्टर रोहित गौतम, जिला कुष्ट रोग पदाधिकारी डॉ मंजु दास, डॉ विकास कुमार राणा आदि मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राहुल गांधी के धनबाद आगमन को लेकर बैठक

### अधिकारियों के बीच हुआ जिम्मेदारियों का बंटवारा

**कंट्रोल रूम बनाकर रखी जाएगी गतिविधियों पर नजर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता-सांसद राहुल गांधी के चार फरवरी को धनबाद आगमन के मद्देनजर सुरक्षा की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला पदाधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी वरुण रंजन ने की। बतातें चलें कि धनबाद के सिंदरी स्थित हर्ल के अलावा बरवाअड्डा हवाईअड्डा में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम होना है। जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इसी दिन गोल्फ ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगें। वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा भी इसी दिन धनबाद में होनी है। इन सभी वीआइपी गतिविधियों को देखते हुए डीसी ने जिले के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पदाधिकारियों के बीच कार्यों का आवंटन किया है। सभी कार्यक्रम के लिए नोडल पदाधिकारियों की टैगिंग डीसी द्वारा की गई। हर्ल कारखाना में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए डीडीसी शशि प्रकाश सिंह को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं बरवाअड्डा हवाईअड्डा में जनसभा कार्यक्रम के लिए एलआरडीसी सतीश चंद्रा को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के न्याय यात्रा के लिए नगर आयुक्त रविराज शर्मा को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। जबकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रम के लिए डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही जेएसएससी परीक्षा के लिए एडीएम (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इन सभी कार्यक्रम की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम का निर्माण किया जाएगा। जिसके लिए अपर समाहर्ता विनोद कुमार को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक के दौरान सभी हैलीपेड को समय पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी अप्रोच रोड की मरम्मती के लिए आरसीडी के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। शहर की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण के लिए नगर निगम के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है। अतिथियों के ठहराव की व्यवस्था, पीएमओ ऑफिस की व्यवस्था, स्टेज की व्यवस्था, क्राउड मैनेजमेंट की व्यवस्था, गाड़ियों की व्यवस्था, रूट चार्ट, मीडिया मैनेजमेंट समेत हर छोटे-छोटे कार्यों की डिटेलिंग के लिए डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में डीसीएलआर सतीश चंद्रा, डायरेक्टर डीआरडीए मुमताज अली अहमद, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कमलकांत गुप्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप, जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सलकर, सहायक श्रम आयुक्त रंजीत कुमार, नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू आदि मौजूद थे।



जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी वरुण रंजन।

### विहिप-बजरंग दल ने लालमणि वृद्धा आश्रम में की नाश्ता की व्यवस्था

**टुंडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड धर्माचार्य प्रमुख राजू मोहली एवं मुकेश कुमार ठाकुर की ओर से लालमणि वृद्धा आश्रम के लोगों के लिए सोमवार को नाश्ता की व्यवस्था की गई। इसमें जिला के सत्संग प्रमुख देव कुमार पांडे विहिप के टुंडी प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह वीर ,बजरंग दल संयोजक नवीन गोश्वामी, दीपक साव, अशोक वर्मा, सुंदर महतो, शंकर महतो, समर महतो, मनबोध तुरी, लालू गोश्वामी, विहिप के टुंडी प्रखंड धर्माचार्य प्रमुख सनोज सिंह, वकील कुमार रविदास, शंकर महोली, विधु पंडित आदि थे।

## रंजय सिंह के हत्यारे खुलेआम घूम रहे और परिजन इंसाफ की आस में न्यायालय के चक्कर काट रहे : रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** भाजपा के युवा कार्यकर्ता रंजय सिंह की हत्या हुए सात साल बीत चुके हैं। हत्यारे अब भी खुलेआम घूम रहे और मृतक के स्वजन अभी भी इंसाफ की आस में न्यायालय के चक्कर लगा रहे हैं। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रागिनी सिंह ने कही। वो दिवंगत रंजय सिंह की 7वीं पुण्यतिथि पर उसके आवास झरिया वाटर बोर्ड कॉलोनी भगतडीह में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि सत्तापक्ष के दबाव में आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। लेकिन रंजय सिंह के परिवार वालों को न्यायालय पर पूरा भरोसा है। जल्द ही इस पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। शोकसभा के दौरान रागिनी सिंह ने रंजय के पिता बच्चू सिंह, पत्नी रूमी, पुत्र ऋषभ व दोनों बेटियों से भी मुलाकात की। परिजनों से मिलते ही उनकी आंखें भी नम हो गई। रागिनी सिंह ने परिजनों को सांत्वना भी दिया। इसके बाद रंजय की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। अंत में कहा कि तीन मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया छीनने वाले गुनहगार को फांसी मिलनी चाहिए। मौके पर अखिलेश सिंह, महंत पांडे, मनोज गोप, पप्पू पासवान, अमर सिंह, विनोद पासवान, छोटू सिंह, देशराज, प्रेम गोप आदि थे।



रंजन सिंह की पुण्यतिथि पर पहुंची रागिनी सिंह।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### विद्यार्थी परिषद ने फूंका सरकार का पुतला



**कतरास (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कतरास कॉलेज के मुख्य द्वार पर झारखंड सरकार का पुतला दहन किया। छात्र-छात्राओं ने झारखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। गौरतलब हो कि जेएसएससी द्वारा ली गई संयुक्त स्नातक योग्यताधारी (सीजीएल) परीक्षा में पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद बीते दिन परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। अभाविप के अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण ने बताया कि हेमंत सरकार के अंतर्गत पिछले 4 वर्षों में यही देखा गया है कि केवल परीक्षाओं की अधिसूचना जारी की जाती है और युवाओं द्वारा फॉर्म भराया जाता है। ज्यादातर परीक्षाओं को रद्द ही कर दिया गया और कुछ की परीक्षा ली भी गयी तो उसमें परीक्षा से पूर्व ही प्रश्नपत्र लीक हो गये। जिसे बाद में रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार के राज में सिर्फ हत्या, लूट, घोटाले व पेपर लीक ही हुए है। यह सरकार सिर्फ करदाता के पैसे से अपनी जेब भरने के लिए शासन में आई है। छात्र-छात्राओं ने रोष जताते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड के युवा सत्ता के नशे में खोई छात्र विरोधी सरकार को कुर्सी से उखाड़ फेंकेगी।

### जेएसएससी पेपर लीक मामले में विद्यार्थी परिषद ने फूंका झारखंड सरकार का पुतला



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थी परिषद की ओर से मेदिनीनगर नगर मंत्री रामाशंकर पासवान की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड सरकार का पुतला दहन किया गया। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुए पेपर लीक मामले को लेकर वर्तमान सरकार के बेतुके नकल विधेयक की विफलता छात्रों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ करने को लेकर पुतला दहन किया गया। परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजन कश्यप ने कहा कि भ्रष्ट शासन तंत्र व भ्रष्ट सरकार की वजह से छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ हैं। जब से यह सरकार बनी है तभी से आज तक हमेशा से छात्रों को छलने का प्रयास किया जाता रहा हैं। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय कॉलेज अध्यक्ष आकाश वर्मा ने कहा कि हम सभी युवा मिलकर वर्तमान राज्य सरकार को उखाड़ कर फेंक देंगें। वर्तमान सरकार द्वारा छात्रों के साथ सिर्फ छलावा ही किया गया है। इस पुतला दहन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय प्रादेशिक विश्वविद्यालय सह संयोजन विनीत पांडे, जिला संयोजक सुमित पाठक, सतीश तिवारी, सूर्यकांत पासवान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभय वर्मा, नितीश दूबे, दीपक पांडे, उज्जवल सिंह, बिट्टू सिंह, हेमंत मिश्रा, आकाश वर्मा, प्रभात दुबेंहर्ष सिंह, विक्की पांडे, रोहित सोनी, आलोक तिवारी, प्रिया कुमारी, तनु जयसवाल, मुकेश सिंह, वर्षा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## पलामू में कुल 16,93,169 मतदाता: डीसी

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतिम प्रकाशन के संबंध में सोमवार को पलामू डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। डीसी ने एसएसआर 2024 में प्रपत्र 6 के माध्यम से जिले में जुड़े कुल मतदाताओं की संख्या (पुरुष-महिला) के साथ ही प्रपत्र-7 के माध्यम से विलोपन व प्रपत्र-8 के तहत स्थानांतरण-संशोधन आदि कार्यों से अवगत कराया। बैठक में मौजूद सभी दलों के प्रतिनिधियों को



पांच विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची की एक-एक प्रति कॉपी भी उपलब्ध करवाया। कहा कि अगर उन्हें लगता है कि इस सूची में किसी योग्य व्यक्ति का नाम छूट गया है तो वे अपने स्तर से भी उस व्यक्ति का नाम सूची में जुड़वाने का कार्य करें। डीसी ने बताया कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद पलामू में कुल 16,93,169 मतदाता है। इनमें आठ लाख 77 हजार 713 पुरुष और आठ लाख 15 हजार 451 महिला, जबकि पांच ट्रांस जेंडर मतदाता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पांकी विधानसभा में कुल तीन लाख 18 हजार 266 मतदाता, डालटनगंज में तीन लाख 94 हजार 065, विश्रामपुर में तीन 52 हजार 109 मतदाता है। जबकि छतरपुर में तीन लाख 13 हजार 963 मतदाता, हुसैनाबाद में तीन लाख 14 हजार 766 मतदाता है। इसमें 18 से 19 वर्ष के आयु के कुल 23 हजार 601 नए मतदाता जोड़े गये हैं।

**फिर भी सरकार नहीं जागी, तो करेंगे चक्काजाम : जिप अध्यक्ष**

## बेरमो को जिला बनाने की मांग को लेकर आहूत बंद गोमिया में असरदार

**सरकार बेरमो को जिला नहीं बनाती है तो पानी, बिजली, कोयला सब कुछ रोक दिया जाएगा : चितरंजन साव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने की मांग को लेकर आहूत बंद सोमवार को गोमिया में असरदार दिखा। वहीं, बंद के समर्थन में बोकारो जिला परिषद् अध्यक्ष सुनीता देवी, भाजपा नेता चितरंजन साव, उप प्रमुख अनिल महतो, आजसू नेता कुलदीप प्रजापति, मिथुन चंद्रवंशी, भाजपा नेता विनोद कुमार यादव, माकपा नेता राकेश कुमार व सामाजिक कार्यकर्ता गोमिया मोड़ पर धरने पर बैठे और प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि बेरमो अनुमंडल जिला बनने की सारी अर्हता पूरी करता है। यहां की आबादी लगभग 15 लाख के आसपास है। बावजूद इसके बेरमो को जिला बनने नहीं दिया जा रहा है। जब तक जिला नहीं बनेगा तब तक आंदोलन करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बेरमो से कम आबादी वाला खूंटी और रामगढ़ आदि को जिला बनाया जा चुका है, लेकिन बेरमो की उपेक्षा की जा रही है। हमलोग पिछले दो वर्ष से सरकार को जगाने की कोशिश कर रहे हैं। पर सरकार मौन धारण किए हुए है। उन्होंने चेतावनी दी कि सांकेतिक चेतावनी के बाद भी उनकी बातों को अनसुना किया गया, तो चक्का जाम करेंगें। वहीं भाजपा ओबीसी मोर्चा के बोकारो जिलाध्यक्ष चितरंजन साव ने कहा कि यह आंदोलन गैर राजनीतिक है। अनुमंडल क्षेत्र की लाखों जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। बेरमो अनुमंडल को बने लगभग 51 साल बीत चुके हैं। मगर ऐसा लगता है कि सरकार को बेरमो की जनता की फिक्र ही नहीं है। अगर सरकार बेरमो को जिला नहीं बनाती है तो पानी, बिजली, कोयला सब कुछ रोक दिया जाएगा। कहा कि आज की बंद से यातायात पूरी तरह प्रभावित है और क्षेत्र में चारों ओर बंदी का असर है। मौके पर विशाल चौहान, मंटू यादव, रोहित यादव, अधिवक्ता अरुण प्रजापति, मिहनाज अंसारी, सुरजीत बधावन आदि मौजूद थे।




सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करते विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग।

### बोकारो स्टील प्लांट के केबुल टनल में अग्नि सुरक्षा का प्रबंध



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के डीएनडब्ल्यू विभाग के वन आर पे सबस्टेशन के बेसमेंट और उससे जुड़े केबुल टनल में फायर रीटार्डेंट डोर और फायर बैरियर पैनल का उद्गाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) बी के तिवारी ने किया। जिसकी सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि अग्नि सुरक्षा की इस पहल को अन्य विभागों में भी कार्यान्वित करना चाहिए। पावर सप्लाइ का डिस्ट्रिब्यूशन केबुल के माध्यम से समस्त विभागों को किया जाता है, इसे सुचारू रुप से डिस्ट्रीब्यूट करने के लिए प्लांट के सभी विभागों को एच टी केबुल नेटवर्क से जोड़ा गया है। अग्नि रोधक द्वार की उपयोगिता तब होती है जब किसी कारण बस केबुल टनल में आग लग जाती है। यह अग्नि रोधक द्वार आग को एक कंपाट्मेंट से दूसरे कंपाट्मेंट में जाने से रोकती है। बोकारो स्टील प्लांट में अग्नि सुरक्षा के प्रबंधन के संदर्भ में वितरण तंत्र के महाप्रबंधक दिलीप कुमार गोंड के साझा किए गए विवरण के अनुसार, अग्नि सुरक्षा के लिए अग्रसर कदम उठाए जा रहे हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि केबुल टनल में आग लगने पर जान और माल का नुकसान कम हो, अग्नि रोधक द्वार और अग्नि अवरोधक पैनल जैसे उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक वितरण तंत्र एन भाटिया, मुख्य महाप्रबंधक मेंटेनेंस पी के बैसाखिया, वितरण तंत्र विभाग, सुरक्षा अभियन्त्रण विभाग, कोक ओवन, सीईडी, अग्नि सेवाएं, वाटर मैनेजमेंट व अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी साथ मिलकर इस महत्वपूर्ण पहल के संचालन में योगदान किया।

### नीतीश कुमार के नौवीं बार मुख्यमंत्री बनने पर बोकारो जदयू ने मिठाई खिलाकर बांटी खुशियां



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** निति कुमार के नौंवी बार मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने की खुशी में जदयू की ओर से बोकारो नया मोड़ में सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। जिलाध्यक्ष प्रदीप महतो ने कहा कि भाजपा के साथ एलाइंस कर जनता दल यूनाइटेड में नया जान फूंकने का काम किया किए हैं। बिहार में 'न्याय के साथ विकास' एवं 'सुशासन' के पर्याय जनप्रिय नेता, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को पुनः मुख्यमंत्री पद पर स्थापित होना सुखद है। इस खुशी में बोकारो जिला के सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर रंग-गुलाल की होली खेली और मिठाई बांटकर खुशी मनाया। मौके पर जिला प्रदेश सचिव मनोज कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें जिला उपाध्यक्ष राजा पांडे, युधिष्ठिर महतो, भूदेव महतो, महासचिव गोपाल कुमार गुप्ता, महिला नेत्री मीना सिंह, राजकिशोर सिंह, संजय कुमार, गणेश प्रजापति, चांदीकुमार प्रजापति, युवा जिला अध्यक्ष विष्णु महतो, मीडिया प्रभारी मनीष सिंह, बसंत नारायण, नूर आलम, कृष्णा सिंह, शेखर सिंह, श्याम बिहारी राय, राजा बाबू, चंद्रदीप कुमार, ज्ञानी महतो, प्रियांशु कुमार, मनीष कुमार यादव, राहुल पासवान, सौरभ कुमार, चंदन कुमार, सूरज प्रजापति, आदित्य दत्ता, प्रदीप तिवारी, विशाल कुमार, हर्ष कुमार, सुजय कुमार, रवि कुमार, ओम प्रकाश कुमार, जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव दास, चास प्रखण्ड अध्यक्ष महेश कुमार, धर्मेन्द्र महतो आदि उपस्थित थे।

### डीएवी सेक्टर-6 में 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** 12 वीं कक्षा के छात्रों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ वैदिक हवन यज्ञ के साथ हुआ। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक बाल शेखर झा ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर विधिवत हवन यज्ञ संपादित किया। इस कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-4 के प्राचार्य अरूण कुमार झा, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य ब्रह्मदेव प्रसाद उपस्थित थे। प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने सभी विद्यार्थियों के लिए ईश्वर से मांगलिक शुभ कामनाएं की। कहा कि डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 के विद्यार्थी काफी लगन, उत्साह एवं अनुशासन के साथ अपने जीवन में सदैव प्रगति करें। विद्यार्थी जीवन सम्पूर्ण जीवन का अत्यन्त ही सुंदर समय होता है। इस अवस्था में विद्यार्थी पूर्ण शालीनता पूर्वक विद्याग्रहण हासिल करते है। इस कार्यक्रम में 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। वहीं, 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भी अपने बीते अनुभवो को साझा किया। धन्यवाद ज्ञापन जाह्नवी बनर्जी ने और मंच संचालन राहिका, अदिति, स्तुति और विनीता ने किया।

### धनसार चौक व पुराना बाजार में नुक्कड़ नाटक के जरिए किया गया जागरूक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह एवं वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर हीरापुर स्थित रुक्मणि कृष्ण बाल विहार स्कूल में छात्रों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही धनसार चौक व पुराना बाजार में भी नुक्कड़ नाटक के जरिए जागरूक किया गया। ग्रुप बनाकर सड़क पर नहीं चलने, यातायात नियमो का पालन करने, घायलों की मदद करने की बात कही गई।

## नये पुलिस कमिश्नर संजीव पंडा ने कार्यभार संभाला



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ आइपीएस संजीव पंडा ने ट्विन सिटी के नये पुलिस आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला। आइपीएस संजीव पंडा कमिश्नरेट पुलिस कार्यालय पहुंच कर पूर्व पुलिस आयुक्त सौमेंद्र प्रियदर्शी से कार्यभार लिया। इस मौके पर नये आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसी दौरान कटक-भुवनेश्वर के पुलिस अधिकारियों ने नये कमिश्नर से मुलाकात की। उन्होंने 10वें पुलिस आयुक्त के रूप में कटक-भुवनेश्वर की सुरक्षा की कमान संभाली है।

## किट की महिला कर्मियों ने पारंपरिक साड़ियों में 'पट्टाथॉन' मिनी मैराथन में भाग लिया



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत के प्रोत्साहन और प्रेरणा के तहत रविवार सुबह 5,000 महिलाओं ने पारंपरिक साड़ी पहनकर पैटाथॉन मिनी-मैराथन में भाग लिया। यह वार्षिक कार्यक्रम ओडिशा के विभिन्न जिलों और भारत के विभिन्न शहरों में 'सभी के लिए शिक्षा' के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। इस वर्ष मैराथन का आयोजन पूरे ओड़िशा में 55 स्थानों पर किया गया था। मैराथन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित की गयी। मैराथन शिखरचंडी मंदिर चौराहे से शुरू होकर किट क्रिकेट स्टेडियम में समाप्त हुई। डॉ सामंत सहित अन्य अतिथियों द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

# भारतीय राजनीतिक अर्थव्यवस्था संघ का वार्षिक सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर ने 27 और 28 जनवरी 2024 को भू-राजनीति, ऊर्जा, वित्त और लोकतंत्र विषय पर भारतीय राजनीतिक अर्थव्यवस्था संघ (आइपीइए) के 27वें वार्षिक संस्करण सम्मेलन का आयोजन किया। संस्थान के इस ऐतिहासिक पल को चिह्नित करते हुए, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन विद्यापीठ द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पर्यावरण संबंधी मुद्दों, वैश्विक सामाजिक-राजनीतिक असमानताओं और असमानताओं को दूर करने के समाधान जैसे विविध विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस सम्मेलन ने अंतरराष्ट्रीय समष्टि अर्थशास्त्र, वित्त, चुनावों के राजनीतिक अर्थशास्त्र, शासन,



स्वास्थ्य नीतियों, वैश्विक आर्थिक पदचिह्न और अन्य मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा का अवसर प्रदान किया गया। सम्मेलन में विचार-विमर्श भविष्य की अनुसंधान संभावनाओं और प्रस्तावित प्रभावी नीति उपायों पर केंद्रित था, जो भारतीय संदर्भ में समावेशी विकास, स्वास्थ्य और शिक्षा के मुद्दों और शासन विषयों की समस्याओं का समाधान करते हैं। कार्यक्रम के शुभारंभ में इस सम्मेलन के संयोजक और आइआइटी भुवनेश्वर में अर्थशास्त्र के सहायक प्रोफेसर डॉ सिताकांत पांडा के स्वागत भाषण से हुआ। प्रो बलविंदर सिंह तिवाना, आइपीइए हस्ताक्षरकर्ता ने इस कार्यक्रम के महत्व पर बात करते हुए संगठन के इतिहास, और आइपीइए की भावी संभावनाओं के बारे में अपना विचार रखा।

प्रो श्रीपाद करमलकर, निदेशक, आइआइटी भुवनेश्वर ने एक विषय के रूप में राजनीति और दर्शन के सापेक्ष अर्थशास्त्र विषय पर अपने अनुभवों को सबके साथ साझा किया।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि, एसबीआइ समूह के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार, डॉ सौम्या कांति घोष ने भारत में वित्त और विकास के भविष्य के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने चार आईः नवाचार, समावेशिता, निवेश और बुनियादी ढांचा पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ दुखबंधु साहू, मानविकी, सामाजिक विज्ञान और प्रबंधन विद्यापीठ के प्रमुख ने किया। इस अवसर पर ज्यूरिख विश्वविद्यालय के प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों प्रो कथारिना माइकेलोवा और उमास अमहेस्ट के प्रो सीपी चंद्रशेखर द्वारा दो व्याख्यान भी दिये गये। सम्मेलन के समापन सत्र में प्रो आर विजय और प्रो अमरजीत सिंह सिद्धू ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

## केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया निरीक्षण



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ओड़िशा की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान कटक रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के दूसरे प्रवेश द्वार और स्टेशन को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाले मार्ग का निरीक्षण किया। राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से दूसरे प्रवेश द्वार के साथ कटक रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का निरीक्षण करते हुए श्री वैष्णव ने कटक रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास में शामिल अधिकारियों की सराहना की। यह स्टेशन शहर के दोनों किनारों को जोड़ेगा। यह स्टेशन हवाई अड्डे जैसा दिखता है और यात्रियों को आने-जाने के लिए अधिक जगह उपलब्ध करायी गयी है। स्टेशन के राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने से यात्रियों को बेहतर पार्किंग सुविधा के अलावा अधिक सुविधा मिलेगी। इसके अलावा एस्केलेटर, लिफ्ट और सीढ़ियां जैसी आधुनिक सुविधाएं मुहैया करायी जा रही हैं। कटक रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश मार्ग का निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। बाद में श्री वैष्णव स्थानीय लोगों के साथ परमहंस में प्रधानमंत्री के मन की बात के लाइव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे यात्रियों और रेल उपयोगकर्ताओं को सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री वैष्णव ने परमहंस के पास रेलवे लाइन के साथ एप्रोच रोड जैसी जनता की मांगों को पूरा करने की घोषणा की है। श्री वैष्णव ने कंदरपुर में फ्लाईओवर और यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटर की मंजूरी की भी घोषणा की।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
विजय कुमार भुईयां
पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह
झामुमो युवा मोर्चा पंचायत अध्यक्ष,
कंचनपुर, प्रखंड - रंका, जिला - गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
बेबी देवी
मुखिया भवनाथपुर
गढ़वा झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
नन्दजी राम
प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
भवनाथपुर जिला गढ़वा झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
इशरत जहां
मुखिया अरसली उत्तरी प्रखण्ड
भवनाथपुर जिला गढ़वा झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
JRG Bank
झारखण्ड का अपना बैंक
मोहम्मद हसन
शाखा प्रबंधक झारखंड
राज्य ग्रामीण बैंक भवनाथपुर टाउनशिप गढ़वा झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अरसली दक्षिणी पंचायत परिवार
प्रखण्ड भवनाथपुर , गढ़वा झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
मूंगा साह
मुखिया मुकुंदपुर सह भाजपा नेता
प्रखण्ड केतार (गढ़वा) झारखंड

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अजय कुमार यादव
मेसर्स शिवपूजन फ्यूल्स
भवनाथपुर जिया गड़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अमित कुमार
प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड
भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
जेम्स कुजूर
प्रधानाध्यापक
मिशन मध्य विद्यालय भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
शशिकांत राम
प्रधानाध्यापक
+2 उच्च विद्यालय
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
राजेंद्र राम
पंचायत सचिव जेनेवा
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
हरिदास तिर्की
झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
किरण पुष्पा गिद्ध
प्रधानाध्यापक राजकीय मध्य विद्यालय
सरैडी प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
रामबली राम
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिन्दा
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
शशि कला कुजूर
उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लहगुड़वा
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अनिल प्रसाद
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय परों
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
केश्वर क्रिकेटर विश्व स्त्री
सदस्य प्रखंड भंडारिया
जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
श्रवण कुजूर
रोजगार सेवक पंचायत
बिजका प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भीम यादव
संत जेवियर्स इंग्लिश मीडियम हाई इस्कूल मदगडी
क प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
प्रशांत सिंह -
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय नागनाहा
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अर्जुन सिंह
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय हारता 2
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
सुदामा राम
पारा शिक्षक
राजकीय मध्य विद्यालय मडगाड़ी क प्रखंड
भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
राकेश भूषण सिंह
अंचल पदाधिकारी
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
अरुण कुमार टोप्पो
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित उच्च विद्यालय रोदो
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
प्रभु दयाल राम
पंचायत सचिव मदगडी का
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
संतोष टोप्पो
संत जेवियर इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल
जमोती प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy Republic Day
जगदानंद सिंह
प्रधानाध्यापक
उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिंजो
प्रखंड भंडारिया जिला गढ़वा

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**